सूर्योदय 6:54 सूर्यास्त 6:15

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.0 न्यू | 19.0 अधि |
| धर्मशाला | 11.0 न्यू | 21.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,295 |
| निफ्टी | 25,713 |

सोना 1,58,428 चांदी 2,65,550

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 24 फरवरी 2026 | 13 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 58, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### एआई समिट हंगामा: 5वां आरोपी एमपी से अरेस्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन मामले में दिल्ली पुलिस ने 5वीं गिरफ्तारी की है। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से यूथ कांग्रेस नेता जीतेंद्र यादव को गिरफ्तार किया। इसके अलावा 2 और सदस्यों को हिरासत में लिया है। सोमवार को पुलिस ने इंडियन यूथ कांग्रेस के दिल्ली अध्यक्ष उदय भानु चिब से भी पूछताछ की है। ग्वालियर से हिरासत में लिए गए दो लोगों ने राजा गुर्जर और अजय कुमार के नाम शामिल हैं। आरोप है कि ये सभी शर्टलैस प्रदर्शन में शामिल थे। वीडियो के जरिए इनकी पहचान की गई है। दिल्ली की तिलक नगर थाना ने यह एक्शन लिया है। सभी को दिल्ली लाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### नेपाल: बस हाईवे से नदी में गिरी, 18 की गई जान

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल के धादिंग जिले में सोमवार देर रात एक बस हाईवे से नदी में गिर गई। नेपाली मीडिया के मुताबिक हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला विदेशी नागरिक शामिल हैं। हालांकि, यह किस देश से थे और इनके नाम अभी सामने नहीं आए हैं। आर्म्ड पुलिस फोर्स के मुताबिक, अब तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं। बाद में एक अन्य यात्री की मौत की पुष्टि हुई, जिससे मृतकों का आंकड़ा 18 हो गया। हादसे में घायल लोगों को रेस्क्यू कर अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अब तक मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। (अनंत ज्ञान)

### अविमुक्तेश्वरानंद बोले मैं कहीं नहीं भाग रहा

**एजेंसी, प्रयागराज।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बच्चों से यौन शोषण की एफआईआर होने के बाद प्रयागराज पुलिस ने जांच तेज कर दी है। प्रयागराज पुलिस की एक टीम ने हरदोई में पीड़ित के परिवार का बयान लिया है। दूसरी टीम सोमवार दोपहर पुलिस टीम वाराणसी पहुंची। टीम शंकराचार्य से पूछताछ कर सकती है। जरूरत पड़ने पर गिरफ्तार भी कर सकती है। उधर, सोमवार सुबह शंकराचार्य ने वाराणसी के आश्रम में वकीलों के साथ बैठक की। माना जा रहा, गिरफ्तारी से बचने के लिए वह हाईकोर्ट का रुख कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली विधानसभा को बम ब्लास्ट की धमकी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को पर्सनल ई-मेल पर दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। दिल्ली विधानसभा के आधिकारिक एक्स हैंडल से इसकी जानकारी दी गई है, साथ ही कहा गया है कि इस बारे में संबंधित सुरक्षा विभाग को भी बताया गया है। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष ने दिल्ली पुलिस आयुक्त को एक चिट्ठी भी लिखी है, जिसमें आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- घणाहट्टी को मिली 24 करोड़ रुपए की सौगात -पेज 2
- '65 साल से केवल आश्वासन ही मिले, हक नहीं' -पेज 3
- पुल की लोहे की चादरें व रेलिंग मरम्मत की जोह रही बाट -पेज 11
- सुबाथू रोड की खस्ताहालत पर भाजपा का धरना-प्रदर्शन -पेज 12

# आतंकवाद पर सख्त 'प्रहार'

## केंद्र ने जारी की भारत की पहली राष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी नीति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

गृह मंत्रालय ने सोमवार को भारत की पहली राष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी नीति जारी की। इसका नाम 'प्रहार' रखा है। आठ पेज की इस नीति में आतंकी हमलों को रोकने पर खास जोर दिया गया है। साथ ही खतरे के मुताबिक तेज और संतुलित कार्रवाई की बात कही गई है। केंद्र ने पहले पेज पर इंट्रोडक्शन और प्रहार का फुल फॉर्म बताया है। इंट्रोडक्शन में लिखा है, 'कुछ पड़ोसी देशों ने आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति के एक औजार के रूप में इस्तेमाल किया है। फिर भी भारत आतंकवाद को किसी खास धर्म, जाति, देश या सभ्यता से जोड़कर नहीं देखता।'

नीति में कहा गया है कि आतंकी इंटरनेट का इस्तेमाल आपस में संपर्क, संगठन में भर्ती और जिहाद के महिमामंडन के लिए करते हैं। सरकार ने नीति में भारत की जीरो टॉलरेंस नीति दोहराई है। इसमें कहा गया है कि आतंकवाद को किसी भी धार्मिक, जातीय या वैचारिक आधार पर सही नहीं ठहराया जा सकता। सरकार ने प्रहार में कहा है कि भारत हर तरह के आतंकवाद की हमेशा कड़ी निंदा करता रहा है। नीति में आतंकवाद को रोकने और उससे निपटने के लिए एक व्यवस्थित और खुफिया जानकारी पर आधारित स्ट्रक्चर बताया गया है। सरकारी एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)



### विदेश से रची जाती हैं भारत के खिलाफ साजिशें

**नीति** में कहा गया है कि विदेशों की जमीन से काम करते हुए आतंकियों ने भारत में हिंसा फैलाने की साजिशें रची हैं। उनके संचालक (हैंडलर) ड्रोन समेत नई तकनीकों का इस्तेमाल कर पंजाब और जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों और हमलों को अंजाम देने में मदद करते हैं। इसमें यह भी कहा गया है कि आतंकी संगठन अब तेजी से संगठित आपराधिक गिरोहों की मदद ले रहे हैं, ताकि लॉजिस्टिक सपोर्ट और भर्ती के जरिए भारत में आतंकी हमले कर सकें।

### आतंकवाद-विरोधी नीति के मेन प्वाइंट

**नीति** में सरकार के साथ पूरे समाज की भागीदारी वाला तरीका अपनाने की बात कही गई है। आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले कट्टरपंथ जैसे हालात को खत्म करने पर भी ध्यान देने की बात कही गई है।

**इसमें** कहा गया है कि राष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी नीति का मुख्य मकसद भारतीय नागरिकों और देश के हितों की रक्षा के लिए आतंकी हमलों को रोकना है। इसके अलावा खतरे के मुताबिक तेज और संतुलित जवाब देना है।

**नीति** में कहा गया है कि आतंक के खिलाफ सरकार के अलग-अलग विभागों की ताकत को मिलाकर काम करना है। खतरों से निपटने के लिए मानवाधिकार और कानून आधारित प्रक्रियाएं अपनानी हैं।

**आतंकवाद-विरोधी** नीति का हिस्सा कट्टरपंथ समेत आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले कारणों को कम करना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ प्रयासों में तालमेल बैठाना भी है।

**नीति** में कहा गया है कि भारत सक्रिय और खुफिया जानकारी पर आधारित रणनीति अपनाता है। इसमें मल्टी एजेंसी सेंटर की अहम भूमिका है।

**इंटेलिजेंस** ब्यूरो के तहत काम करने वाली जॉइंट टास्क फोर्स ऑन इंटेलिजेंस का भी जिक्र है, जो देशभर में रियल-टाइम खुफिया जानकारी साझा करने और संयुक्त कार्रवाई के लिए काम करते हैं।

**'प्रहार'** में सरकार ने कहा है कि भारत को पानी, जमीन और हवा-तीनों मोर्चों पर आतंकी खतरे का सामना है। सीमा सुरक्षा बल आधुनिक तकनीक और उपकरणों से लैस हैं।

**बिजली,** रेलवे, विमानन, बंदरगाह, रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे अहम क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए क्षमता बढ़ाई गई है।

**नीति** में अल-कायदा और आईएस जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों के खतरे का भी जिक्र है। इसमें एन्क्रिप्शन, डार्क वेब और क्रिप्टो वॉलेट जैसी तकनीकों को भी चुनौती बताया गया है।

**पॉलिसी** में कहा गया है कि रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल, परमाणु, विस्फोटक और डिजिटल सामग्री तक पहुंच रोकना अभी भी बड़ी चुनौती है।

# 'इंदिरा गांधी मातृ-शिशु संकल्प' योजना शुरू करेगी सुक्खू सरकार

## 207.11 करोड़ से 3 लाख माताएं-बच्चे होंगे लाभान्वित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने और कुपोषण की समस्या के स्थायी समाधान के उद्देश्य से 'इंदिरा गांधी मातृ-शिशु संकल्प योजना' शुरू करने का निर्णय लिया है। 207.11 करोड़ रुपए की लागत से संचालित होने वाली इस महत्त्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत छह वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं को उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन, आवश्यक कैलोरी और महत्त्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्वों से युक्त पूरक पोषण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना के तहत राज्य में करीब तीन लाख पात्र माताओं और बच्चों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



जानकारी के अनुसार, यह योजना जीवन के पहले एक हजार दिनों की संवेदनशील अवधि पर विशेष ध्यान केंद्रित करेगी, ताकि पीढ़ी-दर-पीढ़ी चल रहे कुपोषण के चक्र को तोड़ा जा सके। गंभीर एवं मध्यम तीव्र कुपोषित बच्चों, कम जन्म वजन वाले शिशुओं और अन्य उच्च जोखिम समूहों की शीघ्र पहचान, निरंतर निगरानी तथा प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए सुदृढ़ संदर्भन एवं अनुवर्ती तंत्र विकसित किया जाएगा, जिससे शिशु मृत्यु दर और रोगग्रस्तता में कमी लाने के साथ समग्र पोषण स्तर में सुधार संभव हो सके।

योजना के तहत वैज्ञानिक रूप से तैयार फोर्टिफाइड खाद्य प्रीमिक्स उपलब्ध कराए जाएंगे, जो भारत सरकार के संशोधित पोषण मानकों के अनुरूप होंगे। प्रोटीन एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए दूध और अंडे भी प्रदान किए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री सुक्खू के स्वास्थ्य में सुधार



**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के स्वास्थ्य में अब सुधार बताया जा रहा है। बीते दिनों पेट में दर्द की शिकायत के बाद वह नई दिल्ली स्थित एम्स में जांच के लिए पहुंचे थे। चिकित्सकों की देखरेख में उनका परीक्षण किया गया और प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सभी जांच रिपोर्ट सामान्य आई हैं। डॉक्टरों ने उन्हें एहतियातन कुछ समय आराम करने की सलाह दी है। बताया जा रहा है कि वह एक-दो दिन में शिमला लौट सकते हैं। उनके प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने स्पष्ट किया है कि चिंता की कोई बात नहीं है और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के तहत ही वह अस्पताल गए थे।

# ज्यादा छुट्टियां करने पर अदिति को एसपी विजिलेंस धर्मशाला से हटाया

अनंत ज्ञान

◆ एएसपी ब्रह्म दास भाटिया को सौंपा गया अतिरिक्त प्रभार

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की नॉर्दर्न रेंज धर्मशाला में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सरकार ने एसपी विजिलेंस धर्मशाला के पद का अतिरिक्त कार्यभार एएसपी विजिलेंस धर्मशाला ब्रह्म दास भाटिया को सौंप दिया है। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक कार्यालय की ओर से औपचारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं, जो तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। जारी आदेशों में उल्लेख किया गया है कि आईपीएस अधिकारी एवं एसपी विजिलेंस धर्मशाला अदिति सिंह पिछले तीन महीनों के दौरान बार-बार अवकाश पर रहीं। आदेश के अनुसार इस अवधि में उन्होंने कुल 24 दिन की छुट्टी ली, जिनमें 13 दिन अर्जित अवकाश, 6 दिन आकस्मिक अवकाश तथा 5 दिन चिकित्सीय अवकाश शामिल हैं। इसके अतिरिक्त दिसंबर 2025 में मध्य करियर संवाद कार्यक्रम में भाग लेने के कारण भी वे मुख्यालय से बाहर रहीं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि लगातार अनुपस्थिति के कारण कार्यालय के नियमित कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था।



अदिति सिंह

# किश्तवाड़ में टेरर नेटवर्क का खात्मा

## सेना बोली- 326 दिन तक चला ऑपरेशन, 7 आतंकी मार गिराए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर 7 आतंकियों की फोटो पोस्ट की और लिखा है कि 326 दिन के बाद किश्तवाड़ से आतंक के नेटवर्क का खात्मा कर दिया गया है। पोस्ट में कहा गया है कि इन आतंकियों में जैश का कमांडर सैफुल्लाह भी मारा गया है। सैफुल्लाह किश्तवाड़ में आतंक का सरगना था। व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि किश्तवाड़ में उनके अलावा जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ समेत सेना की इंटेलीजेंस एजेंसी भी शामिल रहीं।

गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चतरू इलाके में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई।



इसमें 3 आतंकी मारे गए थे। इससे पहले 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था। उधमपुर में भी गुफा में छिपे जैश के 2 आतंकियों को ग्रेनेड विस्फोट में मार गिराया था।

किश्तवाड़ में चलाए गए एनकाउंटर में इंडियन आर्मी के 2 पैरा के के-9 डॉग टायसन को भी गोली लगी है। गोली लगने के बावजूद, टायसन ने ऑपरेशन जारी रखा। उसे बेहतर इलाज के लिए बेस हॉस्पिटल ले जाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### जैश का कमांडर सैफुल्लाह भी ढेर

**सिक्योरिटी** एजेंसियों के शुरुआती अंदाजों से पता चलता है कि रविवार को मारे गए तीन आतंकवादियों में से एक सैफुल्लाह था, जो खुद को जैश ए मोहम्मद का कमांडर बताता था। कहा जाता है कि सैफुल्लाह ने लगभग पांच साल पहले जम्मू और कश्मीर में घुसपैठ की थी। वह सिक्योरिटी फोर्सेस पर कई जानलेवा हमलों का मास्टरमाइंड था, जिसमें जुलाई 2024 का हमला भी शामिल है, जिसमें चार सैनिक मारे गए थे।



# जोगिंद्रनगर में मां-बेटी ने खाया जहर, हालत नाजुक

अनंत ज्ञान

◆ घरेलू कलह से आहत होकर उठाया कदम, दोनों टांडा रेफर

**जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के भराड़ू क्षेत्र के आलगा-बाड़ी गांव में मां-बेटी द्वारा जहरीला पदार्थ निगलने का मामला सामने आया है। घटना के बाद दोनों की हालत बिगड़ने पर 108 एंबुलेंस की सहायता से उन्हें सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, 52 वर्षीय सुमना देवी और उनकी बेटी पूनम ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक सुमना देवी की हालत नाजुक बनी हुई है, जबकि बेटी की स्थिति भी चिंताजनक बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सुमना देवी के पति बेसर राम काम के सिलसिले में अधिकतर समय बाहर रहते हैं।

आरोप है कि घर आने पर वे शराब के नशे में परिवार के साथ मारपीट और गाली-गलौज करते थे। प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद को घटना का कारण माना जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

# हिमाचल में फरवरी में 83% कम बरसे बादल

## अगले सप्ताह भी बारिश की संभावना न के बराबर, तापमान में दर्ज किया गया उछाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में जनवरी के तीसरे सप्ताह में जरूर अच्छी बारिश-बर्फबारी हुई, लेकिन फरवरी में दोबारा सूखे जैसे हालात बन रहे हैं। एक से 22 फरवरी के बीच सामान्य से 81 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, 22 फरवरी तक 75.5 मिलीमीटर सामान्य वर्षा होती है, लेकिन इस बार केवल 14.4 मिलीमीटर बारिश हुई है।

सोमवार को दिन के समय तापमान में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई और अधिकांश स्थानों पर मौसम शुष्क बना रहा। राज्य में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश का सबसे अधिक तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस नेरी में दर्ज किया गया, जो इस समय के औसत से अधिक है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 4.1 डिग्री अधिक रहा।

राजधानी शिमला में अधिकतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जबकि सुंदरनगर और भुंतर में 24.8 डिग्री, ऊना में 27.6 डिग्री, मंडी में 26.6 डिग्री और कांगड़ा में 25.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। मनाली में 17.8 डिग्री और कल्पा में 14.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा। मौसम विभाग शिमला के अनुसार आगामी एक सप्ताह तक मौसम मुख्यत: साफ रहने की संभावना है, हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आंशिक बादल छाने और हल्की वर्षा अथवा हिमपात की संभावना बन रही है।

### सोलन में सामान्य से 94 प्रतिशत कम बारिश



**सोलन** जिले में सामान्य से 94 प्रतिशत कम, सिरमौर में 93 प्रतिशत, ऊना में 92 प्रतिशत, बिलासपुर में 91 प्रतिशत, चंबा 86 प्रतिशत, हमीरपुर 83 प्रतिशत, कांगड़ा 88, किन्नौर 79, कुल्लू 66, लाहौल स्पीति 83, मंडी 68 प्रतिशत और शिमला में सामान्य से 76 फीसदी कम बादल बरसे हैं। पूरे विंटर सीजन (1 जनवरी से 22 फरवरी) में भी सामान्य से 37 प्रतिशत कम बादल बरसे हैं। इस अवधि में 160.8 मिलीमीटर सामान्य बारिश होती है, लेकिन इस बार 101.9 मिलीमीटर वर्षा हुई है। द्वख्र के अनुसार- अगले एक सप्ताह तक भी अच्छी बारिश-बर्फबारी के आसार नहीं है। इससे किसानों-बागवानों की चिंताएं बढ़ती जा रही है।

# फिजिकल रिलेशन के बाद शादी से मना करना अपराध : दिल्ली हाईकोर्ट

## कहा- कुंडली न मिलने का बहाना देकर इनकार नहीं कर सकते

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली हाइकोर्ट ने कहा कि फिजिकल रिलेशन के बाद शादी मना करना एक अपराध है। कोर्ट ने ये बात एक व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई को दौरान कही। कोर्ट ने कहा कि कुंडली मेल न खाने की वजह से शादी से मना करने पर भारतीय न्याय संहिता का सेक्शन 69 लग सकता है, जो धोखे से सेक्सुअल इंटरकोर्स को अपराध मानता है।

जज ने कहा कि आरोपी ने प्रॉसिक्यूटर को बार-बार भरोसा दिलाया था कि उनकी शादी में कोई रुकावट नहीं है, जिसमें कुंडली मैच करना भी शामिल है। आरोपी ने इस आधार पर बेल मांगी कि रिश्ता आपसी सहमति से था, और दोनों एक-दूसरे को आठ साल से जानते थे। कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ रिश्ते खराब होने का मामला नहीं था, बल्कि आवेदक को कुंडली मिलाने पर उसके परिवार के जोर देने के बारे में पता होने के बावजूद बार-बार शादी का भरोसा दिया गया था। (अनंत ज्ञान)



### वकील ने कहा- नहीं बनता रेप का मामला

**आवेदक** के वकील ने कहा था कि शादी का झूठा बहाना बनाकर रेप करने का मामला नहीं बनता और उसे रेगुलर बेल मिलनी चाहिए। अपने ऑर्डर में कोर्ट ने कहा कि प्रॉसिक्यूटर ने पहली कंप्लेंट नवंबर 2025 में दर्ज कराई थी। कोर्ट ने कहा कि आरोपी और उसके परिवार द्वारा कथित तौर पर शादी का भरोसा दिए जाने पर ही वापस ले ली गई थी और बाद में कुंडली न मिलने के आधार पर शादी करने से मना कर दिया गया था। मौजूदा एफआईआर जनवरी 2026 में दर्ज की गई थी।

# रहमान के प्रधानमंत्री बनते ही बांग्लादेशी सेना में बड़ा बदलाव

**एजेंसी, ढाका**

◆ भारत से रक्षा सलाहकार को वापस बुलाकर प्रमोशन दिया

◆ लेफ्टिनेंट जनरल मैनूर रहमान चीफ ऑफ जनरल स्टाफ

बांग्लादेश का प्रधानमंत्री बनने के कुछ दिन बाद ही तारिक रहमान ने सेना में बड़े पैमाने पर फेरबदल किया गया है। रविवार को जारी आदेशों में ऑपरेशनल और इंटेलिजेंस पदों पर नई नियुक्तियां की गईं।

भारत में तैनात रक्षा सलाहकार ब्रिगेडियर जनरल एमडी हाफिजुर रहमान को मेजर जनरल पद पर प्रमोट किया गया है। उन्हें वापस बुलाकर 55वीं इंफैंट्री डिविजन का जनरल ऑफिसर कमांडिंग नियुक्त किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल मुहम्मद मैनूर रहमान को सेना का चीफ ऑफ जनरल स्टाफ बनाया गया है। वे इससे पहले आर्मी ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमांड के प्रमुख थे। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल मिजानुर रहमान शमीम की जगह ली है, जिन्हें रिटायरमेंट लीव पर भेज दिया गया था।

मेजर जनरल कैसर राशिद चौधरी को डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फोर्सेस इंटेलिजेंस का डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। उन्होंने मेजर जनरल मोहम्मद जहांगीर आलम की जगह ली है, जिन्हें फिलहाल विदेश मंत्रालय में राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। (अनंत ज्ञान)

**ई-नीलामी** पहली बार ऑनलाइन प्रक्रिया से होगा खुदरा इकाइयों का आवंटन, मार्च 2027 तक लागू रहेगी व्यवस्था

# हिमाचल में पहली बार शराब ठेकों की ई-नीलामी का आगाज

अनंत ज्ञान

◆ तय समयसारिणी के तहत होंगी ऑनलाइन बोलियां

◆ डिजिटल हस्ताक्षर अनिवार्य नीति, निर्देश पढ़ने की अपील

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश में पहली बार खुदरा शराब इकाइयों के आवंटन के लिए ई-नीलामी प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ हो गया है। सोमवार से शुरू हुई यह ऑनलाइन प्रणाली 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक प्रभावी रहेगी। राज्य सरकार ने पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा और राजस्व वृद्धि को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष खुदरा शराब ठेकों का आवंटन पूर्णत: डिजिटल माध्यम से करने का निर्णय लिया है।

अब इच्छुक बोलीदाता अपने घर अथवा कार्यालय से ही ऑनलाइन प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे, जिससे आवंटन की व्यवस्था अधिक सुगम और पारदर्शी बन सकेगी।



### यह रही जिलावार ई-नीलामी की पूरी प्रक्रिया

**जानकारी** के अनुसार, पहले चरण में किन्नौर, हमीरपुर और चंबा जिलों के लिए ई-नीलामी की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। इन जिलों की इकाइयों हेतु ऑनलाइन आवेदन 26 फरवरी सायं 6:15 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे, जबकि दस्तावेजों की जांच 25 फरवरी सायं 6:30 बजे से 27 फरवरी सायं 6:55 बजे तक की जाएगी। इन इकाइयों की नीलामी 28 फरवरी को होगी। दूसरे चरण में सिरमौर, ऊना और बद्दी जिलों के लिए आवेदन 24 फरवरी सायं 6:55 बजे से 26 फरवरी सायं 6:15 बजे तक लिए जाएंगे। दस्तावेजों का परीक्षण 26 फरवरी से 28 फरवरी तक किया जाएगा और नीलामी 2 मार्च को प्रातः 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक आयोजित होगी। तीसरे चरण में सोलन, कांगड़ा और बिलासपुर जिलों के लिए आवेदन 25 फरवरी से 27 फरवरी तक स्वीकार किए जाएंगे। दस्तावेजों की जांच 27 फरवरी सायं 6:30 बजे से 2 मार्च सायं 6:55 बजे तक चलेगी तथा नीलामी 3 मार्च को प्रातः 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक होगी। इसी क्रम में मंडी और नूरपुर के लिए आवेदन 26 फरवरी सायं 6:55 बजे से 28 फरवरी सायं 6:15 बजे तक आमंत्रित किए गए हैं। अंतिम चरण में शिमला और कुल्लू जिलों के लिए आवेदन 27 फरवरी सायं 6:55 बजे से 3 मार्च सायं 6:15 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे।

### ई-नीलामी पोर्टल पर उपलब्ध हैं दिशा-निर्देश

**विभागीय** जानकारी के अनुसार, ई-नीलामी पोर्टल का लिंक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट तथा आबकारी ई-गवर्नेंस पोर्टल पर उपलब्ध है। बोलीदाताओं को निर्धारित पोर्टल पर वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के माध्यम से पंजीकरण करना अनिवार्य होगा। साथ ही इच्छुक आवेदकों को आबकारी नीति 2026-27, मानक संचालन प्रक्रिया और उपयोगकर्ता पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ने की सलाह दी गई है। ये सभी दस्तावेज संबंधित पोर्टल पर उपलब्ध रहेंगे, ताकि पूरी प्रक्रिया सुचारु, पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके।

# घणाहट्टी को मिली 24 करोड़ की सौगात

## लोक निर्माण एवं शहरी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने किए विभिन्न परियोजनाओं के शिलान्यास

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के घणाहट्टी में विकास की नई इबारत लिखी गई जब लोक निर्माण एवं शहरी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने एक दिवसीय प्रवास के दौरान 24 करोड़ रुपए से अधिक लागत की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने राष्ट्रीय उच्च मार्ग-205 पर घणाहट्टी से दाड़लाघाट के बीच 4 करोड़ 67 लाख रुपए की लागत से रिटेनिंग वाल निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।

इसके अतिरिक्त घणाहट्टी बाज़ार में 37 लाख 66 हजार रुपये की लागत से पेवर एवं जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य प्रारंभ किया गया। चक्कर से दाड़लाघाट तक 13 किलोमीटर क्षेत्र में लगभग 12 करोड़ 86 लाख रुपये की मेटलिंग और टारिंग परियोजना भी शुरू की गई, जबकि 2 करोड़ 12 लाख रुपए के अन्य विकास कार्य भी स्वीकृत किए गए।



मंत्री विक्रमादित्य सिंह जनसभा को संबोधित करते हुए। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम के दौरान टाटा पावर और उषा इंटरनेशनल के सहयोग से हेल्पिंग हैंड वेलफेयर एंड एजुकेशन ट्रस्ट के माध्यम से 300 महिला उद्यमियों को सिलाई किट वितरित की गईं। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि आज की नारी अपने श्रम और हुनर से समाज और परिवार दोनों का सहारा बन रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वरोज़गार से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है और ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देते हैं। मंत्री ने संस्था को अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने के लिए नया परियोजना प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए और हरसंभव सरकारी सहयोग का आश्वासन दिया।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश ने हाल के वर्षों में दो बड़ी आपदाओं का सामना किया, जिनसे हजारों करोड़ रुपए का नुकसान हुआ, किंतु इसके बावजूद शिमला ग्रामीण क्षेत्र में 375 करोड़ रुपये के विकास कार्य संपन्न कराए गए। घणाहट्टी पंचायत में पिछले तीन वर्षों में 18 लाख रुपये विकास कार्यों पर व्यय किए गए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बड़े शिक्षण संस्थानों की उपस्थिति से शिमला ग्रामीण की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो रही है और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

### नशा मुक्ति में महिलाओं से सहभागिता का आह्वान

**लोक** निर्माण मंत्री ने बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए महिलाओं से समाज को इस बुराई से बचाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में नशे से संबंधित कोई सूचना मिले तो उसे तुरंत पुलिस और प्रशासन तक पहुंचाया जाए ताकि समय रहते कार्रवाई संभव हो सके। इस अवसर पर उन्होंने विधायक निधि से घणाहट्टी पंचायत को 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। मंत्री ने महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जनसमस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रभा वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक और अधिकारी उपस्थित रहे।

◆ आपदा के बावजूद शिमला ग्रामीण में 375 करोड़ के किए विकास कार्य

# रामपुर बुशहर में गोलीकांड का आरोपी गिरफ्तार

## मामूली विवाद में चली गोली, बाल-बाल बचा व्यक्ति, इलाके में दहशत

अनंत ज्ञान

◆ डीएसपी नरेश शर्मा बोले- गहन जांच जारी

◆ विशेषज्ञों की टीम एकत्रित कर रही भौतिक साक्ष्य

**रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत धार गौरा क्षेत्र के डोईगाड में गोलीकांड करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को सोमवार को न्यायालय में पेश किया है। आरोपी की पहचान सुरेश कुमार शर्मा पुत्र प्रेम लाल शर्मा निवासी गांव फुंजा, डाकघर मझेवली, तहसील रामपुर बुशहर, जिला शिमला के रूप में हुई है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है।

जानकारी के अनुसार गोली चलाने वाला आरोपी सुरेश शर्मा, गांव फुन्जा का निवासी बताया जा रहा है, जबकि पीड़ित की पहचान राजेश डोगरा निवासी फनोटी डोभी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविवार को प्रात: काल के समय दोनों के बीच किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी हुई थी। पीड़ित राजेश डोगरा का आरोप है कि बहस के दौरान सुरेश शर्मा ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। बताया जा रहा है कि जब राजेश डोगरा ने आरोपी को पिस्टल के साथ देखा तो वह डरकर मौके से भागने लगा। इसी दौरान आरोपी ने पीछे से उस पर फायरिंग कर दी। गोली राजेश डोगरा के सिर को छूते हुए निकल गई और पास में खड़ी एक गाड़ी के शीशे से जा टकराई। गनीमत यह रही कि राजेश डोगरा इस हमले में बाल-बाल बच गए। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया आरोपी की पहचान सुरेश कुमार शर्मा पुत्र प्रेम लाल शर्मा निवासी गांव फुंजा, डाकघर मझेवली, तहसील रामपुर बुशहर, जिला शिमला के रूप में हुई है। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया हैं।

उपरोक्त घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है, तथा गोली चलाने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की है। आरोपी को न्यायालय केसमक्ष प्रस्तुत किया गया। वहीं, विशेषज्ञों की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर भौतिक साक्ष्य एकत्रित कर रही है । आरोपी द्वारा उपयोग किए गए हथियार के संबंध में विस्तृत पूछताछ जारी है।

डीएसपी रामपुर नरेश शर्मा ने बताया कि मामले में जांच जारी है।पूरे क्षेत्र में भय का माहौल फैल गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है तथा गोली चलाने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है। आरोपी को न्यायालय के के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वहीं, विशेषज्ञों की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर भौतिक साक्ष्य एकत्रित कर रही है।

# आंगनबाड़ी कर्मियों का जोरदार प्रदर्शन

## लंबित मांगों पर घेरा विभाग, वेतन देरी-अतिरिक्त कार्य का उठाया मुद्दा



मांगों को लेकर प्रदर्शन करते आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स यूनियन के सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स यूनियन (संबंधित सीटू) प्रोजेक्ट कमेटी, शिमला ने सोमवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक कार्यालय शिमला के बाहर अपनी लंबित मांगों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी वर्कर्स और हैल्पर्स ने भाग लिया तथा विभाग की उदासीनता के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने विभाग के निदेशक को मांग पत्र सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कर्मियों से लगातार अतिरिक्त कार्य लिया जा रहा है, जबकि उन्हें मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं करवाई जा रहीं। कई-कई महीनों तक वेतन नहीं मिलने से कर्मियों को गंभीर आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। खराब और पुराने मोबाइल फोन, लंबित रिचार्ज भुगतान, स्टेशनरी तथा रसोई सामग्री की कमी, कम ढुलाई दर और प्रोत्साहन राशि में देरी से कर्मियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।

यूनियन ने आंगनबाड़ी कर्मी हर्षा की ड्यूटी के दौरान हुई मृत्यु पर 50 लाख रुपए का मुआवजा देने और परिवार के एक सदस्य को करुणामूलक आधार पर नौकरी देने की मांग भी प्रमुखता से उठाई। नेताओं ने कहा कि यह केवल आर्थिक सहायता का प्रश्न नहीं, बल्कि सेवा के दौरान जान गंवाने वाले कर्मी के सम्मान का मुद्दा है।

# मंदिर से दानपात्र चोरी सीसीटीवी में कैद वारदात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की राजधानी के छोटा शिमला क्षेत्र में एक मंदिर से दानपात्र चोरी होने की घटना सामने आई है, जिसने स्थानीय लोगों में रोष और चिंता पैदा कर दी है। सोमवार सुबह लगभग छह बजे हुई इस वारदात का पूरा दृश्य मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। फुटेज में एक युवक मंदिर के बाहर रखा दानपात्र उठाकर ले जाता हुआ दिखाई दे रहा है। घटना का वीडियो सामाजिक माध्यमों पर भी तेजी से प्रसारित हो रहा है, जिससे लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। उल्लेखनीय है कि संबंधित मंदिर पुलिस थाने से कुछ ही दूरी पर स्थित है, इसके बावजूद इस तरह की घटना ने सुरक्षा इंतजामों पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

मंदिर प्रशासन ने मामले की शिकायत संबंधित थाने में दर्ज करा दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फुटेज की बारीकी से जांच की जा रही है तथा आसपास के क्षेत्रों में भी पूछताछ की जा रही है, ताकि जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जा सके। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# कन्या स्कूल कोटखाई के विलय पर सियासी संग्राम तेज

## परीक्षा सत्र में फैसले पर उठे सवाल, शिक्षा मंत्री से मांगा जवाब, मुख्यमंत्री से पुनर्विचार का आग्रह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के युवा नेता चेतन बरागटा ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटखाई के विलय के निर्णय को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह केवल प्रशासनिक फेरबदल नहीं, बल्कि हजारों छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों के भविष्य से जुड़ा संवेदनशील मसला है। उन्होंने शिक्षा मंत्री से स्पष्ट करने को कहा कि विद्यालयों के विलय या बंद करने के लिए सरकार ने कौन-से मापदंड तय किए हैं और क्या वे सार्वजनिक किए गए हैं। उन्होंने मांग की कि अभिभावकों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और हिमाचल प्रदेश विद्यालय शिक्षा बोर्ड, दोनों विकल्प उपलब्ध कराए जाएं ताकि विद्यार्थियों का शैक्षणिक भविष्य सुरक्षित रह सके।

बरागटा ने परीक्षा सत्र के बीच ऐसे निर्णय लिए जाने पर गहरी चिंता जताई। उनका कहना था कि



प्रेसवार्ता करते हुए भाजपा नेता चेतन बरागटा। अनंत ज्ञान

इस प्रकार के कदम से विद्यार्थियों पर अनावश्यक मानसिक दबाव बढ़ता है और उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि सरकार को बच्चों के हित को सर्वोपरि मानते हुए किसी भी निर्णय से पहले व्यापक विचार-विमर्श करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना जनसंवाद के लिया गया निर्णय शिक्षा व्यवस्था में अस्थिरता पैदा कर सकता है। उन्होंने शिक्षकों और सहायक कर्मियों के भविष्य को लेकर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि स्पष्ट स्थानांतरण नीति के अभाव में कर्मचारियों को असमंजस की स्थिति में धकेला जा रहा है। साथ ही उन्होंने उस विद्यालय की आधारभूत सुविधाओं पर भी प्रश्नचिह्न लगाया, जहां छात्राओं को समायोजित करने की बात कही जा रही है। क्या वहां पर्याप्त कक्षाएं, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, पेयजल और सुरक्षित परिवेश उपलब्ध है? यदि सड़क और यातायात व्यवस्था संतोषजनक नहीं है तो छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा, यह भी सरकार स्पष्ट करे।

### जनभावनाओं के संवाद और सम्मान की मांग

**बरागटा** ने कहा कि ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व रखने वाले शिक्षण संस्थानों के साथ निर्णय लेते समय जनभावनाओं का सम्मान अनिवार्य है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि अभिभावकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर सकारात्मक समाधान निकाला जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आवश्यकता पड़ने पर कानूनी पहलुओं की जांच की जाएगी ताकि शिक्षा के अधिकार से कोई समझौता न हो। उन्होंने कहा कि हजारों लोगों ने उन पर विश्वास जताया है और वे जनता के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करते रहेंगे।

# हिमाचल में सीबीएसई विद्यालयों में तैनाती से शिक्षकों के मूल कैडर में नहीं होगा कोई बदलाव

अनंत ज्ञान

◆ वरिष्ठता, पदोन्नति और सेवा अधिकार पूर्ववत रहेंगे सुरक्षित

◆ स्क्रीनिंग परीक्षा के बाद मिलेगा उप-कैडर में जाने का विकल्प

◆ पदोन्नति पर दोनों प्रकार के विद्यालयों में रहेगा तैनाती का अवसर

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सरकारी सीबीएसई विद्यालयों में तैनाती को लेकर चल रही अनिश्चितता के बीच सरकार ने बड़ा और स्पष्ट निर्णय लेते हुए अधिसूचना जारी कर दी है। अब सीबीएसई विद्यालयों में नियुक्त होने वाले शिक्षकों के मूल कैडर में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होगा। शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार स्क्रीनिंग परीक्षा उत्तीर्ण कर सीबीएसई विद्यालयों में जाने वाले शिक्षकों को कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व सीबीएसई शिक्षक उप-कैडर में शामिल होने का विकल्प दिया जाएगा, किंतु उनका मूल कैडर सुरक्षित और अक्षुण्ण रहेगा।

जानकारी के अनुसार सरकार ने स्पष्ट किया है कि उप-कैडर में जाने का निर्णय केवल कार्यगत व्यवस्था के लिए होगा, इससे शिक्षकों की वरिष्ठता, पदोन्नति अथवा अन्य सेवा शर्तों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। लंबे समय से शिक्षक वर्ग में यह आशंका व्याप्त थी कि अलग उप-कैडर बनने से उनकी पूर्व वरिष्ठता प्रभावित हो सकती है, किंतु ताजा अधिसूचना ने इन संशयों को दूर कर दिया है।

पदोन्नति की स्थिति में संबंधित शिक्षक रिक्तियों के अनुसार सीबीएसई अथवा गैर-सीबीएसई विद्यालयों में तैनाती के पात्र होंगे। अर्थात् पदोन्नति के बाद उनके अवसर सीमित नहीं होंगे, बल्कि दोनों प्रकार के विद्यालयों में समान रूप से उपलब्ध रहेंगे। इससे प्रशासनिक लचीलापन भी बना रहेगा और शिक्षकों के अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे।अधिसूचना के बाद शिक्षकों ने राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि इससे न केवल करियर की स्पष्टता बढ़ेगी बल्कि कार्यस्थल पर तनाव कम होगा। इसके साथ ही नई व्यवस्था से प्रशासन और शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय और सहयोग की संभावना भी मजबूत होगी, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार की दिशा में मदद मिलेगी।

### विवादों व विरोध के बीच झुकी सरकार

**शिक्षा** सचिव राकेश कंवर की ओर से जारी इस अधिसूचना को प्रदेश के शिक्षा तंत्र में संतुलन और पारदर्शिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हाल के दिनों में अलग कैडर को लेकर उठे विवादों और विरोध के बीच सरकार का यह निर्णय शिक्षकों के मनोबल को सुदृढ़ करने वाला माना जा रहा है। अब दृष्टि इस बात पर रहेगी कि स्क्रीनिंग प्रक्रिया और आगामी तैनातियां किस प्रकार सुचारु रूप से क्रियान्वित होती हैं।

# अब चौधरी अड्डे पर नहीं होगा अतिक्रमण

## छोटे वाहनों की लोडिंग और अनलोडिंग के लिए स्थान किया चिन्हित

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** रामपुर के चौधरी अड्डे पर रेह रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा किए जा रहे अतिक्रमण पर प्रशासन ने कड़ा कदम उठाते हुए एन एच विभाग को सख्त निर्देश दिए हैं। इसका संज्ञान लेते हुए एन एच विभाग ने कड़ा कदम उठाया है। विभाग द्वारा चौधरी अड्डे पर अवैध रूप से जमे रेहडी फड़ी वालों को स्पष्ट आदेश दिया है कि वे अब चिन्हित स्थान पर रेहडी फड़ी नहीं लगा पाएंगे।

इस आदेश का उल्लंघन करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अवैध रूप से कारोबार कर रहे रेहडी-फड़ी वालों के कारण लोगों को बसों में चढ़ने उतरने में खासी दिक्कत पेश आ रही थी यात्रियों की भीड़ के कारण हर समय दुर्घटना का भय बना रहता था। लोग बार-बार प्रशासन के उदासीन रवैये पर तल्खियां कसते थे। एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह द्वारा लोगों की समस्या का संज्ञान लिया गया। तभी एनएच विभाग द्वारा उपरोक्त कदम उठाया गया है। प्रशासन और विभाग द्वारा उठाए गए इस कार्य की लोगों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।



चौधरी अड्डे पर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 05 के अधिकारी छोटे वाहनों की लोडिंग और अनलोडिंग के लिए स्थान की मार्किंग करते हुए अनंत ज्ञान

राष्ट्रीय उच्च मार्ग 05 उप मंडल रामपुर के सहायक अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए छोटे वाहनों की लोडिंग अनलोडिंग के लिए मार्किंग की गई है। रेहड़ी-फड़ी वालों को अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत दी है। यदि कोई इस आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसका सामान जप्त करने के साथ-साथ उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

◆ विभाग ने अवैध रेहड़ी-फड़ी वालों को हटाया

# शिमला में 3 और आदतन नशा तस्करों को तीन महीने की जेल

अनंत ज्ञान

◆ पीआईटी-एनडीपीएस के तहत की कार्रवाई, 28 दिनों में 21 तस्कर भेजे जेल

◆ एसएसपी गौरव सिंह बोले-नशे के नेटवर्क को तोड़ने के लिए उठते रहेंगे सख्त कदम

**ब्यूरो, शिमला।** जिला पुलिस शिमला ने नशे के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन सक्रिय आदतन तस्करों को पीआईटी-एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत तीन महीने की निवारक नजरबंदी में जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई शहर और आसपास के क्षेत्रों में संगठित नशा नेटवर्क पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई है।

पहला आरोपी इंदर देव उर्फ दानु (41) निवासी मंधोरपाट है, जिसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट सहित कुल 52 आपराधिक मामले दर्ज पाए गए हैं। वर्ष 2022 में बालूगंज थाना क्षेत्र से 40.26 ग्राम हेरोइन और 16.35 ग्राम अफीम बरामद हुई थी। इसके बाद 2023 में 18.55 ग्राम हेरोइन, 2024 में जिरकपुर (पंजाब) में 60 ग्राम हेरोइन और दिसंबर 2025 में धर्मपुर (सोलन) में 2.47 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया था।

दूसरा आरोपी दीपक ठाकुर (35) निवासी नवबहार, छोटा शिमला है। उसके खिलाफ 2021 में 64.34 ग्राम और 2025 में संजौली क्षेत्र में 5.480 ग्राम हेरोइन बरामद होने के मामले दर्ज हैं।

तीसरा आरोपी संजीव कुमार उर्फ घोड़ा (34) निवासी ठियोग क्षेत्र है, जिसके खिलाफ 2020 से 2025 के बीच चार एनडीपीएस मामले दर्ज हैं। एसएसपी शिमला गौरव सिंह ने बताया कि पिछले 28 दिनों में 21 आदतन तस्करों को निवारक नजरबंदी में भेजा जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का उद्देश्य अवैध नशा व्यापार की कड़ी तोड़ना और युवाओं को नशे से बचाना है।

**पंचायत चुनाव** हिमाचल में जनसंख्या अनुपात के आधार पर तय किए जाएंगे पद

# पंचायत चुनाव में 2011 की जनगणना बनेगी आधार

अनंत ज्ञान

◆ महिलाओं को मिलेगा पचास प्रतिशत प्रतिनिधित्व

◆ रोटेशन प्रणाली से बदलेगा आरक्षण चक्र, विकास खंड को बनाया गया इकाई

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनावों को लेकर चला आ रहा असमंजस अब पूरी तरह समाप्त हो गया है। इस बार पंचायतीराज संस्थाओं में नया आरक्षण रोस्टर लागू किया जाएगा, जिससे चुनावी प्रक्रिया को स्पष्ट दिशा मिल गई है। अनुसूचित जाति, जनजाति और महिलाओं के आरक्षण के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाया जाएगा, जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 1993-94 के सर्वेक्षण को मान्य रखा गया है। विभाग को 31 मार्च से पहले रोस्टर जारी करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे चुनावी सरगर्मियां और तेज होने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार नए प्रावधानों के अनुसार पंचायत प्रधान, पंचायत समिति और जिला परिषद के पदों का आरक्षण संबंधित क्षेत्र की जनसंख्या के अनुपात पर आधारित होगा। अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आरक्षण सबसे पहले निर्धारित किया जाएगा। जिन पंचायतों में इन वर्गों की जनसंख्या अधिक होगी, वहां प्राथमिकता के आधार पर पद आरक्षित किए जाएंगे। यदि किसी पंचायत में अनुसूचित जाति की आबादी पांच प्रतिशत से कम है, तो वह पद इस वर्ग के लिए आरक्षित नहीं होगा। इस व्यवस्था से प्रतिनिधित्व को संतुलित और न्यायसंगत बनाने का प्रयास किया गया है।

पंचायत प्रधान पद के आरक्षण के लिए विकास खंड को इकाई माना गया है। प्रत्येक विकास खंड में प्रधान पदों का निर्धारण वहां की सामाजिक संरचना और जनसंख्या अनुपात के अनुसार किया जाएगा। विभाग ने नई पंचायतों के गठन, पुनर्गठन और पुनर्सीमांकन की अधिसूचना जारी कर सात दिन के भीतर आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए हैं। सभी उपायुक्तों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए।

पंचायत समिति और जिला परिषद स्तर पर महिलाओं के लिए पचास प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान यथावत रहेगा। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कुल पदों में से आधे पद महिलाओं के लिए सुरक्षित होंगे। जिन पंचायत क्षेत्रों में अनुसूचित जाति की महिलाओं की संख्या अधिक होगी, वहां पहले आरक्षण लागू किया जाएगा। यदि किसी क्षेत्र में अनुसूचित जाति या जनजाति की संख्या कम है, तो सामान्य वर्ग की महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे ग्रामीण राजनीति में महिला सशक्तिकरण को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### रोटेशन प्रणाली से बदलेगा आरक्षण चक्र

**आरक्षण** व्यवस्था रोटेशन प्रणाली के तहत लागू होगी। यदि कोई पंचायत या वार्ड पिछले कार्यकाल में किसी विशेष वर्ग के लिए आरक्षित रहा है, तो इस बार उसे सामान्य श्रेणी में रखा जाएगा। पंचायत प्रधान, पंचायत समिति अध्यक्ष और जिला परिषद अध्यक्ष के पदों पर भी यही नियम लागू होंगे। पिछड़ा वर्ग के लिए अधिकतम 15 प्रतिशत तक आरक्षण का प्रावधान रखा गया है। पूरी प्रक्रिया 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर आधारित होगी, जिससे चुनावी व्यवस्था में पारदर्शिता और संतुलन सुनिश्चित किया जा सके।

# मुफ्त बस सुविधा व रियायती पास की उठी मांग

## एसएफआई शिमला जिला इकाई ने महाविद्यालयों में छात्र समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया शिमला जिला इकाई द्वारा सोमवार को जिले के विभिन्न महाविद्यालयों संजौली, आरकेएमवी, कोटशेरा, संध्याकालीन विभाग, रामपुर, ठियोग, आनी, कोटि, धामी तथा करसोग में छात्र-छात्राओं की लंबित मांगों को लेकर संबंधित प्रधानाचार्यों को ज्ञापन सौंपे गए। प्रतिनिधिमंडल ने इस अवसर पर विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना और उन्हें प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। संगठन का कहना है कि ये मुद्दे सीधे तौर पर छात्रों की दैनिक आवश्यकताओं और शैक्षणिक वातावरण से जुड़े हैं।

ज्ञापन में दूरदराज़ क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए मुफ्त अथवा रियायती बस पास सुविधा लागू करने की प्रमुख मांग की गई है, ताकि बढ़ते किरायों के कारण किसी भी छात्र की उपस्थिति और शिक्षा प्रभावित न हो। इसके अतिरिक्त



प्रधानाचार्य को ज्ञापन सौंपते एसएफआई शिमला जिला इकाई के पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

महाविद्यालय कैंटीनों में बढ़ती कीमतों पर चिंता व्यक्त करते हुए दरों को प्रशासन द्वारा निर्धारित कर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। संगठन ने छात्र-छात्राओं के लिए सुरक्षित एवं किफायती हॉस्टल सुविधा के विस्तार, मौजूदा छात्रावासों में मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा परिसरों में शौचालयों की नियमित साफ-सफाई और स्वच्छ जल उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

एसएफआई शिमला जिला इकाई ने स्पष्ट किया कि इन मांगों का शीघ्र समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि सकारात्मक कार्रवाई में विलंब हुआ तो जिला भर में विद्यार्थियों को संगठित कर व्यापक आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। अंत में महाविद्यालय प्रशासन से छात्र हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए त्वरित निर्णय लेने की अपील की गई, ताकि शिक्षा का वातावरण सुचारू, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाया जा सके।

# मुख्यमंत्री से मिले एनएसयूआई के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद झाखड़



सीएम सुक्खू से मुलाकात करते विनोद झाखड़ व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

◆ सुखविंद्र सुक्खू ने दी बधाई सफल कार्यकाल की कामना

**ब्यूरो, शिमला।** नव नियुक्त एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद झाखड़ ने नई दिल्ली में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई दी तथा सफल एवं प्रभावी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ प्रदान कीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में एनएसयूआई विद्यार्थियों के हितों की सशक्त पैरवी करते हुए संगठन को नई ऊर्जा और दिशा देगी।

बैठक के दौरान युवा मुद्दों, संगठनात्मक गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर सकारात्मक चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष चत्तर सिंह भी उपस्थित रहे। भेंट सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और युवा सशक्तिकरण के प्रति साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

# प्रदेश में टैक्सी चालकों को बड़ी सौगात अब 15 साल तक मान्य रहेगा परमिट

## केंद्र के फैसले से हिमाचल के हजारों वाहन स्वामियों को मिली राहत

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** केंद्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने टैक्सी ऑपरेटरों को बड़ी राहत देते हुए टैक्सी परमिट की वैधता 12 वर्ष से बढ़ाकर 15 वर्ष कर दी है। यह निर्णय पहली अप्रैल से प्रभावी होगा। लंबे समय से हिमाचल सहित विभिन्न राज्यों के टैक्सी संचालक परमिट अवधि बढ़ाने की मांग कर रहे थे। अब केंद्र की अधिसूचना जारी होने के बाद प्रदेश के हजारों वाहन स्वामियों और चालकों में खुशी की लहर है। यह फैसला खास तौर पर उन लोगों के लिए संजीवनी साबित होगा, जिनकी आजीविका पूरी तरह व्यावसायिक वाहनों पर निर्भर है।

जानकारी के अनुसार हिमाचल जैसे पर्यटन प्रधान राज्य में टैक्सी




व्यवसाय केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि हजारों परिवारों की रोज़ी-रोटी का आधार है। शिमला, मनाली, धर्मशाला और किन्नौर जैसे क्षेत्रों में टैक्सी सेवा पर्यटन उद्योग की रीढ़ मानी जाती है। अब परमिट अवधि तीन वर्ष बढ़ने से वाहन स्वामियों पर बार-बार नवीनीकरण का आर्थिक और प्रशासनिक बोझ कम होगा। इससे न केवल वित्तीय राहत मिलेगी, बल्कि वाहन संचालन में स्थिरता भी आएगी।

प्रदेश के टैक्सी संगठनों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे समयानुकूल और व्यावहारिक कदम बताया है। पिछले कई महीनों से प्रदेश के टैक्सी ऑपरेटर राज्य सरकार और उपमुख्यमंत्री के समक्ष यह मांग उठा रहे थे कि परमिट की वैधता 15 वर्ष की जाए, ताकि बढ़ती लागत और महंगाई के बीच उन्हें कुछ राहत मिल सके। वाहन खरीद, बीमा, कर और रखरखाव की बढ़ती कीमतों ने चालकों पर अतिरिक्त दबाव डाला हुआ था। ऐसे में यह निर्णय आर्थिक संतुलन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे परिवहन क्षेत्र में निवेश का भरोसा भी बढ़ेगा और नए वाहन लेने के प्रति लोगों का रुझान कायम रहेगा।

### 15 वर्ष की वैधता से चालकों-यात्रियों को राहत

**देखा** जाए तो यह कदम केवल परमिट अवधि बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यटन और परिवहन आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में एक अहम पहल है। हिमाचल में जहां पहाड़ी भौगोलिक परिस्थितियों के कारण सार्वजनिक परिवहन हर जगह सुलभ नहीं है, वहां टैक्सी सेवा जीवनरेखा का कार्य करती है। ऐसे में 15 वर्ष की वैधता से न केवल चालकों को राहत मिलेगी, बल्कि यात्रियों को भी निरंतर और भरोसेमंद सेवा उपलब्ध होती रहेगी। यह निर्णय आने वाले समय में प्रदेश के परिवहन तंत्र को और अधिक संगठित व सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध हो सकता है।

# रिज की गरिमा पर सख्ती, बिना अनुमति शूटिंग पर मेयर की रोक

अनंत ज्ञान

◆ ऐतिहासिक स्थल की मर्यादा बनाए रखने की अपील

◆ प्रोफेशनल कैमरे से शूटिंग के लिए अनिवार्य होगी अनुमति

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश की राजधानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर सोमवार को उस समय हलचल बढ़ गई, जब मेयर सुरेंद्र चौहान ने बिना अनुमति चल रही शूटिंग को रुकवा दिया। जानकारी के अनुसार कुछ लोग प्रोफेशनल कैमरे के साथ वीडियो शूट कर रहे थे और पारंपरिक परिधानों में युवतियां नृत्य प्रस्तुत कर रही थीं। मेयर ने मौके पर पहुंचकर स्पष्ट किया कि रिज और मॉल रोड की गरिमा सर्वोपरि है और यहां किसी भी प्रकार की व्यावसायिक शूटिंग नगर निगम की पूर्व अनुमति के बिना नहीं की जा सकती।

मेयर ने कहा कि आम नागरिक मोबाइल से व्यक्तिगत रिकॉर्डिंग कर सकते हैं, लेकिन प्रोफेशनल कैमरे और व्यावसायिक उद्देश्य से होने वाली गतिविधियों के लिए नियमानुसार अनुमति और निर्धारित शुल्क अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा शूटिंग के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए गए हैं, ताकि ऐतिहासिक स्थल की मर्यादा बनी रहे और आम लोगों की आवाजाही प्रभावित न हो।

उन्होंने यह भी कहा कि रिज और मॉल रोड पर प्रतिदिन सैकड़ों पर्यटक पहुंचते हैं। कई बार अवैध या बिना सूचना की शूटिंग से पर्यटकों और स्थानीय लोगों को असुविधा होती है। इस दौरान मेयर ने नगर निगम आयुक्त को फोन कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश भी दिए। प्रशासन का कहना है कि भविष्य में नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे, ताकि शहर की पहचान और प्रतिष्ठा अक्षुण्ण रहे।

# राज्यसभा सीट पर कांग्रेस में बढ़ी प्रत्याशियों की फेहरिस्त, दिल्ली से शिमला तक नामों की चर्चा

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान स्पेशल

◆ मुख्यमंत्री सुक्खू साध रहे संतुलन, संगठन को साधने की कोशिश

◆ भाजपा ने भी नजरें गड़ाई अंतिम फैसले पर टिकी हैं सबकी निगाह

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल की राज्यसभा सीट को लेकर कांग्रेस में सरगर्मियां तेज हो गई हैं। दिल्ली से लेकर शिमला सचिवालय तक संभावित नामों को लेकर चर्चा आम हो चुकी है। पार्टी के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस बार टिकट किसी केंद्रीय चेहरे को दिया जाए या फिर प्रदेश संगठन से जुड़े किसी नेता को आगे बढ़ाया जाए।

कांग्रेस हाईकमान की पसंद में शुमार रजनी पाटिल, आनंद शर्मा और पवन खेड़ा जैसे नामों की चर्चा भी बराबर चल रही है, जिन्हें हिमाचल से राज्यसभा भेजने की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, इस पर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस बार सोच-समझकर कदम रखने के मूड में हैं। पिछले राजनीतिक अनुभवों से सबक लेते हुए वे संगठन के आम कार्यकर्ता या प्रदेश नेतृत्व से जुड़े चेहरे को मौका देने के पक्ष में बताए जा रहे हैं। चर्चा में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और आयुर्वेद मंत्री यादवेंद्र गोमा के नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं। माना जा रहा है कि इन नामों पर गंभीरता से विचार हो रहा है, ताकि सरकार और संगठन के बीच संतुलन बना रहे।

इधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह का नाम भी लगातार चर्चा में है। उनके समर्थक उन्हें स्वाभाविक दावेदार मान रहे हैं, जबकि अंदरखाने अलग-अलग गुट अपने-अपने स्तर पर सक्रिय बताए जा रहे हैं। हालांकि, प्रतिभा सिंह स्वयं राज्यसभा जाना चाहती हैं या नहीं, इस पर स्पष्ट स्थिति सामने नहीं आई है। पार्टी हाईकमान भी सभी पहलुओं पर नजर बनाए हुए है और अंतिम फैसला जल्द होने की संभावना जताई जा रही है।

### सूची से अलग कोई प्रत्याशी अचानक आ सकता है सामने

बहरहाल राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि कोई 'ब्लैक हॉर्स' उम्मीदवार भी अचानक सामने आ सकता है। भाजपा भी हालात पर पैनी नजर रखे हुए है और रणनीति बनाने में जुटी है। फिलहाल कांग्रेस में मंथन जारी है और सबकी निगाह इस बात पर टिकी है कि आखिर वह कौन चेहरा होगा, जो हिमाचल से राज्यसभा की राह को आसान बना सकता है।

# बैंक अधिकारी की सूझबूझ से बुजुर्ग दंपती के छह लाख ठगी होने से बचे

अनंत ज्ञान

◆ हमीरपुर में बुजुर्ग दंपती पर साइबर ठगों का डिजिटल अरेस्ट, 20 घंटे तक घर में कैदी

**हमीरपुर।** हमीरपुर के एक 78 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी और उनकी पत्नी साइबर ठगों के शिकार बन गए। ठगों ने खुद को एंटी टेररिस्ट सेल का अधिकारी बताकर दावा किया कि दंपती के बैंक और मोबाइल का इस्तेमाल दिल्ली में बम धमाकों और आतंकी फंडिंग के लिए हो रहा है। जब बुजुर्गों ने विरोध किया, तो अपराधियों ने वीडियो कॉल के जरिए फर्जी वर्दी और सरकारी दस्तावेज दिखाकर उन्हें डराया और मानसिक दबाव में 80 हजार रुपए ऐंठ लिए। अपराधियों ने अगले दिन तक घर से बाहर न निकलने की धमकी देते हुए उन्हें 'डिजिटल अरेस्ट' कर रखा।

डरे-सहमे दंपती अपनी 6 लाख रुपए की एफडी तुड़वाने आईसीआईसीआई बैंक की भोटा चैक शाखा पहुंचे। बैंक प्रबंधक मनीष मनु ने बुजुर्गों के चेहरे पर हवाइयां उड़ती देख उनकी अलग से पूछताछ की और वीडियो कॉल की जानकारी मिलने पर तुरंत ठगों से संपर्क किया। अपराधी फोन काटकर भाग गए। बैंक ने न केवल शेष राशि सुरक्षित की, बल्कि नया खाता खोलकर दंपती की जमा पूंजी संरक्षित कर दी।

पुलिस अधीक्षक बलवीर ठाकुर ने बताया कि पुलिस या कोई सुरक्षा एजेंसी कभी फोन या वीडियो कॉल के जरिए किसी को गिरफ्तार नहीं करती। उन्होंने जनता को चेतावनी दी कि बैंकिंग डिटेल या व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा करना जोखिमपूर्ण है और अगर कोई डराने की कोशिश करे तो तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर सेल को सूचित करें। यह घटना साइबर अपराधियों की चतुराई और बुजुर्गों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता की आवश्यकता को दर्शाती है।

# विदेश भेजने के नाम पर 25 लाख की ठगी, फरार महिला चंडीगढ़ से पकड़ी

अनंत ज्ञान

◆ लंबे समय से पुलिस को दे रही थी चकमा

◆ कनाडा भेजने का झांसा देकर ऐंठी भारी रकम

**ब्यूरो, शिमला।** विदेश भेजने का सपना दिखाकर लाखों रुपए की ठगी करने के आरोप में शिमला पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस थाना बालूगंज की टीम ने लंबे समय से फरार चल रही महिला आरोपित मंजू कुमारी को चंडीगढ़ के खरड़ स्थित शिवालिक सिटी के एक फ्लैट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पर शिकायतकर्ता की बहन को कनाडा भेजने का झांसा देकर करीब 25 लाख रुपए हड़पने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार 21 नवंबर 2025 को थाना बालूगंज में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 61(2) और 352(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने अपनी बहन भावना को विदेश भेजने के नाम पर भारी रकम की ठगी की शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपित लगातार अपने ठिकाने बदल रहे थे और मोबाइल सिम भी बदलते जा रहे थे। वे इंटरनेट कॉल के माध्यम से संपर्क में रहकर पुलिस की निगाह से बचने की कोशिश कर रहे थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित की। टीम ने पंजाब और हरियाणा में कई संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन आरोपित हाथ नहीं लगे। इसके बाद तकनीकी विश्लेषण के आधार पर चंडीगढ़ के खरड़ स्थित शिवालिक सिटी में छापा मारा गया, जहां से मंजू कुमारी को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में उसके खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों की पुष्टि हुई है, जबकि अन्य आरोपितों की तलाश जारी है।

### शिकायतकर्ता सशस्त्र सीमा बल में तैनात

**शिकायतकर्ता** महिला गुजरात के गांधीनगर की मूल निवासी है और वर्तमान में सशस्त्र सीमा बल के मेडिकल प्रशिक्षण केंद्र शिमला में तैनात है। उन्होंने आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने उनकी बहन को विदेश भेजने के नाम पर लगभग 25 लाख रुपए की ठगी की।

### शिमला पुलिस ने लोगों को किया सतर्क

**शिमला** पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि विदेश भेजने के नाम पर पैसे मांगने वाले एजेंटों से सावधान रहें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि इस प्रकार की धोखाधड़ी पर अंकुश लगाया जा सके।

# जयराम ठाकुर का सुक्खू सरकार पर हमला हिमाचल सदन में प्रदर्शन को बताया चिंताजनक

अनंत ज्ञान

◆ कहा- सदन में असामाजिक तत्वों की पनाह पर विरोध, राज्य की छवि दांव पर क्या यही है कांग्रेस का 'व्यवस्था परिवर्तन'

**ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दिल्ली स्थित हिमाचल सदन में एआई समिट के दौरान प्रदर्शन करने वाले युवकों के ठहरने की खबरों पर प्रदेश की सुक्खू सरकार को आड़े हाथों लेते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं और केंद्र व दिल्ली सरकार से इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। जयराम ठाकुर ने मंडी से जारी प्रेस बयान में पूछा कि क्या यही मुख्यमंत्री का वह 'व्यवस्था परिवर्तन' है, जिसके तहत उस स्थान पर असामाजिक तत्व कमरा लेकर हुड़दंग मचा रहे हैं जहां स्वयं मुख्यमंत्री ठहरे हुए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी लोकप्रिय केंद्र सरकार के खिलाफ साजिश रचने वालों को न केवल हिमाचल सदन में पनाह दी गई, बल्कि वहां पैसों का अवैध लेन-देन तक होने की सूचनाएं हैं, जो राज्य की छवि के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है।



नेता प्रतिपक्ष ने इस घटनाक्रम को कांग्रेस के असली चरित्र का प्रमाण बताते हुए कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि सरकारी संपत्ति का उपयोग देश के शीर्ष नेतृत्व के विरुद्ध गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर किसके इशारे पर इन प्रदर्शनकारियों को सदन में ठहराया गया और दिल्ली में उन्हें कौन राजनीतिक संरक्षण प्रदान कर रहा था, क्योंकि बिना किसी ऊंचे रसूख के ऐसे संवेदनशील स्थान पर रुकना संभव नहीं है। उन्होंने मांग की है कि दिल्ली पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां इस मामले की तह तक जाएं कि इन तत्वों के पीछे कौन सी ताकतें सक्रिय थीं। उनका कहना है कि पुलिस की जांच में हिमाचल सदन का नाम आना यह दर्शाता है कि सत्ता के संरक्षण में नियमों की धज्जियां उड़ाई गईं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर भी बड़े सवालिया निशान खड़े होते हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू अगर चाहते तो वित्तीय मदद के लिए प्रधानमंत्री से मिल सकते थे, लेकिन इन्हें तो राजनीति करनी है और गांधी परिवार के दबाव में आकर प्रधानमंत्री को गाली देना ही इनका एकमात्र काम रह गया है।

# भाजपा को हिमाचल विरोधी कहना मंत्री की बौखलाहट: राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने प्रदेश के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के हालिया बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं को हिमाचल विराधी कहना उनकी बौखलाहट और असंयमित भाषा का परिचायक है। उन्होंने कहा कि मंत्री के वक्तव्यों से प्रतीत होता है कि वे राजनीतिक संतुलन खो बैठे हैं और विपक्ष पर अनर्गल आरोप लगाकर वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रहे हैं।

जम्वाल ने शिमला से जारी बयान में कहा कि राजस्व घाटा अनुदान के विषय पर विधानसभा में तीन दिन तक विस्तृत चर्चा हुई थी और भाजपा ने कभी यह नहीं कहा कि अनुदान बंद होना चाहिए, बल्कि प्रश्न यह है कि यह बंद क्यों हुआ और राज्य सरकार इसे जारी रखने के लिए प्रभावी पक्ष रखने में क्यों विफल रही। उन्होंने आरोप लगाया कि 15वें वित्त आयोग द्वारा पहले ही अनुदान में चरणबद्ध कमी के संकेत दिए गए थे, फिर भी प्रदेश सरकार ने न तो व्यय नियंत्रण की ठोस नीति अपनाई और न ही आय बढ़ाने के उपाय किए। इसके विपरीत, विभिन्न पदों पर नियुक्तियों से वित्तीय बोझ बढ़ाया गया और अब अपनी नीतिगत विफलताओं का ठीकरा भाजपा पर फोड़ा जा रहा है। जमवाल ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार प्रदेश को सहयोग दे रही है और हाल ही में आपदा राहत के लिए लगभग 286 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की गई है, इसके बावजूद राज्य सरकार केंद्र पर ही आरोप लगा रही है।

# राष्ट्र निर्माण में नेतृत्व की अपनी भूमिका सुनिश्चित करें युवा: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

◆ युवा चेंजमेकर मॉडल को हिमाचल से बाहर भी अपनाए जाने की मांग

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी पुणे में आयोजित 15वें भारतीय छात्र संसद के समापन समारोह को संबोधित करते हुए युवाओं से सत्यनिष्ठा और स्पष्ट उद्देश्य के साथ कैंपस से कैबिनेट तक पहुंचने का आह्वान किया। तीन दिवसीय इस वार्षिक सम्मेलन में देशभर के 450 से अधिक विश्वविद्यालयों से आए हजारों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिन्हें अनुराग ठाकुर ने प्रेरणादायक संबोधन दिया।



अपने संबोधन में अनुराग ठाकुर ने भारत की गौरवशाली लोकतांत्रिक विरासत का स्मरण करते हुए आपातकाल के दौरान हुए जेपी आंदोलन से लेकर विभिन्न कैंपस आंदोलनों का उल्लेख किया, जहां लोकतांत्रिक चेतना का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि भारतीय कैंपसों को पुनः लोकतांत्रिक मूल्यों, संस्थागत समझ व वास्तविक जीवन के अनुभव को एक साथ विकसित करना होगा, ताकि छात्र न केवल शासन पर प्रश्न करना सीखें, बल्कि यह भी समझें कि संसद कैसे कार्य करती है, नीतियां कैसे बनती हैं, बजट कैसे पारित होता है और कानून अंतिम व्यक्ति तक किस प्रकार प्रभाव डालते हैं। अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रीय सेवा योजना को छात्रों में चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम बताया तथा माय भारत डिजिटल प्लेटफॉर्म भी युवाओं को नेतृत्व के अवसर, मार्गदर्शन, अनुभवात्मक शिक्षा और सामुदायिक परियोजनाओं से जोड़ता है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश से 15,000 से अधिक युवाओं के पंजीकरण की अपेक्षा है, जिनमें से शीर्ष 21 फेलो को प्रत्येक को 1.21 लाख रुपये की स्टाइपेंड, प्रशिक्षण, बूट कैंप और फील्ड एक्सपोजर प्रदान किया जाएगा। ये फेलो ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्य करते हुए स्थानीय मुद्दों का अध्ययन करेंगे तथा यह विश्लेषण करेंगे कि सार्वजनिक नीति हिमाचल प्रदेश को वर्ष 2047 तक पूर्ण विकसित राज्य बनाने में किस प्रकार सहायक हो सकती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह मॉडल अन्य राज्यों में भी अपनाया जाएगा, जिससे कैंपस फेलोशिप, इंटर्नशिप और जमीनी परियोजनाओं के माध्यम से युवा लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सक्रिय भागीदार बन सकें। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्तमान पीढ़ी के युवा नेताओं के लिए निर्णायक शक्ति सिद्ध होगी।

# मेधावियों को 30-30 हजार की नकद राशि दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक ने इस वर्ष भी अपने कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 30-30 हजार रुपये की नकद राशि, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। सोमवार को बैंक प्रशिक्षण संस्थान सांगटी में आयोजित वार्षिक मेधावी पुरस्कार समारोह गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता बैंक अध्यक्ष देवेंद्र श्याम ने की, जबकि प्रबंध निदेशक श्रवण मांटा, वरिष्ठ अधिकारी और अभिभावक भी उपस्थित रहे। 10वीं कक्षा में अनुष्का ठाकुर (98.60 प्रतिशत), कंचन शर्मा (98.14 प्रतिशत), अनन्या (97.71 प्रतिशत), तोषिका शर्मा (97.29 प्रतिशत), ईशा शर्मा (97.00 प्रतिशत), धनिका (96.86 प्रतिशत) और सोनाक्षी (96.29 प्रतिशत) को उनके उत्कृष्ट परिणाम के लिए सम्मानित किया गया। वहीं 12वीं कक्षा में स्वस्ति सूद (96.40 प्रतिशत), विभूति कुमारी (96.20 प्रतिशत) और आयुषी (96.00 प्रतिशत) को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष देवेंद्र श्याम ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की उपलब्धियां उनके माता-पिता की मेहनत, संस्कार और निरंतर प्रयासों का प्रतिफल हैं।

# 1500 करोड़ रुपए की राशि अब तक राज्य को नहीं मिली: जगत सिंह नेगी

अनंत ज्ञान



◆ राजस्व मंत्री ने आरडीजी और आपदा सहायता पर केंद्र सरकार को घेरा

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। उन्होंने युवा कांग्रेस के प्रदर्शन का समर्थन करते हुए कहा कि जब पूर्व में कॉमनवेल्थ खेलों के दौरान भाजपा ने भी प्रदर्शन किए थे, तब उसे देशभक्ति माना गया था, फिर आज विरोध को देशविरोध क्यों कहा जा रहा है। नेगी ने आरोप लगाया कि भाजपा की राजनीति जनता की समस्याओं से अधिक सत्ता प्राप्ति पर केंद्रित है और उसे प्रदेश के हितों से अधिक कुर्सी की चिंता है।

आरडीजी बहाली और आपदा राहत के मुद्दे पर उन्होंने शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया। नेगी ने कहा कि वर्ष 2025 में प्रधानमंत्री द्वारा हिमाचल के लिए घोषित 1500 करोड़ रुपए की राशि अब तक प्रदेश को प्राप्त नहीं हुई है। वर्ष 2023 की भीषण आपदा के बाद पीडीएनए के अंतर्गत मिलने वाली सहायता भी पूरी तरह जारी नहीं की गई। उनका कहना था कि संविधान सम्मत अधिकारों को रोकना संघीय ढांचे की भावना के विपरीत है और इससे प्रदेश की जनता को सीधा नुकसान हो रहा है।

एआई समिट 2026 से जुड़े विवादों का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाले घटनाक्रम सामने आए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समिट में प्रस्तुत मॉडल अत्यंत साधारण स्तर का था और इसे बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत किया गया। गैलगोटिया विश्वविद्यालय से जुड़े प्रकरण का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों से भारत की छवि धूमिल होती है। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि विश्वगुरु बनने के दावे किए जा रहे हैं, जबकि देश का बड़ा वर्ग आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है।

राज्यसभा चुनाव की हलचल पर भी नेगी ने भाजपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पूर्व राज्यसभा चुनाव के दौरान प्रवर्तन निदेशालय के भय का वातावरण बनाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया था। उनका कहना था कि जब कोई दल अल्पमत में हो तो उसे संवैधानिक मर्यादा का पालन करना चाहिए। कांग्रेस ने अतीत में ऐसी परिस्थितियों में संयम बरता है, परंतु भाजपा लोकतांत्रिक परंपराओं को कमजोर कर रही है।

# भाखड़ा बांध विस्थापितों की हुंकार वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत स्थायी पट्टों की मांग

# '65 साल से केवल आश्वासन ही मिले, हक नहीं'

अनंत ज्ञान




भाखड़ा बांध विस्थापित अपने हकों की लड़ाई को लेकर सड़कों पर उतरे। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय में सोमवार को फिर नारों से गूंज उठा जब सैकड़ों ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित अपने हकों की लड़ाई को लेकर सड़कों पर उतर आए। जिला ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित समिति के बैनर तले निकली यह रैली केवल विरोध नहीं, बल्कि दशकों की उपेक्षा के खिलाफ खुला ऐलान मानी जा रही है। लक्ष्मी नारायण मंदिर से उपायुक्त कार्यालय तक निकली इस रैली में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। विस्थापितों का साफ कहना था कि 65 साल से केवल आश्वासन मिल रहे हैं हक नहीं।

रैली के बाद समिति के प्रधान देश राज शर्मा की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सबसे बड़ी मांग यह रखी गई कि वन भूमि पर बने घरों, खेतों और पशुशालाओं को वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत कानूनी मान्यता और स्थायी पट्टे दिए जाएं। विस्थापितों का आरोप है कि वर्षों से बसे होने के बावजूद उन्हें आज भी अवैध बताकर मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है।

समिति ने चेताया कि जिन परिवारों को अब तक प्लॉट नहीं मिले, उन्हें तुरंत आवंटन किया जाए। जिनके बिजली और पानी के कनेक्शन काटे गए हैं, उन्हें तुरंत बहाल किया जाए और विस्थापित परिवारों को बिजली-पानी निःशुल्क उपलब्ध कराया जाए।

प्रदर्शनकारियों ने यह भी मांग उठाई कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड से मिलने वाली रॉयल्टी का 25 प्रतिशत हिस्सा सीधे विस्थापितों के कल्याण पर खर्च किया जाए। साथ ही बच्चों को बीबीएमबी और सरकारी नौकरियों में आरक्षण, भूमिहीन परिवारों को भूमि उपलब्ध करवाने और लंबित बंदोबस्त तुरंत पूरा करने की मांग दोहराई गई।

मामला केवल पुनर्वास तक सीमित नहीं रहा। सतलुज नदी पर बैरी दड़ोलां-लुहणू, ज्योरीपतन, बड़गांव-बुखर, गाह-चलौला, बाला और डैहन-नारल में पुल निर्माण की मांग उठाते हुए ग्रामीणों ने कहा कि विकास के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन विस्थापित आज भी बुनियादी संपर्क सुविधाओं से जूझ रहे हैं। सतलुज नदी को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने और मछुआरों व दौलों के लिए विशेष योजना बनाने की भी मांग रखी गई।

सभा को संबोधित करते हुए देश राज शर्मा ने सरकारों पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि चार पीढ़ियां बीत गईं, लेकिन विस्थापित आज भी अधिकारों के लिए दर-दर भटक रहे हैं। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि यदि अब भी ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या सरकार 65 साल पुराने इस घाव पर मरहम लगाएगी या फिर विस्थापितों का यह आक्रोश आने वाले दिनों में बड़े जनआंदोलन का रूप लेगा? जिला मुख्यालय से उठी यह आवाज अब प्रदेश की सियासत को झकझोरने लगी है।

# पहली को धर्मशाला में गरजेंगे जिले के प्राइमरी शिक्षक

## न्यू कांप्लेक्स सिस्टम के विरोध में निकाली जाएगी रैली, प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया ऐलान

◆ **संघ ने कहा- रैली से बात न बनी तो शुरू होगा निश्चतकालीन आंदोलन**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला में पहली मार्च को जिलेभर के प्राइमरी शिक्षक गरजेंगे। रैली के माध्यम से प्रदेश सरकार की ओर से जारी न्यू कंपलेक्स सिस्टम का विरोध किया जाएगा। यदि रैली उपरांत भी सरकार ने प्राइमरी टीचर के प्रदेश पदाधिकारियों को वार्ता के लिए नहीं बुलाया तो अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

सोमवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में जिला कांगड़ा राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष कुलदीप पठानिया, प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष संजय पीसी ने कहा कि 23 सितंबर,



धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते जिला राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष कुलदीप व अन्य। अनंत ज्ञान

2025 को शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा न्यू कंपलेक्स सिस्टम पर एक अधिसूचना जारी की गई। अधिसूचना में प्राथमिक स्कूलों में कार्य कर रहे हजारों सीएचटी व बीईईओ की प्रशासनिक शक्तियों को छीनकर कार्य क्षेत्र को सीमित कर दिया गया, ताकि भविष्य में इन पदों को समाप्त किया जा सके। 15 से 20 स्कूलों का एक परिसर बना दिया गया और समस्त प्रशासनिक नियंत्रण व संचालन का कार्य प्रिंसिपल को दे दिया गया। इससे प्रिंसिपल के ऊपर कार्य का बोझ बढ़ेगा और प्राथमिक शिक्षा पूरी तरह से हासिए पर चली जाएगी। संघ ने अधिसूचना का विरोध किया और 5 अक्तूबर, 2025 को प्रदेश के समस्त उपमंडलों में रोष प्रदर्शन किए गए। संबंधित एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व समस्त उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भेजे गए, लेकिन सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया और न ही प्राथमिक शिक्षक संघ को वार्ता के लिए बुलाया। प्राथमिक शिक्षक संघ के विभिन्न प्रतिनिधिमंडल अपने-अपने क्षेत्र के विधायकों व मंत्रियों से अनेक बार मिले और इस अधिसूचना को वापिस लेने के लिए ज्ञापन दिए गए। राज्य कार्यकारिणी पिछले 3 महीनों में मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश से सात बार मिल चुकी है।

### जेबीटी के 4500 पद पड़े खाली

**इस** जारी अधिसूचना से हजारों मिड-डे मील वर्कर्स की नौकरी आने वाले समय में खतरे में पड़ने वाली है। जेबीटी के 4,500 से अधिक पद खाली चल रहे हैं, जिन्हें भरा नहीं जा रहा है। यह हजारों प्रशिक्षित जेबीटी बेरोजगारों के साथ अन्याय है। प्राथमिक स्कूलों में 6200 से अधिक नर्सरी टीचर्स तथा इतने ही आया के पद खाली चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहली मार्च को प्राथमिक शिक्षकों के साथ हो रहे अन्याय पर रोष व्यक्त किया जाएगा और संबंधित उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर न्यू कंप्लेक्स सिस्टम पर जारी अधिसूचना को वापस लेने तथा अन्य मांगों को पूरा करने के लिए आग्रह किया जाएगा। यदि प्राथमिक शिक्षक संघ की मांगों को पहले की तरह नजरअंदाज किया गया तो प्राथमिक शिक्षक संघ बड़े आंदोलन के लिए विवश होगा।

# परीक्षा का तनाव नहीं, अब हौसले की बारी

## बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने अभिभावकों से मांगी सकारात्मकता

अनंत ज्ञान

◆ **कहा- बच्चों पर न थोपें उम्मीदों का बोझ**

◆ **बेहतर रिवीजन को बताया सफलता का असली मंत्र**

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं की आहट के बीच बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने विद्यार्थियों और अभिभावकों के नाम एक बेहद संवेदनशील और प्रेरक संदेश जारी किया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि परीक्षा के इन महत्वपूर्ण दिनों में बच्चों को डर की नहीं, बल्कि अपनों के साथ की जरूरत है।



डॉ. शर्मा ने अभिभावकों से अपील की है कि वे घर में परीक्षा का तनावपूर्ण माहौल बनाने के बजाय बच्चों के प्रति सहयोगात्मक और सकारात्मक नजरिया अपनाएं, ताकि छात्र बिना किसी मानसिक दबाव के अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। बोर्ड अध्यक्ष ने छात्रों की मेहनत और ईमानदारी पर गहरा भरोसा जताते हुए कहा कि हिमाचल के विद्यार्थी अनुशासित और नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण हैं। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे किसी भी प्रकार के शॉर्टकट या अनुचित साधनों के जाल में न फंसकर अपनी मेहनत पर यकीन रखें। डॉ. शर्मा के अनुसार, सफलता की सबसे बड़ी कुंजी आत्मविश्वास और प्रोत्साहन है, न कि दबाव। उन्होंने अभिभावकों को याद दिलाया कि उनकी ओर से दिया गया भावनात्मक सहयोग ही छात्र के मनोबल को सबसे ऊंचे स्तर पर ले जा सकता है। परीक्षा की तैयारी को लेकर मार्गदर्शन देते हुए डॉ. राजेश ने विद्यार्थियों से शांत मन से रिवीजन करने का आग्रह किया है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि किसी विषय में असहजता महसूस हो रही हो, तो पूरे सिलेबस से घबराने के बजाय मुख्य अध्यायों और महत्वपूर्ण प्रश्नों पर ध्यान केंद्रित करें। संतुलित तैयारी न केवल तनाव को कम करती है, बल्कि प्रदर्शन में भी निखार लाती है।

### श्री बाबा बड़भाग सिंह के मंदिर में एक दिवसीय धार्मिक समागम 3 को

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर की मंझग्रां पंचायत के श्री बाबा बड़भाग सिंह के मंदिर में एकदिवसीय धार्मिक समागम होगा। मंदिर की प्रबंधक ज्योति मनकोटिया ने बताया कि होली के शुभ अवसर पर 3 मार्च को प्रातः विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत मंदिर की सेविका इंदिरा मनकोटिया के सानिध्य में महायज्ञ होगा। उसके उपरांत श्री गुरु ग्रंथ साहिब का आगमन होगा तथा विधिवत मंदिर में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की स्थापना की जाएगी। मंदिर के प्रांगण में निशान साहिब की स्थापना की जाएगी।

### 7 मार्च को नूरपुर चौगान में लगेगा इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा शिविर: डॉ. मिश्रा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** आरोग्य भारती हिमाचल प्रांत पालमपुर इकाई के सचिव डॉ. सी.एम मिश्रा ने बताया कि प्रदेश इलेक्ट्रो-होम्योपैथी



चिकित्सक संघ (हेडा) के तत्वावधान में सात मार्च को नूरपुर चौगान स्थित अंतराज्जीय बस अड्डे की पहली मंजिल पर श्री कृष्णा इलेक्ट्रो होम्योपैथी एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें जोड़ों के दर्द, चर्म रोगों से ग्रसित व महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। डॉ. मिश्रा ने बताया कि शिविर में हर प्रकार के रोगियों की जांच होगी और उन्हें उचित परामर्श व उपचार उपलब्ध करवाया जाएगा। इस शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक रवि कुमार रबिसन, उत्तम चंद कौंडल और नेहा शर्मा की कुशल टीम सेवाएं प्रदान करेगी।

# नई इलेक्ट्रिक बसों में लगेज के लिए बने बॉक्स की जगह लगाई जाएंगी 2 सीटें

## एचआरटीसी उपाध्यक्ष अजय वर्मा बोले-पहले आई बसों से ज्यादा है बैटरी वैकअप, 180 किलोमीटर दौड़ेंगी

◆ **बस में सवार होने पर स्टेप को ऊपर-नीचे करने की है सुविधा**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** एचआरटीसी के बेड़े में शामिल होने जा रही नई इलेक्ट्रिक बसों में लगेज बाक्स की जगह दो सीटें लगाई जाएंगी। बस में सवार होने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए ऊपर चढ़ने के लिए स्टेप को ऊपर-नीचे करने की सुविधा उपलब्ध है। पहले आई इलेक्ट्रिक बसों से अब आ रही बसों में बैटरी बैकअप अधिक है तथा यह बसें एक बार चार्ज होकर 180 किलोमीटर तक दौड़ेंगी। यह बात एचआरटीसी के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने सोमवार को धर्मशाला में आयोजित नई इलेक्ट्रिक बस के ट्रायल के दौरान कही।

इस दौरान एचआरटीसी वर्कशॉप में विशेष तौर पर शिरकत करने पहुंचे अजय वर्मा ने कहा कि नई बसों में लगे बाक्स हो हटाकर दो सीटें लगाने से सीटिंग कैपेसिटी 32



धर्मशाला पहुंची नई इलेक्ट्रिक बस मॉडल का निरीक्षण किया। अनंत ज्ञान

हो जाएगी व पीछे बैठने वाले यात्री को भी सामने क्लीयरिटी मिलेगी। वर्मा ने सोमवार को ट्रायल के लिए धर्मशाला पहुंची एचआरटीसी की नई इलेक्ट्रिक बस मॉडल का निरीक्षण किया।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में नई इलेक्ट्रिक बस का ट्रायल किया जा रहा है। इस ट्रायल में बस संबंधित जो कमियां आएंगी उनके बारे में संबंधित बस कंपनी को अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभाग के टेक्निकल एक्सपर्ट इसमें यह लिखकर देंगे की ट्रायल के दौरान किस रूट पर बस से क्या एवरेज आई है। अजय वर्मा ने बताया कि ट्रायल के दौरान नई इलेक्ट्रिक बस में 180 किलोमीटर एवरेज आने की संभावना है, लेकिन शिमला में विभागीय लोगों द्वारा बताया जा रहा है कि कुछ स्थानों पर एवरेज 173-174 के करीब आई है। उन्होंने बताया कि इन नई बसों में 10-12 चीजें है। जिन्हें हटाने के बारे में कंपनी को कहा जाएगा। इसके बाद अप्रैल के अंत तक 50 फीसदी नई ईलेक्ट्रिक बसें आ जाएंगी। वर्मा ने बताया कि इन नई बसों की खासियत यह है कि इसकी बैटरी अच्छी है। पहले इलेक्ट्रिक बस 120-125 किलोमीटर चार्जिंग के बाद चलती थीं, जबकि यह नई इलेक्ट्रिक बसें जल्दी चार्ज होने के बाद 180 किलोमीटर चलेंगी। इन नई इलेक्ट्रिक बसों के रूटों के बारे में उन्होंने बताया कि रूटों को लेकर प्रक्रिया जारी है।

इस पर विभाग के आरएम व डीएम कार्य कर रहे हैं। कोशिश है कि यह बसें पठानकोट व होशियारपुर तक चलाई जाएं। इसके साथ ही इस बसों को पुराने फ्लीट के साथ बदला जाएगा। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह बसें चलाई जाएंगी। करीब 1.71 करोड़ की लागत की प्रति इलेक्ट्रिक बस की मेंटनेंस संबंधित बस कंपनी की ओर से की जाएगी।

# 'आप' ने हिमाचल में नियुक्त किए 52 विधानसभा पर्यवेक्षक

## ट्रिकल-डाउन नहीं बल्कि, बॉटम-अप मॉडल पर हो रहा संगठन निर्माण: भंडारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश की राजनीति में एक बड़े वैचारिक और सांगठनिक परिवर्तन का शंखनाद करते हुए आम आदमी पार्टी ने प्रदेश के सभी क्षेत्रों में अपनी जड़ें मजबूत करना शुरू कर रखा है। संगठन निर्माण की इसी कड़ी में पार्टी ने 68 विधानसभा क्षेत्रों में से 52 में असेंबली ऑब्जर्वर की नियुक्ति कर राज्य में एक नई राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है।



कुशल नेतृत्व और रणनीतिक कौशल से लबरेज प्रदेश प्रभारी ऋतु राज गोविंद झा और सह प्रभारी अजय सिंह राजपूत की रणनीतिक कार्यक्षमता पार्टी के सांगठनिक कायाकल्प में मील का पत्थर साबित हो रही है। उनके कुशल मार्गदर्शन में पार्टी का विस्तार केवल कागजों तक सीमित न रहकर धरातल पर पंचायत और वार्ड स्तर तक पहुंचने की कगार पर है। उनकी अद्भुत क्षमता का परिणाम है कि आज प्रदेश का युवा और आम जनमानस आप की विचारधारा से सीधे तौर पर जुड़ रहा है। पार्टी के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने संगठन की कार्यप्रणाली पर कहा कि आम आदमी पार्टी का विकास मॉडल रिवायती सियासी पार्टियों से पूरी तरह भिन्न है। भंडारी ने स्पष्ट किया कि जहां अन्य दल अर्थजगत के ट्रिकल-डाउन यानी ऊपर से नीचे सिद्धांत पर चलते हैं अर्थात फैसले ऊपर से थोपे जाते हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी बॉटम-अप यानी नीचे से ऊपर सिद्धांत पर काम कर रही है। संगठन का निर्माण बूथ और मोहल्ला स्तर से शुरू होकर ऊपर की ओर जा रहा है। इसका अर्थ है कि पार्टी की शक्ति का केंद्र हाईकमान नहीं, बल्कि कार्यकर्ता और जनता है। 52 पर्यवेक्षकों की यह नियुक्ति इस बात का प्रमाण है कि पार्टी आगामी चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार है और प्रदेश की जनता को कांग्रेस-भाजपा के पारंपरिक चक्रव्यूह से मुक्त कराकर एक ईमानदार विकल्प देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बालू गांव में बरसात में दो वर्ष पहले टूटी पुलिया मरम्मत के इंतजार में

अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** पंचरुखी-पालमपुर रोड पर स्थित बालू गांव में लगभग दो वर्ष पूर्व बरसात के कारण टूटी हुई पुलिया मरम्मत की प्रतीक्षा कर रही है। यह पुलिया क्षेत्रवासियों की आवाजाही के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसकी खराब स्थिति के कारण स्थानीय लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

बरसात के मौसम में तो स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। भाजयुमो मंडल पालमपुर शहरी के अध्यक्ष शुभम भंगलिया ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि जहां एक ओर यह आवश्यक और जनहित से जुड़ा कार्य अधूरा पड़ा है। वहीं उसी स्थान से लगभग 20 मीटर आगे स्थित एक ठीक-ठाक हालत में खड़ी पुलिया की रेलिंग तोड़कर उसके रिपेयर का कार्य विभाग द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। यह निर्णय स्थानीय जनता की समझ से परे है।



स्थानीयय लोगों को करना पड़ा असुविधा का सामना। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि जब प्रदेश की कांग्रेस शासित सरकार लगातार आर्थिक बदहाली का हवाला दे रही है, तब प्राथमिकता वाले कार्यों को छोड़कर अनावश्यक कार्यों पर धन व्यय करना सरकार और संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

जनता के टैक्स के पैसे का उपयोग जनहित और आवश्यकता के आधार पर होना चाहिए, न कि दिखावे या औपचारिकता के आधार पर। उन्होंने प्रदेश सरकार एवं संबंधित विभाग से मांग करता हूं कि बालू गांव की टूटी हुई पुलिया का कार्य प्राथमिकता के आधार पर तुरंत शुरू किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को राहत मिल सके और किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके। यदि शीघ्र ही उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो युवा मोर्चा स्थानीय जनता के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होगा।

# 4-9-14 की इंक्रीमेंट लाभ मिलने में आ रही दिक्कत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** शिक्षा विभाग में हायर ग्रेड पे लाभ के कारण शिक्षकों को एक इंक्रीमेंट का लाभ नहीं मिला है। एसीपीएस के तहत कर्मचारियों को 4 साल, 9 साल और 14 साल सेवाकाल पर एक इंक्रीमेंट मिलती है। 2006 से देय वेतन आयोग में इस स्कीम को लाकर 8/16/24/32 स्कीम को खत्म कर दिया गया था।

इसके बाद वर्ष 2012 में कुछ कर्मचारी वर्ग और शिक्षकों को पंजाब की तर्ज पर हायर ग्रे पे मिली मगर इसको एक एसीपीएस इंक्रीमेंट लाभ के समान समझते हुए कर्मचारियों को 9 वर्ष या 14 वर्ष देय एक इंक्रीमेंट नहीं मिली। शिक्षकों ने इसे हाईकोर्ट में संजय कुमार बनाम राज्य सरकार मामले में चुनौती दे दी और हाईकोर्ट ने साफ किया कि वेतन आयोग के हायर ग्रेड पे लाभ को 4-9-14 का लाभ नहीं माना जा सकता है। ऐसे में एक इंक्रीमेंट उनको मिलनी चाहिए। इस फैसले पर सरकार सुप्रीम कोर्ट गई और हाईकोर्ट ने इस जजमेंट के लाभ पर अस्थाई रोक लगा दी है। सैकड़ों शिक्षकों को हाईकोर्ट की जजमेंट के लाभ मिले हैं और ज्यादा मामले आने पर शिक्षा निदेशक ने जिला शिक्षा उप निदेशक कार्यालय को उक्त लाभ देने के लिए अधिकृत कर दिया। जिन मामलों को जिला शिक्षा उप निदेशक कार्यालयों ने स्वीकृत किया है, उनको इंक्रीमेंट देने में ट्रेजरी आनाकानी कर रही है। ट्रेजरी के अनुसार वित्त विभाग द्वारा टीजीटी, प्रवक्ता और अन्य राज्य कैडर पोस्ट के कर्मचारियों को इंक्रीमेंट लगाने की शक्तियां केवल निदेशक के पास हैं और वित्त विभाग की अनुमति के बिना ये शक्तियां जिला अधिकारियों को देय नहीं हैं।

इस मामले का समाधान करने की अपील राजकीय टीजीटी कला संघ ने राज्य स्कूल शिक्षा निदेशक से की है। संघ के राज्य महासचिव विजय हीर ने कहा कि अनेकों जिलों में शिक्षकों को ये लाभ नहीं मिल रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश से पहले स्वीकृत लाभों को ट्रेजरी से जारी करने के लिए वित्त विभाग से आज्ञा ली जाए और जिला शिक्षा उपनिदेशकों को इंक्रीमेंट देने की शक्तियों को उचित वैधानिक दर्जा देने हेतु वित्त विभाग से स्वीकृति ली जाए।

# जिला नूरपुर पुलिस का अवैध खनन माफिया पर शिकंजा, 21 वाहन जब्त

◆ **पुलिस ने कई क्षेत्रों में गश्त कर बढ़ाई निगरानी**

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के कुलभूषण वर्मा की ओर से अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए 24 घंटों के दौरान विशेष अभियान चलाया गया।

इस अभियान का नेतृत्व स्वयं पुलिस अधीक्षक ने किया और समस्त राजपत्रित अधिकारियों ने ब्यास नदी क्षेत्र में व्यापक निरीक्षण एवं औचक चेकिंग सुनिश्चित की।

क्षेत्र में संचालित स्टोन क्रशरों का गहन निरीक्षण कर खनन अधिनियम के नियमों के पालन की जांच की गई। अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए खन्नी, माजरा, रेय पत्तन, रियाली मंड, इंदौरा मंड और भोगरवान जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त और



निगरानी बढ़ाई गई। रेय पत्तन-रेहटपुर बेल्ट के संपर्क मार्गों पर गड्ढे खोदकर अवैध वाहनों की आवाजाही को प्रभावी रूप से बाधित किया गया। विशेष अभियान के दौरान पिछले 24 घंटों में अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त कुल 21 वाहनों (ट्रक, डंपर एवं ट्रैक्टर) को खनन अधिनियम के तहत जब्त किया गया और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के लिए न्यायालय में भेजा गया। पुलिस जिला नूरपुर ने स्पष्ट किया कि जनहित, पर्यावरण संरक्षण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अवैध खनन के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह अभियान क्षेत्र में कानून का सख्त संदेश देने और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

# एआई समिट में कांग्रेस का कृत्य राष्ट्र की अस्मिता पर हमला: परमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने एआई समिट के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से किए गए प्रदर्शन को लोकतांत्रिक विरोध नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रतिष्ठा पर सुनियोजित हमला' करार दिया है। उन्होंने कहा कि जिस मंच से भारत विश्व को अपनी तकनीकी शक्ति, डिजिटल क्रांति और आत्मनिर्भरता का संदेश दे रहा था, उसे कांग्रेस ने अपनी हताश और विफल राजनीति का अखाड़ा बना दिया।

परमार ने कहा कि एआई समिट किसी राजनीतिक दल का कार्यक्रम नहीं था, बल्कि भारत की सामर्थ्य और भविष्य का प्रदर्शन था। यह आयोजन उस समय हुआ जब विश्व भारत की ओर आशा और विश्वास से देख रहा है। ऐसे अवसर पर कांग्रेस का अमर्यादित और अराजक आचरण यह साबित करता है कि वह सत्ता से बाहर होकर बौखला चुकी है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व मंच पर एक निर्णायक और प्रभावशाली ग्लोबल लीडर के रूप में स्वीकार किया जा चुका है। जी-20 से लेकर वैश्विक आर्थिक और तकनीकी मंचों तक भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री के नेतृत्व की देन है। ऐसे में एआई समिट जैसे अंतरराष्ट्रीय महत्व के आयोजन पर हंगामा करना केवल एक कार्यक्रम का विरोध नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक छवि और भारत की अंतरराष्ट्रीय साख पर सीधा वार है। परमार ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की राजनीति सदैव राष्ट्रहित के विरुद्ध रही है। जब-जब भारत ने विश्व में अपनी ताकत दिखाई, कांग्रेस ने उसे कमजोर करने का प्रयास किया। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की उपलब्धियों को कमतर आंकना, देश की छवि को धूमिल करना और प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर सवाल उठाना यही कांग्रेस की पुरानी प्रवृत्ति रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, परंतु राष्ट्र की गरिमा को ठेस पहुंचाना देशद्रोही मानसिकता को दर्शाता है।

# उपमुख्य सचेतक पठानिया ने भलेड़ में किया स्वास्थ्य उपकेंद्र का उद्घाटन

## बोले- धारकंडी में सड़कों और पुलों के निर्माण पर 50 करोड़ रुपए व्यय

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के धारकंडी में विभिन्न सड़कों व पुलों के निर्माण और सुधारीकरण पर लोक निर्माण विभाग की ओर से लगभग 50 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। यह जानकारी शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने भलेड़ पंचायत में 24 लाख रुपए की लागत से बने स्वास्थ्य उपकेंद्र भलेड़ के उद्घाटन तथा राजकीय उच्च विद्यालय भलेड़ में 40 लाख रुपए की लागत से बनने वाले अतिरिक्त भवन के शिलान्यास अवसर पर दी। उन्होंने बताया कि जलशक्ति विभाग की ओर से पंचायत में सुचारु एवं निर्बाध पेयजल सुविधा के लिए लगभग 1.50 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। इसके अतिरिक्त धारकंडी क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था के सुधार के लिए लगभग 5 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं, जिससे कम वोल्टेज की




अतिरिक्त स्कूल भवन का भी शिलान्यास किया। अनंत ज्ञान

समस्या से राहत मिली है और लोगों को निर्बाध बिजली उपलब्ध हो रही है। उन्होंने जानकारी दी कि दरीणी में अत्याधुनिक तहसील भवन का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए 57 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हो चुकी है। शेष राशि भी समयानुसार जारी कर दी जाएगी।

इस अवसर पर उन्होंने भलेड़ महिला मंडल को 21 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। इससे पूर्व उन्होंने तल माता मंदिर के चरण पातका में निर्माणाधीन गेट का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की मुख्याध्यापिका बीके गुरुंग ने उपमुख्य सचेतक एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। भलेड़ के पूर्व प्रधान निर्मल सिंह ने पंचायत में हुए विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया, जबकि एसएमसी प्रधान पूजा देवी ने अतिरिक्त भवन के शिलान्यास के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं स्कूल भवन के लिए भूमि दान देने वाले जोंडा राम, रंजीत हेमराज और हरनाम को उपमुख्य सचेतक ने टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

### विधानसभा अध्यक्ष ने स्व. देवदत्त शर्मा के परिजनों को दी सांत्वना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शाहपुर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व. देवदत्त शर्मा के निवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की और गहरी संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया भी उनके साथ मौजूद रहे।

गौरतलब है कि देवदत्त शर्मा का शनिवार दोपहर हृदयगति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया था। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि स्वर्गीय देवदत्त शर्मा का सामाजिक सेवा का लंबा अनुभव रहा और उन्होंने संगठन तथा समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि उनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि देवदत्त शर्मा संगठन के साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहते थे तथा समय-समय पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान करते थे।

# ऋषि हॉस्पिटल इंदौरा में जांची 200 लोगों की आंखें



अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** ऋषि हॉस्पिटल इंदौरा में रविवार को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसका संचालन रोटरी नेत्र फाउंडेशन पालमपुर के सहयोग से हुआ। इस अवसर पर इंदौरा क्षेत्रवासियों की आंखों की जांच की गई और जरूरतमंदों को आंखों की दवाइयां वितरित की गई। शिविर में 200 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए डॉक्टर ऋषि शर्मा ने बताया कि मुख्य उद्देश्य इंदौरा क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि स्थानीय लोग इलाज के लिए बाहर न जाएं। इस अवसर पर डॉक्टर रोहित, नेत्र चिकित्सक रोटरी आई हॉस्पिटल पालमपुर, गणेश शर्मा निदेशक ऋषि हॉस्पिटल और मनोहर धीमान पूर्व विधायक इंदौरा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने लिया फाइव स्टार होटल में प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, गगल।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढुगियारी के 15 बच्चों ने धर्मशाला के पास डिकटु गांव में बने फाइव स्टार होटल में तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। स्कूल प्राध्यापक रवि चौधरी के अनुसार इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को होटल उद्योग और आतिथ्य सेवा के क्षेत्र में व्यवहारिक ज्ञान देना था। प्रशिक्षण के दौरान होटल के वरिष्ठ अधिकारियों और गोपाल, राजेंद्र, शशि पाल, राजेश कुमार, भारत सिंह, सनी एवं जितेंद्र ने विभिन्न विभागों की कार्य प्रणाली से विद्यार्थियों को अवगत कराया। शिक्षक रंजन चौधरी, राजेश शर्मा, रेणुका चौधरी और आशुतोष भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

## धर्मशाला में जिला योजना, विकास एवं 20 सूत्री कार्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

# अनुपस्थित अधिकारियों को जारी होंगे नोटिस : गोमा

◆ कहा, बीमार अधिकारी को प्रस्तुत करना होगा मेडिकल सर्टिफिकेट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में जिला योजना, विकास एवं 20 सूत्री कार्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक सोमवार को स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा विधि मंत्री यादवेंद्र गोमा ने की। गोमा ने बैठक में अनपुस्थित अधिकारियों पर संज्ञान लेने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी बीमारी की वजह से बैठक में नहीं आए हैं, उन्हें मेडिकल सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना होगा, जबकि अन्य जो अधिकारी नहीं आए हैं, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय बैठक पूर्व निर्धारित थी, ऐसे में जो अधिकारी नदारद रहेंगे, उनसे बैठक में न आने का कारण पूछा जाएगा। बैठक में समिति के गैर-आधिकारिक सदस्यों द्वारा विभिन्न जनहित के मुद्दे उठाए गए, जिनमें रोजगार, पंचायत स्तर के मामलों का शीघ्र निपटारा तथा आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विषय प्रमुख रहे।



बैठक की अध्यक्षता करते मंत्री यादविंद्र गोमा। अनंत ज्ञान

### सोलर लाइट्स के ज्यादा मामले

**यादवेंद्र** गोमा ने कहा कि बैठक में अधिकतर सदस्यों ने सोलर लाइट्स का मुद्दा उठाया है। कई जगह सोलर लाइट्स खराब हैं। कहीं सड़क खराब है, कहीं डंगों की आवश्यकता है। इस पर अधिकारियों को इन समस्याओं पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### बैठक से पहले सभी को पहुंचे एजेंडा

**खेल** मंत्री यादवेंद्र गोमा ने कहा कि बैठक का एजेंडा पहले से सभी के पास पहुंचना चाहिए। सभी सदस्यों को लिखित समस्याएं पहले से ही 20 सूत्री कार्यक्रम में जमा करवा देने की व्यवस्था शुरू करें।

### समस्या लेकर आने पर सही रास्ता दिखाएं

**गोमा** ने कहा कि कोई पीड़ित व्यक्ति अपनी समस्या लेकर आ रहा है, तो उन्हें सही रास्ता दिखाने के साथ सूचना दी जाए। विभागीय अधिकारियों के जवाब न देने पर कार्रवाई की जाएगी। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भी सभी कार्यों की रिपोर्ट बनती है, तो उसी तर्ज पर कार्य करते हुए लोगों को राहत देने का कार्य किया जाना चाहिए। अधिकारियों को पारदर्शिता के साथ काम करना होगा, इसके लिए डीसी भी सभी को निर्देश जारी करेंगे।

### मई तक सुनिश्चित हो लंबित भूमि आवंटन

**यादवेंद्र** गोमा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र भूमिहीन परिवारों को आवास निर्माण के लिए प्राथमिकता के आधार पर भूमि उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि लंबित आवेदनों का आवंटन मई माह पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी भूमिहीन परिवार आवास सुविधा से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि कांगड़ा जिले में 478 भूमिहीन परिवारों को आवास के लिए सरकार की ओर से भूमि उपलब्ध करवाई गई है।

### मांग अनुसार उपलब्ध हो रोजगार

**समीक्षा** के दौरान मनरेगा के अंतर्गत रोजगार उपलब्धता, जॉब कार्ड जारी करने की स्थिति तथा मजदूरी भुगतान की प्रगति पर भी चर्चा की गई। आयुष मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि मांग के अनुसार कार्य उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने, उन्हें समय पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराने तथा उनके उत्पादों के विपणन के लिए प्रभावी मंच उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया।

### समय पर भेजे जाएं यूसी

**यादविंद्र** गोमा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए तथा सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति करें। आयुष मंत्री ने अधिकारियों को उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी/सीसी) समय पर प्रेषित करने, योजनाओं की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में विकेंद्रीकृत योजना के तहत सेक्टरल डीसेंट्रलाइज्ड प्लानिंग (एसडीपी), विकास में जन सहयोग (वीएमजेएस), मुख्यमंत्री ग्राम पथ योजना (एमएमजीपीवाई) तथा अन्य मदों के तहत वर्ष 2024-25 की योजनाओं के शेल्फ को अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही वर्ष 2025-26 (20 फरवरी 2026 तक) की स्वीकृत योजनाओं, आवंटन और व्यय की भी विस्तृत समीक्षा की गई।

## 2023-24 के विभिन्न विभागों के 577 कार्य नहीं हो पाए शुरू

▶▶ विभिन्न बीडीओ के अंतर्गत सबसे अधिक 389 कार्य लंबित

▶▶ 31 मार्च तक विभागों को लंबित कार्य शुरू कर पूरा करने के निर्देश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 के विभिन्न विभागों के तहत कुल 577 कार्य अब तक शुरू ही नहीं किए जा सके हैं। 18 बीडीओ के तहत सबसे अधिक 389 कार्य लंबित पाए गए हैं। इस संबंध में सरकार व जिला प्रशासन की ओर से संबंधित विभागों को बजट लैप्स करने की चेतावनी जारी कर दी गई है। इसके तहत 31 मार्च तक कार्यों को शुरू कर पूरा करने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके बाद संबंधित पेंडिंग बजट सरकार के पास वापस पहुंचकर अन्य विकास कार्यों में प्रदान किया जाएगा। सोमवार को धर्मशाला में आयोजित जिला योजना, विकास एवं 20 सूत्री कार्यक्रम समीक्षा समिति की बैठक में आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा विधि मंत्री यादविंद्र गोमा ने संबंधित विभागों को रुके हुए कार्यों को पूरा किए जाने के दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

### 43407 योजनाओं को जारी हुए थे 601 करोड़ 26 लाख 68 हजार

**योजना** विकास के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में विभिन्न विभागों के लिए कुल 43 हजार 407 स्कीमें स्वीकृत की गई थी। इसके लिए 601 करोड़ 26 लाख 68 हजार की राशि प्रदान की गई थी। हालांकि, उक्त में से 577 ऐसे कार्य रहे हैं, जोकि तीसरे वर्ष के बाद भी शुरू ही नहीं हो पाए हैं। इसके चलते आठ करोड़ 37 लाख 31 हजार रुपए विकास कार्यों में प्रयोग होने की बजाय बेवजह से ही धूल फांक रहे हैं। इनमें जिले के 18 ब्लॉक डेवलपमेंट अधिकारी बीडीओ कार्यालय में 389 कार्य, लोक निर्माण विभाग के तहत 211 कार्य, जलशक्ति विभाग के 19, शहरी विकास विभाग के तहत 19, वन विभाग के वन मंडल अधिकारी के तहत आठ, राज्य विद्युत बोर्ड के तहत 14 अन्य पांच सहित कुल मिलाकर 577 कार्यों को अब तक शुरू ही नहीं किया जा सका है। इसमें बीडीओ देहरा गोपीपुर के तहत 116, पंचरुखी में 54 व बीडीओ सुरानी में 46 कार्य शुरू ही नहीं हो पाए हैं, जिससे बीडीओ में सबसे अधिक 389 कार्यों पर पूरी तरह से ब्रेक लगी हुई है। अब 31 मार्च से पहले-पहले उक्त कार्यों को शुरू कर पूरा न करने पर उक्त का बजट संबंधित विभागों को वापिस करना होगा।

## छह माह से बंद धर्मशाला बाईपास छोटे वाहनों के लिए खुला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला से मैक्लोडगंज को जाने वाला बाईपास मार्ग करीब छह माह बाद सोमवार को छोटे वाहनों के लिए खोल दिया है। जबकि सडक़ की सामान्य स्थिति रहने पर मंगलवार से बड़े वाहनों के लिए भी मार्ग को खोल दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार बीते साल अगस्त में भारी बारिश के कारण बाईपास रोड़ पर भूस्खलन हुआ था, जिससे इस सड़क मार्ग का कुछ हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके चलते इस संपर्क सड़क पर बीते करीब छह माह से वाहनों की आवाजाही बंद पडी थी। इसका परिणाम यह था कि धर्मशाला से मैक्लोडगंज आने-जाने के लिए केवल कोतवाली बाजार मार्ग ही एकमात्र विकल्प बचा था। कोतवाली बाजार से होकर ही वाहन गुजरने के कारण यहां वाहनों की संख्या अधिक हो रही थी। इससे बाजार में लंबे ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। अब इस मार्ग के खुलने से यहां से छोटे व बड़े वाहन गुजर सकेंगे और कोतवाली बाजार से वाहनों का दबाव भी कम होगा। उधर, डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि पिछले वर्ष भूस्खलन के दौरान बाईपास रोड़ पर सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से को एनएचएआई की ओर से दुरूस्त करने का कार्य कर दिया गया है। मार्ग को छोटे वाहनों के लिए खोल दिया गया है, जबकि मंगलवार से बड़े वाहनों की आवाजाही भी शुरू कर दी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मलकेहड़ में लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर




**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के मलकेहड़ पंचायत में कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक गढ़ जमूला शाखा की ओर से वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें शाखा प्रबंधक सुनील राणा की ओर से बैंक की विभिन्न योजनाओं व नाबार्ड प्रायोजित योजनाओं के बारे में स्थानीय ग्रामीणों को जानकारी दी गई। शिविर में लगभग 80 लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई। इसमें लोगों को मुख्यतः ई केवाईसी, किसान ऋण, स्वयं सहायता समूह की जानकारी दी गई।

### लोअर लंबागांव में नए विद्यालय का शुभारंभ



**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** डीएवी मैनेजिंग कमेटी न्यू दिल्ली की ओर से डीएवी लोअर लंबागांव में नए विद्यालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के एआरओ बिक्रम सिंह प्रधानाचार्य डीएवी आलमपुर, मैनेजर सुरजीत राणा प्रधानाचार्य डीएवी विद्यालय भडोली (नादौन) , महेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य डीएवी विद्यालय हमीरपुर, स्थानीय समिति के प्रधान बिहारी लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ यज्ञ से हुआ जिसमें सभी गणमान्य अतिथिगणों, अभिभावक वर्ग व बच्चों ने श्रद्धाभाव से भाग लिया। एआरओ बिक्रम सिंह ने कहा कि डीएवी संस्थाएं बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कारों का समावेश भी करती हैं । बच्चों का सर्वांगीण विकास करना ही डीएवी संस्थाओं का प्रमुख उदेश्य है।

### आवेदनकर्ता 3 दिन में बताएं सिटिंग कैपासिटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश सरकार, परिवहन विभाग द्वारा राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के अंतर्गत अधिसूचित चिह्नित मार्गों पर स्टेज कैरिज सेवाओ के लिए हिमाचल के स्थायी निवासियों के लिए 18 से 42 सीटर बसों के लिए आवेदन 19 फरवरी 2026 तक मांगे गए हैं। जिन भी प्रार्थियों ने एचपीडीटी के सॉफ्टवेयर में ऑनलाइन अप्लाई किया हैं तथा आवेदनों में सीटिंग नहीं दर्शाई है, उनसे अनुरोध है कि वह सीटिंग निर्धारित करके लिखित रूप में आवेदन पत्र के माध्यम द्वारा इस कार्यालय में तीन दिन के भीतर जमा करवाना सुनिश्चित करें, अन्यथा आवेदन पर विचार भी नहीं किया जाएगा।।

### वनाग्नि के खतरों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** द हंस फाउंडेशन भवारना ब्लॉक की ओर से वनाग्नि के विनाशकारी प्रभावों के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गगल खोली में विशेष रैली आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य कैलाश आनंद के प्रेरक संबोधन से हुई। कम्युनिटी ऑर्गेनाइजर विनीत राणा ने विद्यार्थियों को वनाग्नि के कारणों और दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी। ब्लॉक समन्वयक विशाल कुमार और विद्यालय स्टाफ के नेतृत्व में छात्रों ने प्रभावशाली नारों के साथ रैली निकाली। विद्यालय प्रशासन ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए छात्रों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की।

### प्राची मिस और अर्चित बने मिस्टर फेयरवेल



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोअर लंबागांव में 12वीं कक्षा के सम्मान में एक विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। अध्यापकों ने भी अपने विचार सांझा किए और बच्चों को सही राह पर चलने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन मनोरंजन किया। इस दौरान प्राची को मिस फेयर वेल और अर्चित को मिस्टर फेयर वेल के खिताब से नवाजा गया। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सरोज ठाकुर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।

### वार्डों के परिसीमन का प्रस्ताव जारी, आपत्तियां 27 तक

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि जिला परिषद कांगड़ा के वार्डों के परिसीमन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस संबंध में हिमाचल प्रदेश सरकार के निदेशक एवं विशेष सचिव (पंचायती राज) के निर्देशों के के दृष्टिगत कार्रवाई अमल में लाई गई है। उपायुक्त ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा-89 तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम-9 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला परिषद कांगड़ा के वार्डों के परिसीमन के प्रस्ताव को प्रकाशित किया है। उपायुक्त ने बताया कि प्रस्तावित परिसीमन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा जनप्रतिनिधि को कोई आपत्ति या सुझाव हो तो वह 27 फरवरी 2026 तक, संबंधित खंड विकास अधिकारी के माध्यम से उपायुक्त कार्यालय कांगड़ा को प्रेषित कर सकता है।

## स्वाभिमान पार्टी की बैठक में ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** स्वाभिमान पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राज सूद की अध्यक्षता में बैजनाथ में हुई। बैठक में स्वाभिमान पार्टी के हिमाचल प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान क्षेत्र की वर्तमान ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई।

विशेष रूप से युवाओं में बढ़ती नशे की लत, बेरोजगारी की गंभीर स्थिति, राजनीतिक एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार, स्थानीय संस्कृति के संरक्षण तथा समाज में नैतिक मूल्यों के प्रसार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि जननीति अभियान के राष्ट्रीय निदेशक तथा अन्ना हजारे की कोर टीम के सदस्य अभिषेक ने कहा कि देश में नैतिक मूल्यों में बहुत गिरावट आई है। हमें हर क्षेत्र में नैतिक नेतृत्व खड़ा करने की आवश्यकता है। सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने निर्णय लिया कि इन सभी मुद्दों को लेकर एक समग्र जन-अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान पूरे बैजनाथ क्षेत्र, कांगड़ा जिला तथा समूचे हिमाचल प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से जमीनी स्तर पर संचालित किया जाएगा। अभियान के माध्यम से जनजागरण, संवाद कार्यक्रम, युवा सम्मेलन एवं सामाजिक सहभागिता के विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राज सूद ने कहा कि संगठन प्रदेशभर में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा ।बैठक में कमांडर हेम राज शर्मा, रमेश भाऊ, जगजीत चंद्र कटोच, देसराज वालिया, डॉ. राम स्वरूप शर्मा, राजिंदर सिंह राणा, धर्म सिंह कपूर, राजपाल राणा सहित अन्य गणमान्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय साइंस ओलंपियाड में स्प्रिंग डेल के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन, झटके स्वर्ण पदक

अनंत ज्ञान

**जवाली।** साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन नई दिल्ली की ओर से आयोर्जित अंतरराष्ट्रीय साइंस ओलंपियाड प्रतियोगिता में स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के 25 बच्चों ने भाग लिया। इसमें चौथी कक्षा की छात्रा आनाया ठाकुर, आराधना छठी कक्षा की छात्रा नव्या, गुरलीन तथा सक्षम ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक तथा प्रशंसनीय पत्र हासिल किए। अन्य कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को भी साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा प्रशंसनीय पत्र प्रदान किए गए।

स्प्रिंग डेल स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल ने बच्चों के उत्साह को बढ़ाते हुए उन्हें बताया कि विज्ञान आधुनिक जीवन का आधार स्तंभ है, जो हमारे जीवन को सरल, तेज और आरामदायक बनाता है। यह चिकित्सा संचार परिवहन और कृषि जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी बदलाव लाकर जीवन स्तर को उन्नत करता है। विज्ञान हमें जिज्ञासा, तार्किक सोच और प्राकृतिक घटनाओं को समझने की क्षमता प्रदान करता है।

स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल, अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र, एमडी पवन चौधरी तथा अन्य कमेटी सदस्यों ने बताया कि यह जवाली सिटी के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है तथा साथ ही छात्र-छात्राओं को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उन्हें इसी तरह आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। अन्य छात्रों को भी विज्ञान पर प्रकाश डालते हुए हर एक्टिविटी में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।



साइंस ओलंपियाड प्रतियोगिता में 25 बच्चों ने लिया भाग। अनंत ज्ञान

## चुगलाखंग बौद्ध मठ में धर्मगुरु दलाईलामा की दीर्घायु के लिए प्रार्थना का आयोजन



तिब्बत के पूर्व राजनीतिक बंदियों की ओर से किया आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो। धर्मशाला।** बौद्ध नगरी मैक्लोडगंज स्थित चुगलाखंग बौद्ध मठ में सोमवार को धर्मगुरु दलाईलामा की दीर्घायु के लिए प्रार्थना का आयोजन किया गया। इसमें धर्मगुरु दलाईलामा ने स्वयं शिरकत की। यह आयोजन विश्वभर में रह रहे पूर्व तिब्बतियन राजनीतिक बंदियों और ल्हासा बॉयज एसोसिएशन की ओर से किया गया। इसमें भारी संख्या में निर्वासित तिब्बतियों, बौद्ध भिक्षुओं व देश व विदेश के बौद्ध अनुयायियों ने भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज करवाते हुए धर्मगुरु के दर्शन किए। दीर्घायु प्रार्थना में कम से कम 17 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जो तिब्बती निर्वासित समुदाय की वैश्विक उपस्थिति को उजागर करता है। कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे निर्वासित तिब्बतियों व विदेशी बौद्ध अनुयायियों का कहना था कि धर्मगुरु की मौजूदगी से यह आयोजन महत्वपूर्ण हो गया है। कई ऐसे विदेशी नागरिक थे, जो कि आज के दिन धर्मगुरु के दर्शनों के लिए विशेषकर मैक्लोडगंज पहुंचे थे।

## धर्मशाला में जायका समर्थित कृषि परियोजनाओं की प्रथम राष्ट्रीय कार्यशाला आज से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना की ओर से 'सतत कृषि एवं कृषि-व्यवसाय विकास' विषय पर जायका सहायता प्राप्त कृषि परियोजनाओं की प्रथम राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 24 से 26 फरवरी तक धर्मशाला में किया जाएगा। परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार कार्यशाला के उद्घाटन करेंगे। कार्यशाला में जायका इंडिया के मुख्य प्रतिनिधि काउची ताकुरो, जायका इंडिया के वरिष्ठ प्रतिनिधि वाकमात्सू एइजी, हिमाचल प्रदेश सरकार के कृषि सचिव डॉ. सी पॉल रासू तथा डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन के कुलपति डॉ. आर सिंह चंदेल सहित सतत कृषि एवं कृषि-व्यवसाय के अन्य विशेषज्ञ भाग लेंगे। कार्यशाला में देशभर से 300 से अधिक विशेषज्ञ एवं प्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रतिभागियों में भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार के अधिकारी, देशभर की विभिन्न जायका सहायता प्राप्त परियोजनाओं के प्रतिनिधि, किसान उत्पादक संगठन, सफल कृषि उद्यमी, एग्री-टेक नवप्रवर्तक, प्रगतिशील किसान एवं अन्य प्रमुख हितधारक शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला सतत कृषि विकास एवं कृषि-व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए ज्ञान-विनिमय, सहयोग और नीतिगत संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होगी।

## बच्चा तस्करी गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 6 और आरोपी गिरफ्तार

◆ अब तक 9 गिरफ्तारी, पांच महिलाएं भी शामिल

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** संसारपुर टैरेस पुलिस थाना टीम ने अंतरराज्यीय बच्चा तस्करी गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक और बड़ी सफलता हासिल की है। बच्चा गोद देने के नाम पर सक्रिय गिरोह मामले में पुलिस ने 6 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इस मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। अब तक कुल 9 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। वहीं आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 2 दिन पुलिस के रिमांड पर भेजा है।

गिरफ्तार आरोपियों में 5 महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं, आरोपियों की पहचान कुलविंद्र कौर उर्फ राजू (45) पत्नी बलवीर उर्फ राजा, निवासी गांव टुटकलां, तहसील व थाना नकोदर, जिला जालंधर (पंजाब), नीलम सिंह (45) पुत्र सौदागर सिंह, निवासी भंगी नगर गली नं. 06, बठिंडा (पंजाब), रिम्पी (38) पत्नी नीलम सिंह, निवासी भंगी नगर गली नं. 06, बठिंडा (पंजाब), किरण उर्फ काली (30) पत्नी रवि, निवासी गांव कालेवाल, जिला सिरसा (हरियाणा), हाल पता वार्ड नं. 06, नजदीक शनि मंदिर, जिला मानसा (पंजाब), जसमेल कौर उर्फ भोलो (60) पत्नी गुरचरन सिंह, निवासी गली नं. 01, उधम सिंह नगर, नजदीक रेलवे फाटक, बठिंडा (पंजाब) और करमजीत कौर (32) उर्फ काले पत्नी सलविंद्र सिंह उर्फ लड्डू, मकान नं. 139, कच्चा धोबीयाना, नजदीक बाबा पीर बाबा वीर सिंह गुरुद्वारा, थाना सिविल लाइन, बठिंडा (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर गहन पूछताछ की जा रही है। इस मामले में मयंक चौधरी (एसपी देहरा) ने बताया कि पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।

प्रारंभिक जांच में यह मामला एक बड़े अंतर्राज्यीय नेटवर्क से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि गिरोह से जुड़े अन्य संदिग्धों की पहचान कर जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस मामले की हर पहलू से गंभीरता से जांच कर रही है और आने वाले दिनों में और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## चुनाव — योल व्यापार मंडल के चुनाव में उपाध्यक्ष व सह सचिव निर्विरोध चुने थे

## सन्नी भाटिया अध्यक्ष और मनोज चंदेल महासचिव

अनंत ज्ञान

**मनोज चंदेल, योल।** योल व्यापार मंडल के चुनाव बुधवार को पूर्णत: लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत संपन्न हुए। चुनाव संचालन के लिए 13 सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया गया था। चुनाव से पूर्व चुनाव समिति की देखरेख में व्यापार मंडल की सदस्यता प्रक्रिया चलाई गई, जिसमें लगभग 298 व्यापारियों का पंजीकरण किया गया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान उपाध्यक्ष एवं सह सचिव पद पर प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

इसके बाद अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष इन तीन पदों के लिए मतदान कराया गया। अध्यक्ष पद के लिए समाजसेवी व्यापारी सन्नी भाटिया का मुकाबला पूर्व उपाध्यक्ष एवं पिछले तीन वर्षों तक अध्यक्ष रहे अक्षत मैनी से था। कड़े मुकाबले में सन्नी भाटिया ने 18 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। परिणाम घोषित होने तक दोनों पक्षों के समर्थकों की सांसें थमी रहीं। महासचिव पद पर गोकुल स्वीट्स के संचालक मनोज चंदेल और इंद्रप्रीत सिंह के बीच सीधा मुकाबला हुआ। इस चुनाव में मनोज चंदेल ने 47 मतों से जीत हासिल की। कोषाध्यक्ष पद पर पहली बार किसी महिला प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। चांद रानी चड्ढा ने विकास धीमान को मात्र 8 मतों से पराजित कर इतिहास रचा। व्यापारियों ने महिला नेतृत्व का स्वागत करते हुए इसे सकारात्मक बदलाव बताया। इस बार चुनाव को योल के व्यापारियों ने उत्सव के रूप में मनाया। पूरे कस्बे में उत्साह का माहौल रहा और व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। नवगठित कार्यकारिणी से व्यापारियों को उम्मीद है कि वह उनके हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगी। चुनाव की विशेष बात यह रही कि नई कार्यकारिणी में अनुभव और ऊर्जा का संतुलित समावेश देखने को मिला। उप प्रधान के लिए निर्विरोध चुने गए रमन चौधरी पिछले 6 वर्षों से लगातार कार्यकारिणी में चुने जाते रहे हैं। वह दो बार महासचिव रह चुके हैं और इस बार उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। व्यापार मंडल के चुनाव शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर व्यापारियों ने संतोष व्यक्त किया और नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।



योल व्यापार मंडल के नवर्निवाचित पदाधिकारी। अनंत ज्ञान

## तृप्ता पब्लिक स्कूल के स्काउट गाइड मास्टर को किया सम्मानित



हटवास में आयोजित स्काउट एवं गाइड फाउंडेशन-डे पर नवाजा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जवाली।** स्काउट एवं गाइड फाउंडेशन डे राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल हटवास में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में बासु कौशल चीफ कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट आईएफएस और डिप्टी डायरेक्टर कमलेश कुमारी ने शिरकत की। इस उपलक्ष्य पर तृप्ता पब्लिक स्कूल चालवाड़ा के स्काउट-गाइड मास्टर अजयेंद्र सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पित सेवा के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

यह गौरवपूर्ण सम्मान समारोह स्काउट एवं गाइड आंदोलन के 75 वर्ष पूर्ण होने तथा संस्थापक राबर्ड बेडेन पॉवेल फादर ऑफ स्काउट एंड गाइड एवं उनकी धर्मपत्नी ओलेव बेडेन पॉवेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 22 फरवरी को आयोजित किया गया। यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण का प्रतीक है, बल्कि तृप्ता पब्लिक स्कूल, चलवाड़ा के लिए भी अत्यंत गर्व का विषय है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश राणा ने कहा कि हमारे विद्यालय के शिक्षक विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना एवं राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करने में निरंतर प्रयासरत हैं। अजयेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में विद्यालय के स्काउट-गाइड विद्यार्थी विभिन्न सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। समारोह में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों एवं अतिथियों ने तृप्ता पब्लिक स्कूल, चलवाड़ा के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने की शुभकामनाएं दी।

## न्यूज ब्रीफ

### साइबर ठगी से बचने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन की जीहण पंचायत के बढ़ेरा गांव में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड शाखा बड़ा की ओर से वित्तीय एवं डिजिटल जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांगड़ा बैंक के शाखा प्रबंधक लवकेश वर्मा एवं बैंक के अन्य कर्मचारी कमल किशोर और बेबी ने ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग, साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन लेन-देन, यूपीआई, एटीएम उपयोग और वित्तीय साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

### 10 मार्च तक बंद रहेंगी बड़सर उपमंडल की 2 सड़कें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बड़सर उपमंडल के तहत मलहेड़ा-नैण-रप्पड़ सड़क और बणी-मटकर सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन कार्य के चलते इन सड़कों पर यातायात 10 मार्च तक बंद रहेगा। जिलाधीश गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि दोनों सड़कों की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए उक्त सड़कों पर वाहनों की आवाजाही 10 मार्च तक बंद की गई है। वाहन चालक मलहेड़ा-नैण-रप्पड़ सड़क के बजाय दरकोटी-झंजियाणी सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। बणी-मटकर सड़क के बजाय मैहरे-घोड़ी धबीरी सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

### यूजीसी के विरोध में 7 मार्च को निकलेगी रैली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजपूत महासभा सामान्य वर्ग संयुक्त मंच के साथ यूजीसी के विरोध में 7 मार्च को सुबह 10 बजे गांधी चौक पर रैली का आयोजन कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ रैली कर यूजीसी गाइडलाइन को रद्द करने की मांग करेगी। महासभा ने रैली में जिलेभर से हजारों सामान्य वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही राजपूत महासभा उच्च शिक्षण संस्थानों में जारी अधिसूचना के अनुसार 45 दिन से ज्यादा किसी भी नियुक्ति पर आरक्षण देने के मामले में ईडब्ल्यूएस को नजरअंदाज करने पर भी नाराजगी व्यक्त करती है।

### मस्याणा, बजूरी में आज 2 घंटे बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के तहत नाल्टी फीडर की लाइन एवं उपकरणों की आवश्यक मरम्मत के कारण 24 फरवरी को गांव मस्याणा, बजूरी, दुलेहड़ा और साथ लगते अन्य गांवों में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### लोहारली में लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा चकमोह के सौजन्य से लोहारली पंचायत के वार्ड नंबर 5 में नाबार्ड की वित्तीय समावेशन निधि से वित्त पोषित वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वयं सहायता समूहों, महिला मंडलों सहित लगभग 50-55 ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को जन धन योजना, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व अटल पेंशन योजना की जानकारी दी गई। वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार व प्रबंधक समशेर राणा का ग्रामीणों ने आभार जताया।

### महंत राजिंद्र गिर ने किया गोशाला का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गलोड़ क्षेत्र के हड़ेटा में सोमवार को पौणाहारी गोशाला का दियोटसिद्ध के महंत श्रीश्री 1008 राजिंद्र गिर जी ने गो पूजन के साथ गोशाला का शुभारंभ किया। इस दौरान बाबा जी की विशाल चौकी का भी आयोजन किया गया, जिसमें रोहित शर्मा व आशु शर्मा ने बाबा जी की महिमा का गुणगान किया।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अतिशा प्रथम

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** राजकीय महाविद्यालय बड़सर में एचआईवी एड्स के ऊपर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विक्रम सिंह ठाकुर ने की। नारा लेखन प्रयोग प्रतियोगिता में सैली अग्निहोत्री ने प्रथम स्थान व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अतिशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में साहिल ने प्रथम रही। प्राचार्य ने बच्चों को एड्स के प्रति जागरूक रहने तथा नशे से दूर रहने के लिए कहा।

# स्मार्ट बिजली मीटर के विरोध में भोरंज में उठी आवाज

अनंत ज्ञान



एसडीएम के माध्यम से पीएम व सीएम को भेजा ज्ञापन। अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने के निर्णय के विरोध में लोगों ने एकजुट होकर प्रशासन के माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज करवाई। उपभोक्ताओं ने एसडीएम शशि पाल शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में कहा कि प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व आम जनता की राय नहीं ली गई और न ही पर्याप्त जन जागरुकता अभियान चलाया गया। इस तरह की महत्वपूर्ण योजना को लागू करने से पहले जनसंवाद और पारदर्शिता आवश्यक है। उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर लागू होने के बाद बिजली बिलों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है, जिससे आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। ग्रामीण इलाकों में नेटवर्क और तकनीकी सुविधाओं की कमी के चलते स्मार्ट मीटर का सुचारु संचालन संभव नहीं हो पाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को असुविधा होगी। ज्ञापन में उल्लेख किया कि जब तक जनता की सहमति और प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को स्थगित रखा जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की कि जनता के हित को सर्वोपरि रखते हुए इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए। लोगों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो वे आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे। इस दौरान पपलाह के पूर्व प्रधान अंकुश सैणी, गरसाहड़ के पूर्व उपप्रधान विकास शर्मा, पलपल के पूर्व प्रधान जोगेंद्र सिंह, गरसाहड़ पंचायत की पूर्व प्रधान रेखा देवी, पूर्व बीडीसी अनिता शर्मा, प्रीतम शर्मा, जगत राम सहित कई अन्य महिलाएं, ग्रामीण एवं उपभोक्ता उपस्थित रहे।

## पंचायत स्तर तक पहुंचा स्मार्ट मीटर का विरोध



विद्युत उपमंडल धनेटा के दफ्तर के बाहर नारेबाजी की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**धनेटा।** उपमंडल नादौन के भदरूं पंचायत में रिटायर्ड इंप्लाइज संगठन के नेतृत्व में भदरूं, धनेटा वैहरड़, मनसाई पंचायत के लोगों ने विद्युत विभाग यूनियन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा के नेतृत्व में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। वहीं, विद्युत उपमंडल धनेटा के दफ्तर में एकत्रित होकर नारेबाजी की व सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा। कुलदीप ने कहा कि जब प्रदेश में कहीं बिजली नहीं थी, तो सरकार द्वारा रखे गए कर्मचारियों ने अपने कंधे पर बिजली के खंभे ले जाकर दुर्गम रास्तों से होते हुए वहां तक बिजली पहुंचाई और आज जब सब कुछ ठीक चल रहा है तो सरकार कर्मचारी न रखकर इस विभाग को कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए उन्हें सौंप रही है। इससे युवाओं को रोजगार की संभावनाएं खत्म होंगी।

वहीं, यही बिजली हमें मनमाने दामों पर दी जाएगी। सरकार से मांग की है कि इन स्मार्ट मीटर को हटाया जाए और अगर लगाने ही हैं तो इन्हें विभाग के माध्यम से लगाए जाएं।

# सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर का शुरू हुआ मेंबरशिप अभियान

## मार्च के अंत में जनरल हाउस, फिर होंगे चुनाव, नए नियमों के तहत कम से कम 31 मेंबर चाहिए

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** करोड़ों की जमा पूंजी के प्रभाव वाली यहां स्थित 'सीनियर सिटीजन काउंसिल' हमीरपुर में पिछले कुछ समय से विवादों की वजह से चल रही उठा-पटक का 'पटाक्षेप' चुनावी प्रक्रिया मुकम्मल होने से खत्म होने की उम्मीद जगी है। इस प्रक्रिया में लाइफटाइम मेंबर्स के लिए अभियान शुरू हो चुका है।

नए नियमों के तहत कम से कम 31 मेंबर चुनाव प्रक्रिया मुकम्मल करने के लिए जरूरी किए गए हैं। सीनियर सिटीजन काउंसिल का गठन वर्ष 1999 में हुआ था, लेकिन उसके बाद लाइफ टाइम मेंबर्स का कभी भी अभियान नहीं चला। अब प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद पहली मर्तबा यह प्रक्रिया शुरू हुई है। यह संस्था हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में रोगियों और उनके तीमारदारों को शुरू से दो वक्त का खाना और ब्रेकफास्ट के अलावा उनकी आर्थिक रूप में भी सामाजिक सिस्टम में जरूरतमंदों को अलग-अलग सिस्टम से मदद करती आ रही है। संस्था के साथ डोनेशन देने के मामले में तकरीबन 4000 लोग जुड़े हुए हैं और इन्हीं के द्वारा इकट्ठा होने वाला पैसा रोगी कल्याण पर खर्च किया जाता है। इसमें काउंसिल के कई गैर जरूरी सदस्य अभी भरपूर योगदान देते हैं और सुबह, दोपहर और शाम को उनकी मौजूदगी सेवा के लिए खास रहती है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### नए नियमों के तहत दो टर्म ही कोई व्यक्ति बन सकेगा अध्यक्ष

**इस** संस्था के अध्यक्ष के रूप में दिवंगत ज्ञानचंद शर्मा का भी काफी लंबा कार्यकाल रहा है, लेकिन वर्ष 2018 से 2022 तक शंकर दास और 2022 से 2024 से लेकर अभी तक विजय पुरी मौजूदा अध्यक्ष हैं। कोई भी लाइफटाइम व्यक्ति नए नियमों के तहत दो टर्म ही अध्यक्ष बन सकेगा।

### अभी संस्था के हैं करीब 15 सदस्य

**अभी** इस संस्था के करीब 15 सदस्य हैं। अब नई चुनाव प्रक्रिया के लिए कम से कम 31 सदस्यों की मौजूदगी बनाई गई है। इन दिनों सदस्य बनाने का अभियान चल रहा है। संस्था के पास करोड़ों की जमा पूंजी है। 5 करोड़ के आसपास की राशि एफडीआर के रूप में बैंक में जमा है। इसका लाखों का ब्याज संस्था के खाते में आता है। भोजन पर लगभग 65 लाख का सालाना खर्च संस्था को करना पड़ता है। सेवा भाव के खर्च भी यह काउंसिल करती है। डोनेशन के रूप में जितना पैसा आता है। उसका लगभग 80 फीसदी संस्था को खर्च करना पड़ता है। संस्था में नई प्रक्रिया शुरू होने के पीछे मुख्य कारण सदस्यता और मतदान अधिकार को लेकर उत्पन्न विवाद रहा है। पहले 1999 के नियमों के तहत संस्था लगभग 15 सदस्यों तक सीमित रहती थी, जबकि अब प्रस्तावित व्यवस्था में 100 से 200 सदस्यों को वोटिंग का अधिकार दिया जा सकता है। गैर-जरूरी और बिना मतदान अधिकार वाले सदस्यों की भूमिका पर सवाल उठने से विवाद गहराया। पिछले दो-ढाई महीनों की घटनाओं के बाद एसडीएम संजीत सिंह ने सदस्य संख्या बढ़ाने और निर्धारित समय सीमा में नई चुनाव प्रक्रिया पूरी करवाने के लिए बैठकों का आयोजन किया है। अब वर्ष 2006 के नए नियमों के तहत यह चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई है।

### 15 मार्च तक चलेगा मेंबरशिप अभियान : विजय

**सभा** के प्रधान विजय कुमार पुरी का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, इसमें मेंबरशिप अभियान 15 मार्च तक होगा। इसके बाद जनरल हाउस की बैठक होगी, जिसके बाद फिर इलेक्शन होगा। उन्होंने कहा कि संस्था के पास जो पैसा डोनेशन का आ रहा है, उसे प्रॉपर तरीके से जरूरमंदों की सेवा के लिए खर्च किया जा रहा है। तकरीबन 5 करोड़ की राशि एफडीआर के रूप में भी जमा है। डोनेशन देने वालों की तादाद बढ़ी है। लाइफटाइम मेंबरशिप का दौर जारी है, इसमें जितने भी सदस्य आएंगे तो वे सभी जनरल हाउस में शिरकत करेंगे।

## पपलोहल ओवरहेड टैंक निर्माण कंपनी लगा रही बिजली व जल शक्ति विभाग को चूना

### हैंडपंप से कमर्शियल कार्य लिए सीधा कनेक्शन





बिजली व जल शक्ति विभाग को नहीं कोई जानकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए भाखड़ा बांध से आने वाली पेयजल योजना का कार्य करवाने वाली कंपनी नियमों को ताक पर रखकर कार्य कर रही है। ऐसा लगता है कि जल शक्ति विभाग व विद्युत विभाग कंपनी के आगे नतमस्तक हो गया है। यह पेयजल स्कीम लगभग 132 करोड़ रूपए की लागत से बनकर तैयार होगी।

बता दें कि दंदवीं पंचायत के पपलोहल में एक ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य चला हुआ है। यह कार्य पिछले लगभग 1 वर्ष से जारी है, विभागीय जानकारी के अनुसार, लगभग 50000 गेलन अपनी क्षमता का टैंक बनाया जा रहा है, परंतु निर्माण कंपनी द्वारा नियमों को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है। कंपनी ने साथ लगते हैंडपंप से कमर्शियल यूज के लिए कनेक्शन ले रखा है। इसके साथ जो बिजली का कनेक्शन हैंडपंप से पानी उठाने के लिए लगाया गया है, वहां से ही बिजली का सीधा कनेक्शनल लिया है। इसको कैसे लिया गया यह किसी भी अधिकारी-कर्मचारी को कोई जानकारी नहीं है। अब सवाल पैदा होता है कि क्या विभागीय अधिकारी उस कार्य को चेक करने के लिए नहीं गए होंगे। स्थानीय लोगों का कहना है बाहर की कंपनी यहां पर निर्माण कार्य करवा रही है, उसमें गोलमाल हो रहा है। प्रदेश सरकार पहले से ही क्राइसिस में चल रही है और अधिकारी अपने एसी कार्यालय में मजे लूट रहे हैं। वहीं, जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता अनिल कुमार धीमान हैंडपंप का पानी केबल पीने के लिए उपयोग कर सकते हैं। कमर्शियल यूज के लिए नहीं, अगर ऐसा होगा तो कड़ी करवाई की जाएगी। बिजली विभाग बिझड़ी कोटला के सहायक अभियंता यासीन शर्मा का कहना है इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। संबंधित जेई से रिपोर्ट मांग कर कड़ी करवाई अमल में लाई जाएगी।

## विधायक रणजीत ने वर्षाशालिका के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



निर्माण कार्य का जायजा लेते विधायक कैप्टन रणजीत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** विधायक कैप्टन रणजीत राणा ने कक्कड़ मुख्य बाजार क्षेत्र में वर्षाशालिका के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

बिना किसी पूर्व सूचना के उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई और स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य का जायजा लिया। ठेकेदार से निर्माण की प्रगति, उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता तथा निर्धारित समय-सीमा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य समय पर पूर्ण हो और आम जनता को इसका लाभ शीघ्र मिल सके। लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र का समग्र विकास है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्वीकृत प्रत्येक परियोजना का उद्देश्य जनता को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है और वे स्वयं यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी कार्य में गुणवत्ता से समझौता न हो।

## वरिष्ठ नागरिक समाज का अनुभव और नैतिक मूल्यों का सशक्त आधार: राकेश

### भाजपा कार्यालय में वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ की परिचायक बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान



योजनाओं को लोगों के बीच में ले जाने पर की चर्चा। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के बस स्टैंड के समीप स्थित पार्टी कार्यालय में वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ की परिचायक बैठक जिला संयोजक अजीत शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर तथा वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक देवराज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इनके अलावा प्रदेश सह संयोजक अजमेल वर्मा, जिला सह संयोजक त्रिलोक शर्मा, चत्तर सिंह कौशल, सुखदेव सिंह ठाकुर, कर्मी देवी धीमान, तारा चंद ठाकुर सहित प्रकोष्ठ के अन्य पदाधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज का अनुभव, मार्गदर्शन और नैतिक मूल्यों का सशक्त आधार हैं। भाजपा ने सदैव वरिष्ठजनों के सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक सहभागिता को प्राथमिकता दी है। वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ केवल संगठनात्मक इकाई नहीं, बल्कि पार्टी की वैचारिक विरासत और सामाजिक सरोकारों का प्रतिनिधि मंच है।

उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे गांव-गांव जाकर वरिष्ठ नागरिकों को पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें तथा उनके सुझावों को संगठन तक पहुंचाएं। प्रदेश संयोजक देवराज शर्मा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ का उद्देश्य केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में वरिष्ठजनों के अधिकारों, सम्मान और कल्याण के लिए सक्रिय भूमिका निभाना भी है। उन्होंने कहा कि प्रकोष्ठ वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उन्हें उचित मंच तक पहुंचाने का कार्य करेगा। साथ ही स्वास्थ्य, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा और अन्य योजनाओं के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे

## सुक्खू सरकार की नाकामियों और कुप्रबंधन ने राज्य को कर्ज के जाल में फंसाया : कमलेश

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, हमीरपुर।** भोरंज की पूर्व विधायक एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री कमलेश कुमारी ने कहा कि हिमाचल इस समय आर्थिक दौर से गुजर रहा है। प्रदेश की वित्तीय स्थिति इतनी नाजुक हो चुकी है कि इसे 'आर्थिक कंगाली' का नाम दिया जा रहा है। जनता का आरोप है कि कांग्रेस नेतृत्व की नाकामियों और कुप्रबंधन ने राज्य को कर्ज के ऐसे जाल में फंसा दिया है, जिससे निकलना नामुमकिन लग रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश का 'रीढ़ की हड्डी' कहे जाने वाले कर्मचारी और पेंशनभोगी आज अपने हक के लिए तरस रहे हैं। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब हजारों कर्मचारियों और करीब 1.5 लाख पेंशनभोगियों को समय पर भुगतान नहीं मिला। 2016 से लंबित वेतन आयोग के एरियर और महंगाई भत्ते की किस्तों को लेकर पेंशनर संगठनों ने शिमला में जोरदार प्रदर्शन किया है। उनका आरोप है कि सरकार एक तरफ खजाना खाली होने का रोना रोती है, वहीं दूसरी तरफ फिजूलखर्ची जारी है। उन्होंने कहा कि हालिया आंकड़ों के अनुसार, हिमाचल में युवा बेरोजगारी दर देश में सबसे अधिक (33.9%) दर्ज की गई है। शिक्षित युवा नौकरियों की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं, जबकि सरकारी भर्ती प्रक्रियाएं ठप पड़ी हैं या विवादों में घिरी हैं। 'बेरोजगार' आज प्रदेश की इस बदहाली का सबसे बड़ा शिकार बना है। सरकार पर आरोप लगाते हुए कमलेश ने कहा कि प्रदेश सरकार, सरकार का खजाना भरने के लिए सीधे तौर पर आम आदमी की जेब काट रही है। बिजली पर सेस, पानी के बिलों में बढ़ोतरी और अन्य अप्रत्यक्ष करों ने मध्यम और निर्धन वर्ग की कमर तोड़ दी है। प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह ठप नजर आ रहे हैं।

## आदित्य मिस्टर और अक्षरा बनी मिस फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भुक्कड़ स्कूल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य देशराज कमल ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने जमा दो के विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का संदेश दिया। जमा एक के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में समूह नृत्य, एकल गीत एवं पहाड़ी नाटी प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। आदित्य कौंडल को मिस्टर फेयरवेल तथा अक्षरा को मिस फेयरवेल चुना। फेयरवेल पार्टी ने जहां सीनियर विद्यार्थियों को यादगार विदाई दी। वहीं जूनियर विद्यार्थियों को अनुशासन और परिश्रम की प्रेरणा भी प्रदान की। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष रंजना देवी, प्रवक्ता मणि राम शर्मा, चमन लाल, वीना वर्मा, पवन रांगड़ा, विनोद कुमार, सुनील दत्त, नीतू वर्मा आदि मौजूद रहे।

## नेशनल हाईवे-3 पर एलाइनमेंट का कार्य पूरा

अनंत ज्ञान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** अटारी को लेह से जोड़ने वाले एनएच-3 पर हमीरपुर से अवाहदेवी तक बड़ी प्रगति दर्ज की गई है। इस खंड में आने वाले सभी नए बाईपास पूरी तरह क्लीयर कर दिए गए हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को अब जाम और संकरे रास्तों से राहत मिलेगी। निर्माण कंपनी ने रविवार को कोट स्थित बाईपास को भी क्लीयर कर यातायात के लिए खोलने की तैयारी कर ली है। इससे अब पूरे मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुचारु हो गई है। हमीरपुर से अवाहदेवी तक दरोगण दरकोटी, टौणी देवी उहल चैक, बारी मंदिर, कोल्हू सिद्ध, बराड़ा, पंजोत, संग्ररोह और अवाहदेवी में नई एलाइनमेंट के साथ बाईपास तैयार हो चुके हैं।

इन मार्गों से अब ट्रैफिक गुजर रहा है। कोट स्थित नई एलाइनमेंट को कटान कार्य पूरा होने के बाद आर-पार खोल दिया गया है। शीघ्र ही यहां नालियों का निर्माण कर सड़क को पक्का किया जाएगा। हाइवे इंजीनियर अंकित सिंह ने बताया कि निर्माण कंपनी 31 मार्च से पहले सभी शेष कार्य पूरे कर हाईवे को हैंडओवर करने की स्थिति में पहुंच गई है। अब हमीरपुर से आवाहदेवी तक सड़क को फाइनल टच देकर चकाचक बनाने का कार्य शुरू किया जा रहा है।

## होली पर आकाशीय लालटेनों से जगमगा उठेगा सुजानपुर

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** उपायुक्त एवं राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव सुजानपुर-2026 की आयोजन समिति की अध्यक्ष गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि उत्सव के उद्घाटन अवसर पर पहली मार्च की शाम को टीहरा के ऐतिहासिक किले से उत्सव के आयोजन स्थल चौगान की ओर आकाशीय लालटेनें उड़ाई जाएंगी, जिससे सुजानपुर का आसमान रोशनी से जगमगा उठेगा। उत्सव के उद्घाटन अवसर पर यह एक बहुत ही शानदार दृश्य होगा। इस दौरान ऐतिहासिक किले के परिसर में दीप भी प्रज्जवलित किए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि 3 मार्च की शाम को साढे छह बजे ब्यास नदी के किनारे ब्यास आरती भी की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि होली उत्सव को आकर्षक बनाने के लिए कई अन्य गतिविधियों की रूपरेखा भी तय की जा रही है।

### पहले दिन 160 लोक कलाकारों ने दिए ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव सुजानपुर की चारों सांस्कृतिक संध्याओं में स्थानीय लोक कलाकारों को अधिक से अधिक समय दिया जाएगा। इन सांस्कृतिक संध्याओं के लिए लोक कलाकारों के चयन के लिए सोमवार को बचत भवन में ऑडिशन आरंभ कर दिए गए। जिला भाषा अधिकारी एवं ऑडिशन कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार पटियाल ने बताया कि पहले दिन जिला हमीरपुर के लगभग 160 लोक कलाकारों ने ऑडिशन दिए। उन्होंने बताया कि मंगलवार को भी जिला हमीरपुर के लोक कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे। आखिरी दिन बुधवार को हिमाचल प्रदेश के अन्य जिलों के लोक कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे।

## बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की बैठक में सामाजिक मुद्दों पर मंथन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** सागर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, भरेड़ी में बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें जिला कांगड़ा, ऊना, बिलासपुर, मंडी और हमीरपुर के सदस्य शामिल हुए। बैठक में नशाखोरी, पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार, पर्यावरण प्रदूषण, बेरोजगारी, खेलों में राजनीतिक हस्तक्षेप और जाहू में हवाई अड्डे के निर्माण जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। पालमपुर से बलदेव सूद और कानपुर से अभिषेक ने राजनीतिक व सामाजिक परिस्थितियों का विश्लेषण प्रस्तुत किया और व्यवस्थागत कमियों से आम जनता पर पड़ने वाले प्रभावों को उजागर किया। सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि वे अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएंगे और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए जनभागीदारी सुनिश्चित करेंगे। सदस्यों ने मुफ्त सुविधाओं की संस्कृति पर रोक लगाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

### एनएफएसए कमीशन पर हिमाचल डिपो संचालक खफा

# अब डिपो संचालक समिति खटखटाएगी कोर्ट का दरवाजा

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल डिपो संचालक समिति ने एनएफएसए के तहत मिलने वाले 17 प्रतिशत कमीशन और प्रोत्साहन राशि की अनदेखी को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। समिति का कहना है कि अब परिस्थितियां ऐसी बन गई हैं कि उन्हें अपना हक पाने के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

समिति के अध्यक्ष अशोक कवि ने बताया कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 17 अगस्त 2015 को अधिसूचना जारी कर विशेष राज्यों, जिनमें हिमाचल प्रदेश भी शामिल है, के डिपो धारकों को प्रति क्विंटल 143 रुपए कमीशन और प्वॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन से राशन वितरण पर 17 रुपए अतिरिक्त देने का आदेश दिया था। राज्य सरकार ने 143 रुपए तो दिए, लेकिन 17 रुपए की अतिरिक्त राशि का भुगतान नहीं किया। इसके बाद 23 मई 2022 को केंद्र ने संशोधित अधिसूचना जारी कर कमीशन 143 से बढ़ाकर 180 रुपए प्रति क्विंटल और पीओएस प्रोत्साहन 17 से बढ़ाकर 26 रुपए प्रति क्विंटल करने के निर्देश दिए, जिन्हें 1 अप्रैल 2022 से लागू किया जाना था। समिति का आरोप है कि प्रदेश सरकार ने बढ़ी हुई दरें भी लागू नहीं कीं और पीओएस मशीनों के लिए इंटरनेट सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवाई।

डिपो संचालक पिछले पांच वर्षों से प्रति माह 470 रुपए अपनी जेब से खर्च कर रहे हैं। समिति का कहना है कि जब केंद्र 75 प्रतिशत राशि वहन कर रहा है, तब भी भुगतान न होना आर्थिक शोषण है। अब डिपो संचालकों ने उच्च न्यायालय जाने का निर्णय ले लिया है।

## परिसीमन के प्रारूपों पर 27 तक मांगी आपत्तियां और सुझाव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विकास खंड हमीरपुर की पंचायत समिति के 17 वार्डों और इनके अंतर्गत आने वाली 38 पंचायतों के वार्डों के परिसीमन के प्रारूप प्रकाशित कर दिए गए हैं। इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए एसडीएम हमीरपुर एवं निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संजीत सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायतों और पंचायत समिति के वार्डों के परिसीमन के प्रारूप पर अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या फिर वह अपना कोई सुझाव देना चाहता है तो इन्हें 27 फरवरी तक एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि परिसीमन के प्रारूप के अनुसार विकास खंड हमीरपुर में 38 ग्राम पंचायतें हैं। इन पंचायतों में अमरोह, ब्राहलड़ी, चंगर, धनेड़, धरोग, फरनोहल, जंगल रोपा, ललीण, नाल्टी, नेरी, रोपा, नारा, सेर बलौणी, गसोता, जटेहड़ी, छ्योड़ी, अग्घार, नाहलवीं, साहनवीं, ताल, टिक्कर डिडवीं, उखली, चैकी कनकरी, पांडवीं, भगेटू, बफड़ीं, बलोह, चमनेड, डबरेड़ा, काले अंब, लंबलू, पंधेड़, स्वाहल, देई का नौण, कुठेड़ा, मझोग सुल्तानी, टिब्बी और ख्याह लोहाखरियां शामिल हैं। इन 38 ग्राम पंचायतों को पंचायत समिति के 17 वार्डों में बांटा गया है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार पंचायत समिति की कुल जनसंख्या 59,925 है।।

# शीतकालीन विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकों के बिना चल रही कक्षाएं



स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आए बच्चे। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप ,धरवाला।** जिला चंबा के अंतर्गत पड़ने वाले गैहरा व मैहला ब्लॉक में शीतकालीन अवकाश वाले विद्यालयों में जहां नया शैक्षणिक सत्र आरंभ हो चुका है।

वहीं, सरकारी विद्यालयों में मिलने वाली पाठ्य पुस्तकें अब तक उपलब्ध नहीं हो पाई हैं, जिससे ब्लॉक गैहरा व मैहला के अंतर्गत पड़ने वाले बहुत से विद्यालयों में बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बता दें कि शीतकालीन विद्यालयों में 12 फरवरी से स्कूलों में नियमित रूप से कक्षाएं आरंभ हो चुकी हैं। वहीं, आज दो सप्ताह बीत जाने के बावजूद भी स्कूलों में पाठ्य पुस्तकें न पहुंचने से बहुत से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुआं के समिति अध्यक्ष पूर्ण सिंह का कहना है कि हर वर्ष जनवरी माह में ही पाठ्य पुस्तकें विद्यालय में पहुंच जाती थी, लेकिन फरवरी माह का तीसरा सप्ताह बीत जाने पर भी पाठ्य पुस्तकें विद्यालय नहीं पहुंच सकीं।

उन्होंने कहा कि बिना किताबों के शिक्षा की प्रगति रुक जाती है व शिक्षा का स्तर गिर जाता है, जिससे बच्चों का भविष्य प्रभावित होता है। वहीं, विद्यालय जाने वाले बच्चे भी खाली बैग लेकर स्कूल पहुंच रहे हैं, जिससे न केवल बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बल्कि अभिभावकों में भी खासी नाराजगी है। विद्यालय समिति अध्यक्ष पूर्ण सहित बहुत से अभिभावकों ने मांग की है कि जल्द ही गैहरा व मैहला के अंतर्गत पड़ने वाली विभिन्न विद्यालयों में पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

# लोगों में डिजिटल जागरूकता जरूरी : डीसी

अनंत ज्ञान

**चंबा।** डीसी मुकेश रेपसवाल ने जिला प्रशासन व सेवा हिमालय के संयुक्त तत्वावधान में संचालित 'डिजिटल व फाइनेंशियल लिटरेसी' अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम एवं डिजिटल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए बताया कि लोगों में डिजिटल जागरूकता महत्वपूर्ण है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले के दूर-दराज क्षेत्रों तक डिजिटल साक्षरता एवं वित्तीय जागरूकता को पहुंचाना है, ताकि आमजन आधुनिक तकनीक का सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग कर सकें। डीसी ने कहा कि आज के समय में डिजिटल शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान के माध्यम से जिला भर के लोगों को डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग, सोशल मीडिया, साइबर सुरक्षा, बैंकिंग सेवाओं की जानकारी तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवा डिजिटल वैन के साथ गांव-गांव जाकर लोगों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेगी, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें और डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग कर सकें। डीसी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत विशेष रूप से महिलाओं, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों व ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़कर डिजिटल शिक्षा प्राप्त करें और किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। अभियान में सेवा हिमालय, पहाड़, होम एसोसिएशन, रोजीटेक व इरा सहित विभिन्न संस्थाएं योगदान देंगी। इस अवसर पर सचिव हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन मनुज शर्मा सहित विभिन्न संस्थाओं के सदस्य उपस्थित रहे।

## एफसीए के अंतर्गत लंबित मामलों का समयबद्ध किया जाए निपटारा



एफसीए मामलों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी। अनंत ज्ञान

**चंबा।** डीसी मुकेश रेपसवाल ने कहा कि वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) के अंतर्गत लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए, ताकि विकासात्मक परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब न हो।

डीसी एफसीए के अंतर्गत उपमंडल डलहौजी एवं भरमौर में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न विकास परियोजनाओं से संबंधित अनुमति मामलों की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने वन मंडल अधिकारी, भरमौर व डलहौजी को निर्देश दिए कि एफसीए मामलों के जल्द निपटारे के लिए प्रभावी व समन्वित कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें, ताकि अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित हो सके। डीसी ने अंतर-विभागीय समन्वय पर बल देते हुए विभिन्न चरणों में आने वाली आपत्तियों के त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए। साथ ही, उन्होंने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की। बैठक में वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, जिला राजस्व अधिकारी विक्रमजीत सिंह तथा अधिशासी अभियंता नरेंद्र उपस्थित रहे।

# प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों में शत-प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**चंबा।** डीसी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के कॉन्फ्रेंस कक्ष में आकांक्षी जिला कार्यक्रम, आकांक्षी खंड तीसा व पांगी तथा संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत नीति आयोग द्वारा निर्धारित प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नीति आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न विभागीय संकेतकों की बिंदुवार एवं विस्तृत समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत संतृप्ति प्राप्त करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पशुपालन विभाग के अंतर्गत पशुओं के एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) टीकाकरण प्रतिशत की समीक्षा करते हुए अधिकतम पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित कर लक्ष्य की जल्द प्राप्ति के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के अंतर्गत आकांक्षी खंड तीसा व पांगी में पर्याप्त बालिका शौचालय सुविधा युक्त विद्यालयों के प्रतिशत संकेतक की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर सतत रूप से शत-प्रतिशत संतृप्ति प्राप्त करने को कहा। महिला एवं बाल विकास विभाग के संकेतकों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्रमुख लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला उपनिदेशक, उद्यान विभाग को सूक्ष्म सिंचाई योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में और तेजी लाने को कहा, ताकि पूर्ण संतृप्ति प्राप्त की जा सके। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान डीसी ने आकांक्षी खंडों में मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) जांच अभियान में गति लाने के निर्देश दिए। वहीं, प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक को फसल बीमा योजना, मुद्रा लोन तथा जीवन ज्योति बीमा योजना से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रयास तेज करने को कहा। डीसी ने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम, आकांक्षी खंड कार्यक्रम तीसा व पांगी तथा संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत निर्धारित अधिकांश प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों में संतृप्ति प्राप्त की जा चुकी है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी जालम सिंह भारद्वाज, उपनिदेशक उद्यान प्रमोद शाह कृषि भूपेंद्र सिंह, पशुपालन राकेश भंगलिया, प्रबंधक अग्रणी बैंक डीसी चौहान, जिला योजना अधिकारी जीवन, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला में बाल विकास कमल किशोर, जिला पंचायत अधिकारी तिलक कुमार व प्रिंसिपल डायट नम्रता शर्मा उपस्थित रहे।

# बरौर में एंबुलेंस सड़क विवाद में युवक की मौत से क्षेत्र में तनाव

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के विकास खंड चंबा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरौर में चमीनू से छमेरी तक प्रस्तावित एंबुलेंस सड़क निर्माण को लेकर चल रहा विवाद अब गंभीर मोड़ पर पहुंच गया है। सड़क निर्माण के समर्थन में कुछ ग्रामीण हैं, जबकि अन्य इसका विरोध कर रहे हैं। इसी बीच युवक सोनू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि सड़क निर्माण का विरोध कर रहे कुछ लोगों ने सोनू के साथ मारपीट की, जिसके चलते उसकी मृत्यु हुई। परिजन प्रशासन से मामले की निष्पक्ष व गहन जांच की मांग कर रहे हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील कर रहे हैं। घटना के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पूरी पारदर्शी के साथ जांच होनी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आए और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि मामले को गंभीरता से लिया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

# स्कूल विलय के प्रस्ताव का एबीवीपी भरमौर ने किया विरोध

अनंत ज्ञान



**भरमौर।** राज्य सरकार द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर एवं राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर के विलय का प्रस्ताव सामने आया है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), भरमौर इकाई इस निर्णय का कड़ा विरोध करती है। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भरमौर, क्षेत्र के श्रद्धेय श्री जय कृष्ण महाराज जी की पावन स्मृति में स्थापित किया गया था। यह विद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि क्षेत्र की आस्था, सम्मान और बेटियों की शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। ऐसे ऐतिहासिक और भावनात्मक महत्व वाले संस्थान का विलय करना क्षेत्र की जनभावनाओं को आहत करने जैसा होगा। प्रस्तावित विलय से विशेष रूप से छात्राओं की शिक्षा, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है। विद्यालयों के विलय से विद्यार्थियों की संख्या अत्यधिक बढ़ जाएगी, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता और व्यवस्थाओं पर दबाव उत्पन्न होगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भरमौर इकाई, ने शिक्षा मंत्री से मांग की कि इस निर्णय पर तुरंत पुनर्विचार कर इसे निरस्त किया जाए और दोनों विद्यालयों को स्वतंत्र रूप से संचालित रखा जाए। अन्यथा परिषद छात्र हित और क्षेत्रीय भावनाओं की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक और चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# भजलूंई स्कूल में अध्यापक के पद चल रहे खाली, धरवेटा चल रहा डेपुटेशन के सहारे

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** स्वयंसेवक संजय ठाकुर की अध्यक्षता में स्थानीय लोगों ने भजलूंई व धरवेटा स्कूल में चल रहे रिक्त शिक्षकों के पदों को लेकर शिक्षा मंत्री को मांग पत्र सौंपा। शिक्षा खंड मैहला के अंतर्गत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला धरवेटा (ग्राम पंचायत बकान) में वर्तमान में कई शिक्षक पद रिक्त हैं। विद्यालय में कक्षा पहली से पांचवीं तक लगभग 50 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जबकि पूरे विद्यालय में केवल एक ही अध्यापिका कार्यरत हैं। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने बताया कि एक शिक्षक के लिए सभी कक्षाओं के बच्चों को पढ़ाना कठिन है, जिससे पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। छोटे बच्चों को विशेष मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, जो एक शिक्षक अकेले नहीं दे पा रहे हैं। राजकीय प्राथमिक पाठशाला धरवेटा प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा पांचवीं तक लगभग 24-25 बच्चों को शिक्षा प्रदान करती है। पिछले आठ महीनों से विद्यालय डेपुटेशन के सहारे चल रहा है, जिससे शिक्षा सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। स्थानीय लोगों ने शिक्षा मंत्री से आग्रह किया है कि रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो और उनका भविष्य सुरक्षित रहे।



# शिक्षा मंत्री ने कन्या विद्यालय चंबा में 44 लाख से निर्मित अतिरिक्त विद्यालय भवन का किया लोकार्पण

अनंत ज्ञान





शिक्षा मंत्री अतिरिक्त विद्यालय भवन का लोकार्पण करते हुए। अनंत ज्ञान

**चंबा।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय चंबा में 44 लाख से निर्मित अतिरिक्त भवन का विधिवत लोकार्पण किया। शिक्षा मंत्री ने इस दौरान विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सुविधाओं का भी निरीक्षण किया।

रोहित ने इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए कहा कि विभागीय नीतियों की सफलता का आधार शिक्षक हैं। साथ में उन्होंने कहा कि योजनाओं की धरातल पर सफलता शिक्षकों की निष्ठा, समर्पण व ईमानदारी है। चाहे वह राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल, सीबीएसई पाठ्यक्रम से राजकीय विद्यालयों की संबद्धता, अटल आदर्श विद्यालय, पीएम श्री या सीएम श्री योजना हो इन सभी की सफलता शिक्षकों की सक्रिय भूमिका पर निर्भर करती है। रोहित ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी विभागीय कर्मी भविष्य की चुनौतियों के दृष्टिगत विशेष तत्परता रखेंगे।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाल एवं कन्या चंबा का गौरवशाली इतिहास रहा है और यह संस्थान न केवल चंबा जिला, बल्कि समूचे प्रदेश के प्रतिष्ठित विद्यालयों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षण संस्थान विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों एवं सर्वांगीण विकास का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। विधायक नीरज नैय्यर ने इससे पहले शिक्षा मंत्री का स्वागत किया तथा राज्य सरकार द्वारा चंबा विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष प्राथमिकता को मुख्यमंत्री सुक्खू का विशेष आभार व्यक्त किया। साथ में उन्होंने विकासात्मक परियोजनाओं सहित शिक्षा गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने के लिए विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न कार्यों का उल्लेख भी किया।

# प्रशिक्षुओं ने किया हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी का भ्रमण

## बोले-पूरे प्रदेश के बारे में एक ही जगह मिल गई जानकारी

अनंत ज्ञान



भ्रमण के दौरान इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रशिक्षु। अनंत ज्ञान

**मंडी।** राजीव गांधी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कांगड़ा के आर्किटेक्ट का प्रशिक्षण ले रहे 24 प्रशिक्षु मंडी में शैक्षिक भ्रमण के दौरान हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी पहुंचे।

मंडी के बिंदरावणी से फोरलेन के कारण दो बार उजड़ चुकी हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी जो वर्तमान में पिछले 8 महीनों से जिले की बल्ह घाटी के गांव मलोरी बैहना किराये के भवन में चलाई जा रही है, उसमें ये प्रशिक्षु अपने प्रशिक्षकों आर्किटेक्ट कल्पना ठाकुर व आर्किटेक्ट विदिशा बरवाल के मार्गदर्शन में फोटो गैलरी व संग्रहालय पहुंचे ने बड़ी गहराई के साथ हर छायाचित्र के बारे में जानकारी ली। विशेषकर प्रदेश के इतिहास, पहाड़ी शैली के विभिन्न तरह के निर्माण व पुरातत्व के बारे में जानकारी हासिल की। गैलरी के संस्थापक छायाकार बीरबल शर्मा ने उनके जिज्ञासा भरे सवालों के जवाब दिए व विस्तार से उनके बारे में बताया। इन प्रशिक्षुओं ने गैलरी को ज्ञान का खजाना व अद्भुत बताते हुए कहा कि वह खुद तो बार बार यहां आना ही चाहेंगे, बल्कि अपने सभी जानने वालों को भी यहां का एक बार जरूर भ्रमण करने का आग्रह करेंगे।

प्रशिक्षुओं ने गैलरी परिसर में स्थापित हेरिटेज पुस्तकालय की पुस्तकों का अवलोकन भी किया तथा प्राचीन वस्तुओं पर आधारित संग्रहालय में भी गहरी दिलचस्पी दिखाई। इसके लिए उन्होंने संस्थापकों का आभार भी जताया कि एक ही जगह पर बहुमूल्य जानकारी उपलब्ध करवा दी गई। कल्पना ठाकुर व विदिशा बरवाल ने बताया कि यह उनका पांच दिवसीय शैक्षिक भ्रमण था जिसमें उन्होंने स्थानीय पर्यावरण, स्थापत्य शैली, सामुदायिक स्पेशस, संस्कृति एवं प्राचीन धरोहरों के बारे में जानकारी हासिल की गई। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने विविध सर्वे व अध्ययन करने के साथ साथ इन विषयों पर स्थानीय लोगों से बातचीत भी की। उनके अनुसार फोटो गैलरी में उन्हें प्रदेश की संस्कृति, कला, इतिहास, परंपराओं व अन्य तरह की जानकारी उपलब्ध हुई जो एक बेहतरीन अनुभव रहा।

# ग्रामीण क्षेत्रों में छात्रावास सुविधाओं और निशुल्क शिक्षा की जानकारी दी

अनंत ज्ञान

**चंबा।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, हिमगिरी कोठी द्वारा बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने और अभिभावकों को छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं के प्रति जागरूक करने हेतु एक प्रिपरेटरी कैंप (तैयारी शिविर) आयोजित किया गया।

इस अभियान के तहत छात्रावास टीम ने विभिन्न स्कूलों और गांवों का दौरा कर छात्राओं व उनके अभिभावकों से सीधे संवाद स्थापित किया। टीम ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला तुंगाला, राजकीय उच्च विद्यालय सिदरूनी तथा राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला खंगू-1 का भ्रमण किया। इसके अलावा, वनंतर पंचायत के तुंगाला, सिदरूनी, चांरी, भियों और आस-पास के गांवों में जाकर अभिभावकों को नि:शुल्क आवास, भोजन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पाठ्य सामग्री, वर्दी और अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। उन्हें बालिकाओं की शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया गया और छात्रावास में प्रवेश दिलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस शिविर में छात्रावास संचालिका रीता शर्मा, लेखाकार व्यास देव, नॉन-मेडिकल अध्यापिका कुमार बबिता, सुरक्षा कर्मी खेती राम और कुमारी रिया ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अभियान की सफलता में स्थानीय विद्यालयों के अध्यापक, अभिभावक और ग्रामीणों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

विद्यालय प्रशासन ने सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया और कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों से क्षेत्र में बालिका शिक्षा को मजबूत करने में मदद मिलेगी। छात्रावास समन्वयक डॉ. कविता बिज़लवान ने समस्त स्टाफ को सफल अभियान के लिए बधाई दी और भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने का संदेश दिया।

# बरोट में एटीएम न होने से लोगों को हो रही परेशानी

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** चौहार घाटी की बरोट पंचायत सहित लपास और वरधान पंचायतों के लोगों ने बरोट में एटीएम सुविधा न होने पर नाराजगी जताई है। स्थानीय निवासी दान सिंह, मोहन लाल, अनिल सूद, रमेश कुमार, अंजू कुमार, विनोद कुमार, कर्मचंद और प्रेम कुमार ने बताया कि जरूरत के समय नकदी निकालने के लिए उन्हें 13 से 15 किलोमीटर दूर मुल्थान या टिक्कन जाना पड़ता है, क्योंकि बरोट में स्थापित बैंक शाखाओं में एटीएम उपलब्ध नहीं है। वर्तमान में मुल्थान व टिक्कन स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखाओं में ही एटीएम की सुविधा है, जबकि बरोट में हिमाचल राज्य सहकारी बैंक व ग्रामीण बैंक की शाखाएं संचालित हैं। इस संबंध में हिमाचल राज्य सहकारी बैंक शाखा बरोट के प्रबंधक संजय सकलानी ने बताया कि एटीएम स्थापना का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को भेज दिया गया है और स्वीकृति मिलते ही एटीएम स्थापित कर दिया जाएगा।

# कृषि व उद्यान प्रसार केंद्रों में वर्षों से ताले, किसानों-बागवानों में रोष

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** छोटा भंगाल घाटी के केंद्र स्थल मुल्थान में स्थापित कृषि प्रसार केंद्र तथा फल संतति एवं उद्यान प्रसार केंद्र वर्षों से बंद पड़े होने के कारण घाटी के किसानों व बागवानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुल्थान पंचायत की प्रधान दुर्गेश कुमारी तथा पूर्व बीडीसी उपाध्यक्ष कमलेश कुमारी ने बताया कि कृषि प्रसार केंद्र पिछले लगभग पांच वर्षों से बंद है, जबकि फल संतति एवं उद्यान प्रसार केंद्र में एचडीओ का पद चार वर्षों से रिक्त चल रहा है। दिसंबर 2024 में महिला चौकीदार के सेवानिवृत्त होने के बाद से केंद्र पर पूर्ण रूप से ताला लटका हुआ है। उन्होंने इसे घाटीवासियों के लिए बड़ी विडंबना बताते हुए स्थानीय विधायक किशोरी लाल, कृषि एवं उद्यान विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि किसानों-बागवानों की सुविधा के लिए रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए।

◆मुल्थान में कृषि प्रसार अधिकारी और एचडीओ के पद लंबे समय से रिक्त

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी**
**विकास खण्ड सुजानपुर टीहरा, जिला हमीरपुर (हि0प्र0)**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्तायोग व विधायक निधि के अर्न्तगत ग्राम पंचायत चम्याणा में हैण्ड पम्प लगाया जाना है जिसके लिये सभी इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से निवेदन है कि वे दिनांक 27-02-2026 प्रातः 11 बजे तक अपनी निविदाएं खण्ड विकास कार्यालय सुजानपुर टीहरा में जमा करवाएं या डाक द्वारा प्रेषित करें निविदाएं 27-02-2026 को सायं 04 बजे अधोहस्ताक्षरी के कि कार्यालय में खोली जायेंगी ।

1. निविदकर्ता के पास जी0एस0टी0 संख्या होना अनिवार्य है ।

2. कार्य आरम्भ करने से पहले जल विज्ञान विभाग से प्रमाण-पत्र लिया जाना आवश्यक होगा कि वहां पर पानी निकल सकता है। इसलिये कार्य वहीं पर ही आरम्भ किया जाये जहां पर पानी निकले । **खण्ड विकास अधिकारी,सुजानपुर टीहरा ।**

**अनंत Classifieds**

**नाम परिवर्तन**

**मैं, निरमा देवी** पुत्री टेक राम पत्नी नारायण सिंह निवासी गांव शेगली डाकघर धवेहड़ तहसील बाली चौकी जिला मंडी हिमाचल प्रदेश, घोषणा करती हूं कि मेरे सभी सरकारी दस्तावेजों में मेरा सही नाम निरमा देवी है, लेकिन बालीचौकी पंचायत के जन्म रजिस्टर में मेरा नाम कला बंतू दर्ज हो गया है, कृपया इसे निरमा देवी के नाम से दर्ज करने की कृपा करें।

# जिला चंबा की चार पंचायतों ने पुनर्गठन के फैसले का किया विरोध

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा की चार पंचायतों आयल, भलोड़ी, बणतर और चीह के लोगों ने जिला परिषद वार्ड सनवाल से हटाकर दोबारा सनूह वार्ड में शामिल करने के निर्णय का कड़ा विरोध जताया।

इस संबंध में चारों पंचायतों के ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त चंबा को एक मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कांग्रेस नेता यशवंत खन्ना ने की। प्रतिनिधियों ने बताया कि इन पंचायतों का पुनर्गठन उनकी सुविधा के खिलाफ है। चुराह तहसील मुख्यालय की दूरी मात्र 10 किलोमीटर है, जबकि सनूह वार्ड की दूरी 40 किलोमीटर से अधिक है। पहले यह पंचायतें डलहौजी विधानसभा क्षेत्र और सनूह वार्ड का हिस्सा थीं, जिससे विकास कार्य प्रभावित हुए।

दूरी अधिक होने के कारण प्रशासनिक कार्यों में कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं। पूर्व में जनता के आग्रह पर इन्हें चुराह विधानसभा और सनवाल वार्ड के साथ जोड़ा गया था, ताकि प्रशासनिक सुगमता बनी रहे।

प्रतिनिधियों ने डीसी से आग्रह किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस निर्णय को बदला जाए और पंचायतों की समस्या का उचित समाधान किया जाए।



प्रतिनिधियों के साथ डीसी चंबा। अनंत ज्ञान

# साइंस ओलंपियाड में छाए लॉर्ड्स कॉन्वेंट के छात्र





साइंस ओलंपियाड में छाए लॉर्ड्स कॉन्वेंट के छात्र विजय चिन्ह बनाते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** स्थानीय पाठशाला लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने साइंस ओलिंपियाड में शानदार प्रदर्शन किया।

स्कूल के 50 छात्रों ने इस परीक्षा में भाग लिया व सभी छात्रों ने यह परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। स्कूल प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने सभी छात्रों को बधाई दी व दूसरे लेवल के लिए चयनित छात्रों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया पांचवीं कक्षा के पर्जन्य शर्मा, छठी कक्षा की रियांशी, सातवीं कक्षा की आशना ठाकुर, आठवीं की रिद्धिमा ठाकुर, नवमी की कनिष्का ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अर्जित किया। स्कूल प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बरारी ने सभी छात्रों, अभिभावकों व बच्चों को बधाई दी व भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**
मुकदमा इन्द्राज जन्म तिथी ।
पेशी- 01.03.2026
किशोरी लाल पुत्र स्व. श्री परमा राम निवासी गांव व डाकघर रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0 ।

**बनाम**

1.आम जनता
2. सचिव ग्राम पंचायत रजोल ।
3. सी0एम0ओ0 कांगड़ा स्थित धर्मशाला।
विषय- बाबत इन्द्राज जन्म एवं मृत्यु तिथी अधीन जेर धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत जन्म प्रमाण पत्र लेने वारे।
उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है कि जिसमें लिखा है कि उनका जन्म दिनांक 10.07.1975 गांव व डाकघर रजोल में हुआ है परन्तु अज्ञानतावश इसका इन्द्राज ग्राम पंचायत रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश के रिकार्ड में दर्ज नहीं हुआ है। प्राथी उक्त जन्म तिथी को दर्ज करवाना चाहता है। इस संदर्भ में Addl. District Registrar-cum Chief medical officer के Recommandation letter No. HFW/KGR/ST(Delayed)(B&D)/2026 /955 date 09.02.2026 द्वारा भी इस वारे इस कार्यालय को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने वारे प्रेषण किया गया है।
अतः उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में यदि आम जन्ता या अन्य किसी को उक्त जन्म तिथी को गंम प्रचायत रजोल विकास खण्ड रैत के रिकार्ड के जन्म रजिस्टर में दर्ज करवाने वारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस कार्यालय में दिनांक 01.03.2026 को दोवहार बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा।
आज दिनांक को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी**
**शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**

**व अदालत साजन बग्गा तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0**
मुकदमा न0 /25
किस्म मुकदमा दरूस्ती
तारीख पेशी 07.03.2026
**अमित धवन बनाम आम जनता**
**नोटिस बनामः-** अमित धवन पुत्र वजीर चन्द पुत्र मान दास निवासी गांव खतरेहड़, डा0 पपरोला तहसील बैजनाथ जिला कांगड़ा हि0 प्र0 ।

**बनाम**
**आम जनता**

**अखबारी ईश्तहार-** उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रार्थी ने अपने नाम की दरूस्ती हेतू प्रार्थना पत्र पेश किया है। प्रार्थना पत्र में प्रार्थी ने व्यक्त किया है कि उसका नाम महाल सुरड के राजस्व अभिलेख में गलती से अमित कुमार पुत्र वजीर चन्द दर्ज हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में उसका सही नाम अमित धवन पुत्र वजीर चन्द है। अतः अखबारी ईश्तहार द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी का सही नाम अमित धवन पुत्र वजीर चन्द है। अतः इस वारे किसी को कोई भी उजर या ऐतराज हो तो वह दिनांक 07.03.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 21/02/2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**साजन बग्गा**
**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी पालमपुर**

**व अदालत नायब तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी चचियां जिला कांगड़ा हि0प्र0**
मुकदमा न0 273/2023
किस्म मुकदमा तकसीम
तारीख पेशी 24.02.2026
जीत कुमार **बनाम** पुन्नू आदि
**नोटिस बनामः-** 1. पुन्नू पुत्र पंजकू 2. रत्न चन्द पुत्र दिवानू 3. रमेश चन्द पुत्र दिवानू 4. रेंशा देवी पुत्री दिवानू 5 जम्बो पुत्री जोली 6. बुद्ध पुत्र गुरदिता 7. कांतो देवी पुत्री रत्न 8. दयावन्ती पुत्री रत्न 9. शांतो पुत्री रत्न 10. संतोष कुमार पुत्र भवानी राम उपनाम भवानी चन्द निवासीयान महाल लटवाला तह0 पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 । भूमि खाता न0 254 मिन खतौनी न0 357 ता0 360 खसरा किता 14 रक्वा तदादी 00-18-00 है0 स्थित महाल लटवाला तह0 पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 जमाबन्दी बर्ष 2019-2020 ।
**अखबारी ईश्तहार-** उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें प्रतिवादीगण को समन जारी कर तलब किया गया परन्तु तामिल कुनिन्दा की रिपोर्ट अनुसार बाहर रहते है। प्रार्थी ने पता देने में असमर्थता व्यक्त कि तथा अनुरोध किया कि अखबारी ईश्तहार जारी कर तलब किया जाए। अतः अब अखबार ईश्तहार द्वारा प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 24.02.2026 का अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिरी की सूरत में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 29.01.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी चचियां**

**ब अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी एंव नायब तहसीलदार भवारना, जिला कांगड़ा (हि0प्र0) ।**
किस्म मुकदमाः- जन्म / मृत्यु पंजीकरण
**मिलाप चन्द पुत्र चुहडू राम निवासी गदियाड़ा, डा0 डरोह, उप-तहसील भवारना, जिला कांगड़ा हि0प्र0।** ... प्रार्थीया

**बनाम**
**आम जनता**

....प्रत्यार्थी
प्रार्थीया मिलाप चन्द पुत्र चुहडू राम निवासी गांव गदियाड़ा, डा0 डरोह, उप-तहसील भवारना, जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने अपनी माता जुगती देवी पत्नी चुहडू राम निवासी गांव गदियाड़ा, डा0 डरोह, उप-तहसील भवारना की मृत्यु दिनांक जो कि 18.09.1998 के गांव गदियाड़ा ग्राम पचांयत डरोह में हुई है, का मृत्यु ग्राम पंचायत डरोह में पंजीकृत करवाने हेतू प्रार्थना पत्र पेश किया । प्रार्थी के अनुसार अज्ञानता वश उनकी माता जुगती देवी की मृत्यु तिथी सम्बंधित पंचायत डरोह के अभिलेख में दर्ज न हो सकी है। अब प्रार्थी न्यायलय के आदेशों से उपरोक्त पंचायत डरोह में अपनी माता की मृत्यु की तिथी को पंजीकृत करवाना चाहता है ।
अतः आम जनता को इश्तेहार / मुश्त्रीमनादी के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस बारे यदि किसी को कोई उजर व एतराज हो तो वह दिनांक23.3.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकते है। अन्यथा उपरोक्त मृत्यु का पंजीकरण करने के आदेश पारित कर दिए जाएगें उसके उपरान्त कोई भी उजर व एतराज काबिले गौर न होगा ।
आज दिनांक 23.02.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ ।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी भवारना**

**ताकतवर** होने के लिए अपनी शक्ति में भरोसा रखना जरूरी है, वैसे व्यक्तियों से अधिक कमजोर कोई नहीं होता जिन्हें अपने सामर्थ्य पर भरोसा नहीं।
–**स्वामी दयानंद सरस्वती**

## संपादकीय

# भारत-बांग्लादेश संबंध

बांग्लादेश और भारत के रिश्ते केवल कूटनीतिक या आर्थिक ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक भी रहे हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम में भारत की भूमिका बांग्लादेश की स्वतंत्रता की बुनियाद में शामिल रही है। इसके बावजूद समय-समय पर दोनों देशों के रिश्तों में उतार-चढ़ाव आते रहे हैं। कभी सीमा विवाद, कभी अवैध घुसपैठ, कभी व्यापार असंतुलन और कभी अल्पसंख्यकों के मुद्दे पर तनाव देखने को मिला। हालिया दौर में बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा की घटनाओं ने इन संबंधों पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए थे।

अब नई सरकार के गठन के साथ उम्मीद की जा रही है कि बांग्लादेश में कानून-व्यवस्था मजबूत होगी और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। यह केवल मानवाधिकार का सवाल नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता का भी मुद्दा है। यदि किसी देश में सामाजिक असंतोष और धार्मिक तनाव बढ़ता है, तो उसका प्रभाव पड़ोसी देशों पर भी पड़ता है। भारत के लिए यह और भी संवेदनशील विषय है, क्योंकि दोनों देशों के बीच लंबी सीमा है और सांस्कृतिक-सामाजिक संबंध गहरे हैं।

भारत की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि वह नई सरकार के साथ सकारात्मक और सहयोगात्मक रिश्ते चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण स्तंभ पड़ोसी देशों के साथ मजबूत संबंध बनाना रहा है। बांग्लादेश इस नीति में विशेष स्थान रखता है। व्यापार, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, सुरक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग लगातार बढ़ा है। नई सरकार के आने से इन क्षेत्रों में नई गति मिलने की संभावना है।

सबसे बड़ा सवाल अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय लंबे समय से वहां की सामाजिक संरचना का हिस्सा रहा है। हाल की घटनाओं ने न केवल उनकी सुरक्षा पर सवाल उठाए, बल्कि सरकार की भूमिका पर भी आलोचना की गई। अब तारीख रहमान सरकार के सामने यह सबसे बड़ी परीक्षा है कि वह किस तरह से कानून का शासन स्थापित करती है और सभी नागरिकों को समान सुरक्षा का भरोसा दिलाती है। यदि यह सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाती है, तो इससे न केवल आंतरिक स्थिरता बढ़ेगी, बल्कि भारत के साथ रिश्तों में भी विश्वास का नया आधार बनेगा।

आर्थिक दृष्टि से भी दोनों देशों के संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। भारत बांग्लादेश का एक बड़ा व्यापारिक साझेदार है। ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग, रेलवे और सड़क कनेक्टिविटी, बंदरगाहों के उपयोग और सीमा व्यापार से दोनों देशों को लाभ मिला है। नई सरकार के साथ यह उम्मीद की जा रही है कि आर्थिक सुधारों और निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनेगा। भारत की कंपनियां बांग्लादेश में निवेश बढ़ा सकती हैं और बांग्लादेश के उत्पाद भारतीय बाजार में अधिक स्थान पा सकते हैं। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और क्षेत्रीय समृद्धि को बल मिलेगा।

सुरक्षा के मोर्चे पर भी नई सरकार की भूमिका अहम होगी। आतंकवाद, उग्रवाद और सीमा पार अपराध दोनों देशों के लिए साझा चिंता के विषय रहे हैं। पूर्व में दोनों देशों के सहयोग से कई उग्रवादी संगठनों पर काबू पाया गया था। यदि नई सरकार इस सहयोग को जारी रखती है, तो दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता को मजबूती मिलेगी। भारत के लिए यह रणनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह पूर्वोत्तर राज्यों की सुरक्षा और विकास को बांग्लादेश के साथ सहयोग से जोड़कर देखता है।

यह भी सच है कि केवल सरकार बदलने से सभी समस्याएं अपने आप हल नहीं हो जातीं। बांग्लादेश की राजनीति में आंतरिक विरोध, आर्थिक चुनौतियां और सामाजिक विभाजन जैसी समस्याएं मौजूद हैं। नई सरकार को न केवल विपक्ष के साथ संवाद कायम करना होगा, बल्कि जनता का विश्वास भी जीतना होगा। यदि वह केवल राजनीतिक स्थिरता पर ध्यान दे और सामाजिक सौहार्द को नजरअंदाज करे, तो उम्मीदें अधूरी रह सकती हैं। भारत के लिए भी यह समय संतुलित कूटनीति का है। उसे एक ओर अपने रणनीतिक और आर्थिक हितों को आगे बढ़ाना है, तो दूसरी ओर मानवाधिकार और अल्पसंख्यक सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर भी अपनी आवाज उठानी है। यह संतुलन ही भारत की विदेश नीति की सफलता तय करेगा। खुला संवाद, सहयोग और पारदर्शिता ही दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत कर सकती है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | **आज की प्रमुख हस्ती**

## अभिनेत्री एवं भारतीय राजनीतिज्ञ



जयललिता
**जन्म :** 24 फरवरी, 1948
**मृत्यु :** 5 दिसंबर, 2016

**जयललिता** जयराम भारतीय राजनीतिज्ञ तथा तमिलनाडु की मुख्यमंत्री थीं। वो दक्षिण भारतीय राजनैतिक दल ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्ना द्रमुक) की महासचिव थीं। इससे पूर्व वो 1991 से 1996 , 2001 में, 2002 से 2006 तक और 2011 से 2014,2015 से 2016 तक छह बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री रहीं। राजनीति में आने से पहले वो अभिनेत्री थीं और उन्होंने तमिल के अलावा तेलुगू, कन्नड और एक हिंदी तथा एक अंग्रेजी फिल्म में भी काम किया है।

जब वे स्कूल में पढ़ रही थीं तभी उन्होंने एपिसल नाम की अंग्रेजी फिल्म में काम किया। वे 15 वर्ष की आयु में कन्नड फिल्मों में मुख्य अभिनेत्री की भूमिकाएं करने लगी थीं। इसके बाद वे तमिल फिल्मों में काम करने लगीं। 1965 से 1972 के दौर में उन्होंने अधिकतर फिल्में एमजी रामचंद्रन के साथ की। फिल्मी करियर के बाद उन्होने एम०जी० रामचंद्रन के साथ 1982 में राजनीतिक करियर की शुरुआत की। उन्होंने 1984 से 1989 के दौरान तमिलनाडु से राज्यसभा के लिए राज्य का प्रतिनिधित्व भी किया। वर्ष 1987 में रामचंद्रन का निधन के बाद उन्होने खुद को रामचंद्रन की विरासत का उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। वे 24 जून 1991 से 12 मई 1996 तक राज्य की पहली निर्वाचित मुख्यमंत्री और राज्य की सबसे कम उम्र की मुख्यमंत्री रहीं। राजनीति में उनके समर्थक उन्हें अम्मा (मां) और कभी कभी पुरातची तलाईवी (क्रांतिकारी नेता) कहकर बुलाते हैं। 5 दिसंबर 2016 को रात 11:30 बजे (आईएसटी) इनका निधन हो गया। ■

कविता



## ऋतुराज बसंत

मुमुक्षु के ठाकुर, मतियारा मसरूण्ड, चंबा

**आया** था उस साल जब वो बसंत,
मधुमास वो मानों सीधे स्वर्ग से था उतरा,
क्यों, कब, कैसे, पता नहीं सम्मोहित कर गया वो ऋतुराज,
दूर-दूर बहुत दूर तक फैले-पसरे, मदमस्त पीत-पुष्प सरसों के,
हरा कर गए तन, मन, प्राणों को, वो सोंधी-सोंधी खुशबू माटी की,
पुष्प-सरसों की वो मदमस्त सुगंध,
तन-मन सिहर गए जब शीतल वायु के स्पर्श से,
मंद-मंद मस्त पवन जब तन को छू गई, खिलते सुमन भांति-भांति के,
पेड़-पौधों पर आए वो मनभावन अंकुर,
संकेत थे क्या किसी नवागंतुक के ,
आहट-सी कोई आती तो लगता कि तुम थे,
साया-सा कोई लहराया तो लगा कि तुम्हीं तो थे ,
कुदरत ने लुटाए थे जब सौरभ-सुधा ज्यों रजनीगंधा की छांव में ,
लेकिन तुम आए नहीं, मिले नहीं , न कभी दिखे ही ,
मत आना पर अब कभी, मुमुक्ष हो गये हैं अब हम !

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए तैयार करने वाले खुद परीक्षा से भयभीत



**ई. विपन शर्मा**
प्रधानाचार्य
आईटीआई चंबा, हिमाचल प्रदेश

शिक्षक कभी साधारण नहीं होता धनानंद! आचार्य चाणक्य के ये शब्द मुझे अनायास ही स्मरण हो आए, जब इन दिनों हिमाचल प्रदेश में सीबीएसई स्कूल सब-कैडर के लिए कुशल और श्रेष्ठ अध्यापकों के चयन हेतु आयोजित की जा रही अंतर-विभागीय प्रतियोगी परीक्षा का कुछ सरकारी शिक्षकों द्वारा भारी विरोध देखा। शिक्षक संघ के कुछ नेता इस परीक्षा को अपना अपमान बता रहे हैं। सरकार को ज्ञापन दिए जा रहे हैं, सोशल मीडिया पर परीक्षा के विरुद्ध माहौल बनाया जा रहा है, मुख्यधारा के प्रिंट मीडिया में बयान दिए जा रहे हैं और विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के बीच इस प्रतियोगी परीक्षा को रोकने का दबाव बनाया जा रहा है।

शिक्षकों का एक वर्ग प्रदेश के 133 सरकारी स्कूलों को सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध करने के निर्णय का भी पुरजोर विरोध कर रहा है। इसके समर्थन में अनेक तर्क और कुतर्क दिए जा रहे हैं। हालांकि, सच्चाई यह हिमाचल प्रदेश सरकार का यह निर्णय प्रदेश में शिक्षा के स्तर और गुणवत्ता को उन्नत करने वाला क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगा। अपेक्षाकृत कम साधन-संपन्न विद्यार्थियों को अपने घर के समीप ही देशभर में मान्यता प्राप्त उच्च शैक्षिक मानकों वाले स्कूलों में, प्रदेश सरकार की सभी सुविधाओं और योजनाओं का लाभ प्राप्त करते हुए अध्ययन का अवसर मिलना इसमें आपत्ति कैसी?

यह केवल सीबीएसई बोर्ड की संबद्धता या अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा का प्रश्न नहीं है, बल्कि देश और विदेश में अपनी शैक्षिक गुणवत्ता सिद्ध कर चुके स्थापित बोर्ड के कड़े भौतिक, शैक्षिक और प्रशासनिक मानकों को अपनाने का विषय है। जब प्रदेश के ये 133 सरकारी विद्यालय निर्धारित मानकों के अनुरूप सुसज्जित कक्षाएं, प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर एवं एआई लैब, खेल मैदान, पुस्तकालय, संगीत-कला तथा व्यावसायिक शिक्षा जैसी अनिवार्य सुविधाओं और आधारभूत संरचना के साथ शिक्षा प्रदान करेंगे, तब यह प्रदेश की शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधार लाने के साथ विद्यार्थियों के भविष्य-निर्माण में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी द्वारा 1987-88 में इसी सोच के साथ देशभर में लगभग 200 नवोदय विद्यालय स्थापित किए गए थे। आज ये विद्यालय एक सफल और प्रभावशाली शिक्षा मॉडल के पर्याय बन चुके हैं। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां ग्रामीण अंचल से निकले नवोदय के विद्यार्थी अपना परचम न लहरा रहे हों।



प्रदेश के चयनित 133 विद्यालय सीबीएसई के उच्च मानकों और निगरानी के अंतर्गत आ जाते हैं, तो इससे प्रदेश शिक्षा बोर्ड निष्प्रभावी नहीं हो जाएगा। इसका सफल उदाहरण प्रदेश के तकनीकी शिक्षा विभाग में देखा जा सकता है, जहां एससीवीटी से संबद्ध 90 से अधिक आईटीआई अब एनसीवीटी से संबद्ध हो चुकी हैं। इसके परिणामस्वरूप एनसीवीटी के मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण संस्थानों की आधारभूत संरचना, उपकरण और मशीनरी उन्नत हुई है तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार आया है। राज्य आईटीआई प्रधानाचार्य संघ के महासचिव के रूप में मैंने स्वयं तथा सभी अनुदेशक संघों ने इसका विरोध करने के बजाय आगे बढ़कर स्वागत और सहयोग किया है। प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड आज भी सुचारु रूप से कार्य कर रहा है। किसी भी सफल विद्यालय के लिए दो बातें अत्यंत आवश्यक हैं—पर्याप्त विद्यार्थी और उन्हें पढ़ाने वाले कुशल शिक्षक। स्वाभाविक है कि जब विद्यालय सीबीएसई के उच्च मानकों के अनुरूप संचालित होंगे, तो आधारभूत संरचना के साथ-साथ कुशल शिक्षकों की भी आवश्यकता होगी। इसी उद्देश्य से सेवारत शिक्षकों में से विभिन्न प्रोत्साहनों के साथ प्रतिनियुक्ति तथा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा चयन परीक्षा का प्रावधान किया गया है। हजारों शिक्षकों में से लगभग 5000 श्रेष्ठ शिक्षकों का चयन किया जाना है, तो स्वाभाविक है कि इसके लिए स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित होगी। कुछ शिक्षक नेताओं का तर्क है कि प्रतियोगी परीक्षा से शिक्षक की योग्यता नहीं आंकी जा सकती। यदि यह तर्क स्वीकार कर लिया जाए तो विद्यार्थियों की परीक्षाएं भी निरर्थक ठहरेंगी। केंद्रीय और नवोदय विद्यालयों में प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नति के लिए लिखित अंतर-विभागीय प्रतियोगी परीक्षा ही एकमात्र माध्यम है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने हैं। केवल समय व्यतीत होने से प्राप्त वरिष्ठता, विशेष प्रयास और उपलब्धि के बिना, उच्च योग्यता का प्रमाण नहीं हो सकती। जिनके कंधों पर विद्यार्थियों को शिक्षित करने और उन्हें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, यदि वही अपने वर्ग की प्रतियोगी परीक्षा से बचने के बहाने बनाएं, तो इससे बड़ी विडंबना क्या होगी? जीवन के प्रत्येक पड़ाव पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा आवश्यक है। हमें स्वयं भी इसके लिए तैयार रहना चाहिए और विद्यार्थियों को भी श्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु प्रेरित करना चाहिए। निदा फ़ाज़ली की प्रेरक पंक्तियां सदैव प्रेरणा देती हैं—

*'सफर में धूप तो होगी, जो चल सको तो चलो।*
*सभी हैं भीड़ में, तुम भी निकल सको तो चलो।'*

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# कुकुमसेरी कॉलेज को संख्या के पैमाने से नहीं, आवश्यकता की दृष्टि से देखें



**प्रोमिला नेगी**
कैजुअल कम्पेयर
आकाशवाणी, शिमला

हिमाचल के लाहौल-स्पीति जिले का राजकीय डिग्री कॉलेज कुकुमसेरी केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि प्रदेश के सबसे बड़े भौगोलिक क्षेत्रफल वाले और पूर्णत: जनजातीय जिले की उच्च शिक्षा की जीवनरेखा है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों, लंबी सर्दियों और सीमित संसाधनों वाले इस क्षेत्र में इस कॉलेज ने तीन दशकों में हजारों जनजातीय विद्यार्थियों को स्नातक शिक्षा उपलब्ध कराकर सामाजिक और आर्थिक उन्नयन का मार्ग प्रशस्त किया है। कॉलेज में कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, छात्रावास तथा स्टाफ आवास जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। सीमांत क्षेत्र में इस स्तर का बुनियादी ढांचा अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। अनेक आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों ने इसी संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर प्रशासनिक सेवाओं, शिक्षा, पुलिस, सेना, बैंकिंग तथा निजी क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान अर्जित किए हैं। यह उल्लेख करना भी आवश्यक है कि इस डिग्री कॉलेज की सबसे अधिक लाभार्थी जनजातीय बालिकाएं रही हैं।

जिन परिवारों के लिए कुल्लू, मंडी या शिमला जैसे शहरों में बच्चों को पढ़ाना आर्थिक रूप से संभव नहीं था, उनके लिए यह कॉलेज आशा और आत्मनिर्भरता का केंद्र बना। किन्तु समय के साथ एक गंभीर समस्या सामने आई जिस में शिक्षकों के पदों का लगातार रिक्त रहना। स्थायी एवं विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी ने शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रभावित किया है। परिणामस्वरूप विद्यार्थियों की संख्या में उतार-चढ़ाव आया है और कई बार नामांकन घटा भी है। यह स्वाभाविक है कि कोई भी अभिभावक अपने बच्चे को ऐसे संस्थान में प्रवेश नहीं दिलाना चाहेगा जहां अधिकांश शिक्षण पद रिक्त हों। जब शिक्षक नहीं होंगे तो विश्वास भी नहीं रहेगा। एक समय ऐसा भी था जब इस कॉलेज में छात्रों की संख्या



संतोषजनक थी। यहां तक कि जिन अभिभावकों ने अपने बच्चों का प्रवेश कुल्लू या मंडी के कॉलेजों में कराया था, वे बेहतर शैक्षणिक वातावरण और निकटता के कारण उन्हें पुन: कुकुमसेरी कॉलेज में ले आए। यह इस बात का प्रमाण है कि यदि संस्थान में शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित हो, तो जनजातीय क्षेत्र के विद्यार्थी अपने ही जिले में उच्च शिक्षा प्राप्त करना पसंद करते हैं। हाल के दिनों में यह चर्चा सामने आई है कि प्रदेश सरकार कॉलेज परिसर की आंशिक संपत्ति को एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) के लिए उपय एकलव्य मॉडल स्कूल केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य जनजातीय छात्रों को गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा प्रदान करना है। यह पहल निश्चित रूप से स्वागतयोग्य है। किंतु प्रश्न यह है कि क्या इसके लिए पहले से स्थापित और कार्यरत एकमात्र डिग्री कॉलेज की भूमि या परिसंपत्तियों का उपयोग करना दूरदर्शी निर्णय है? उच्च शिक्षा और स्कूली शिक्षा दोनों की अपनी-अपनी महत्ता है। किंतु किसी एक को सुदृढ़ करने के लिए दूसरे को कमजोर करना नीति की दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता। यदि केंद्र सरकार द्वारा ईएमआरएस की स्थापना के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाती है, तो प्रदेश सरकार समीपवर्ती किसी अन्य उपयुक्त स्थान का चयन कर सकती है। इससे जिले में एक अतिरिक्त शैक्षणिक परिसंपत्ति जुड़ेगी और समग्र शैक्षणिक ढांचा सुदृढ़ होगा। इसके विपरीत, डिग्री कॉलेज की परिसंपत्तियों का आंशिक हस्तांतरण उसके भविष्य पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर सकता है। यह चिंता स्थानीय समाज को अवश्य करनी चाहिए। एक और चिंता राज्य सरकार की वह नीति है, जिसके तहत कम छात्र संख्या वाले कॉलेजों को बंद करने या समायोजित करने पर विचार किया जा रहा है। जनसंख्या की दृष्टि से छोटे और भौगोलिक रूप से दुर्गम जिलों में नामांकन संख्या स्वाभाविक रूप से कम होती है। यदि केवल संख्या के आधार पर निर्णय लिए जाएंगे, तो सीमांत और जनजातीय क्षेत्रों के संस्थान सबसे पहले प्रभावित होंगे ाग में लाने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# आधुनिकता की चमक में शादियों से लुप्त होती लोक संस्कृति



**केशव शर्मा रसिक**
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं

शादी केवल दो व्यक्तियों का वैवाहिक बंधन नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और परंपराओं का जीवंत उत्सव होती है। भारतीय समाज में विवाह सदियों से सामाजिक एकता, सांस्कृतिक निरंतरता और पारिवारिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का माध्यम रहा है। यह वह अवसर होता है, जब परिवार, रिश्तेदार और समुदाय एकत्र होकर न केवल नए जीवन की शुरुआत का उत्सव मनाते हैं, बल्कि अपनी लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को भी जीवित रखते हैं।

किंतु बदलते समय, आधुनिक जीवनशैली और दिखावे की बढ़ती प्रवृत्ति ने विवाह समारोहों की आत्मा से जुड़ी लोक संस्कृति को धीरे-धीरे हाशिये पर धकेल दिया है। एक समय था जब विवाह की तैयारियां कई दिनों पहले से प्रारंभ हो जाती थीं। घर-घर मंगल गीत गूंजते थे। महिलाएं सुहाग, सेहरा, बन्ना-बन्नी और विदाई गीतों के माध्यम से भावनाओं को स्वर देती थीं। ढोल, नगाड़ा, शहनाई और रणसिंघा जैसे पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि वातावरण को उल्लास और पवित्रता से भर देती थी। इन स्वरों में केवल संगीत नहीं, बल्कि पीढ़ियों की स्मृतियां और सांस्कृतिक संवेदनाएं बसती थीं। आज इनकी जगह तेज ध्वनि वाले डीजे, फिल्मी गानों और चमकदार प्रकाश व्यवस्था ने ले ली है। आधुनिक संगीत में उत्साह तो है, परंतु लोक रस और आत्मीयता का वह गहरा स्पर्श अक्सर अनुपस्थित दिखाई देता है।

इसी प्रकार विवाह से जुड़े पारंपरिक रीति-रिवाज भी अब औपचारिकता बनते जा रहे हैं। पहले विवाह सामूहिक आयोजन होते थे, जिनमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भूमिका होती थी। महिलाएं मिलकर पारंपरिक व्यंजन बनाती



थीं, बुजुर्ग रीति-रिवाजों का मार्गदर्शन करते थे और युवा लोक नृत्यों में भाग लेकर आनंद का वातावरण निर्मित करते थे। आज शादियां अधिकतर होटल, रिसॉर्ट या मैरिज पैलेस तक सीमित हो गई हैं, जहां 'थीम वेडिंग', महंगी सजावट और दिखावे को प्राथमिकता दी जाती है। स्थानीय परंपराएं और सरलता कहीं पीछे छूटती जा रही हैं।

लोक संस्कृति के इस क्षरण का सीधा प्रभाव नई पीढ़ी पर पड़ रहा है। आज के कई युवा अपने ही क्षेत्र के लोक गीतों, लोक नृत्यों और पारंपरिक रस्मों से अनभिज्ञ हैं। जब सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ाव कमजोर होता है, तो सामाजिक पहचान का संकट उत्पन्न हो सकता है। साथ ही, लोक कलाकारों, पारंपरिक वाद्य यंत्र बनाने वाले कारीगरों और स्थानीय सेवाओं से जुड़े लोगों के सामने आजीविका का संकट भी खड़ा हो गया है। आधुनिक व्यवस्थाओं ने उनके कौशल को अप्रासंगिक बना दिया है, जिससे एक समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा विलुप्ति की ओर बढ़ रही है। यह सत्य है कि आधुनिकता को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता। समय के साथ परिवर्तन स्वाभाविक है। किंतु परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। यदि विवाह समारोहों में लोक गीतों को स्थान दिया जाए, पारंपरिक वाद्य यंत्रों को पुनर्जीवित किया जाए, क्षेत्रीय व्यंजनों को परोसा जाए और स्थानीय रीति-रिवाजों को सम्मान दिया जाए, तो हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर को सहेज सकते हैं।

परिवारों, सामाजिक संस्थाओं और सांस्कृतिक संगठनों को मिलकर इस दिशा में प्रयास करने होंगे। अंतत: यह समझना आवश्यक है कि लोक संस्कृति केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक पहचान और सामाजिक एकता की आधारशिला है। विवाह जैसे पवित्र और सामूहिक आयोजन यदि अपनी जड़ों से कट गए, तो आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक विरासत से वंचित रह जाएंगी। इसलिए समय रहते चेतना जाग्रत करना, परंपराओं आधुनिक संदर्भ में पुनर्जीवित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# परात्पर ब्रह्म नहीं, सगुण ब्रह्म है इस पूरी सृष्टि का रचयिता



**संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र लेखक

सृष्टि का मूल ब्रह्म है। ब्रह्म का जो रूप सृष्टि के निर्माण में सहायक होता है, वही 'पुरुष' कहलाता है। ब्रह्म के शेष रूप को 'परात्पर ब्रह्म' कहा जाता है। ब्रह्म ज्ञानस्वरूप है, परंतु वह ज्ञान-कर्म सहित है। स्पष्ट है कि केवल शुद्ध ज्ञान से कोई कार्य नहीं हो सकता, जब तक उसके साथ कर्म न जुड़ जाए।

जैसे किसी कुम्हार के पास घड़ा बनाने का ज्ञान तो होता है, किंतु जब तक वह उस ज्ञान के साथ कर्म न करे, तब तक केवल ज्ञान से घड़ा नहीं बन सकता। इसी प्रकार ब्रह्म में सृष्टि विषयक ज्ञान है, किंतु जब तक सृष्टि निर्माण का कर्म न हो, तब तक सृष्टि की उत्पत्ति संभव नहीं है। परात्पर ब्रह्म सृष्टि का सर्जन नहीं करता; सृष्टि का सर्जन सगुण ब्रह्म करता है। निर्गुण ब्रह्म असीम है, इसलिए वह सृष्टि का सर्जन नहीं करता; सगुण ब्रह्म ससीम है, इसलिए वह सृष्टि की रचना करता है। जो 'पुर' (शरीर या नगर) में निवास करता है, उसे पुरुष कहा जाता है—वही जगत का सृष्टा है। जिस कारण से असीम ब्रह्म ससीम प्रतीत होता है, उसे माया कहते हैं। माया ब्रह्म के एक अंश को आवृत करती है, और उसी अंश से यह ब्रह्मांड उत्पन्न होता है। सत्य प्राय: कड़वा होता है। जब अध्यात्म की चर्चा होती है, तब अनेक बार विद्वता का अहंकार सामने आ जाता है। मेरा उद्देश्य किसी का अपमान करना नहीं, बल्कि अध्यात्म को व्यवहारिक रूप से समझाना है, ताकि हम सब उसके वास्तविक अर्थ को जान सकें।

समाज में अनेक आचार्य, शास्त्री, पंडित और कथावाचक भगवान के गुण गाते हैं, किंतु यदि अध्यात्म का व्यावहारिक पक्ष न समझाया जाए, तो समाज अज्ञान के अंधकार में ही बना रहता है। इसी कारण आज परिवारों में कलह बढ़ रही है, वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ रही है और पारिवारिक संबंध कमजोर होते जा रहे हैं। इन सबका एक प्रमुख कारण अध्यात्म से दूर होना है। आज दिखावे का अध्यात्म अधिक रह गया है। जब



तक मनुष्य सच्चे अध्यात्म से नहीं जुड़ता, तब तक वह दूसरे में भगवान का दर्शन करना नहीं सीख पाता। जब वह प्रत्येक प्राणी में सच्चिदानंद भगवान का दर्शन करेगा, तब उसका मस्तक स्वयं ही विनम्रता से झुक जाएगा और आपसी प्रेम व सद्भावना बढ़ेगी।

संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी भक्ति और समभाव का संदेश दिया है—

***वरनौ नाम राम रघुवर को।***
***हेतु कृसानु भानु हिमकर को॥***
***तुलसी अपने राम को रिझि भजो या खीझ।***
***भूमि परे उपजै सबै, उलटा-सीधा बीज॥***

अर्थात, राम नाम का स्मरण किसी भी भाव से किया जाए, उसका फल अवश्य मिलता है।

इसी प्रकार

***उलटा नाम जपत जग जाना।***
***वाल्मीकि भये ब्रह्म समाना॥***

महर्षि वाल्मीकि पूर्व में रत्नाकर नामक व्यक्ति थे, जो दुष्कर्मों में लिप्त थे।

जब नारद जी ने उन्हें समझाया कि पाप का फल अकेले भोगना पड़ता है, तब उन्हें पश्चाताप हुआ। वे 'राम' नाम का उच्चारण भी नहीं कर पा रहे थे, तब उन्हें 'मरा-मरा' जपने का उपदेश दिया गया। निरंतर जप करते-करते वे ब्रह्मज्ञानी बन गए। यह राम नाम की महिमा है।

संदेश यही है कि भगवान के अतिरिक्त इस जगत में कुछ भी स्थायी नहीं है। जो किसी भी भाव से प्रभु का स्मरण करता है, प्रभु उसकी ओर अवश्य प्रवृत्त होते हैं। अत: अपने कर्म करते हुए श्रीराम का भजन करें—यही जीवन का सार है। यदि आप चाहें तो मैं इसे और अधिक संक्षिप्त, अधिक प्रभावी भाषण शैली में, या पुस्तक-प्रकाशन योग्य औपचारिक शैली में भी संपादित कर सकता हूं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जिंदा जलाई 'नीलम को इंसाफ' दिलाने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे लोग

## लोगों ने प्रशासनिक लापरवाही पर उठाए सवाल, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिंदा जलाई 'नीलम को इंसाफ' दिलाने की मांग को लेकर आज कोटली में अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने न्यू बस स्टैंड कोटली से एसडीएम कार्यालय तक विशाल रैली निकालकर न्याय की जोरदार मांग उठाई। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए प्रदर्शनकारी नारे लगाते हुए आगे बढ़े और प्रशासन से जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की।

रैली शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गई, लेकिन लोगों में घटना को लेकर गहरा आक्रोश स्पष्ट दिखाई दिया।बताया गया कि प्रशासनिक अधिकारियों को पूर्व सूचना दी गई थी और ज्ञापन सौंपने के लिए समय भी तय किया गया था, इसके


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए लोग। अनंत ज्ञान

बावजूद अधिकारी निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं हुए। इससे उपस्थित जनसमूह में नाराजगी फैल गई और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे। बाद में एसडीएम को दूरभाष के माध्यम से बुलाया गया और लगभग एक घंटे की प्रतीक्षा के बाद उनके पहुंचने पर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान महिलाओं और पुरुषों ने मांग की कि संबंधित अधिकारी खुलकर सामने आएं, पीड़ित परिवार से संवाद करें और अब तक की गई कार्रवाई का स्पष्ट ब्यौरा दें।

### ◆ न्यू बस स्टैंड से एसडीएम कार्यालय तक निकाली रैली

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व एक महिला को उसके घर के भीतर जिंदा जला दिया गया था। उसकी दोनों टांगें टूटी हुई पाई गईं तथा निजी अंग भी जले हुए थे, जिनके निशान पुराने बताए जा रहे हैं। वह 10-12 दिन तक पीजीआई में जीवन के लिए संघर्ष करती रही, परंतु अंततः उसने दम तोड़ दिया। वह अपने पीछे दो मासूम बच्चों को छोड़ गई। रैली में शामिल लोगों ने इसे केवल एक परिवार का मामला नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और न्याय की लड़ाई बताया। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक नीलम को न्याय नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा।

## एचआरटीसी के ड्राइवर व कंडक्टर के साथ मारपीट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एचआरटीसी डिपो धर्मपुर के ड्राइवर व कंडक्टर के साथ ड्यूटी के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार धर्मपुर मढी वाया तनहेड बस जब वापसी तनहेड में पहुंची तो मनजीत कुमार नाम के व्यक्ति ने बीच सड़क में अपनी जीप गाड़ी को रोड पर खड़ा किया था। इस कारण बस निकलने की जगह नहीं बची थी। इस पर बस ड्राइवर ने हार्न बजाया तो कुछ देर रुकने के बाद भी जब गाड़ी साइड न की तो मनजीत को गाड़ी को साइड करने के लिए बोला गया, जिस पर मनजीत गाली-गलोच करने लग पड़ा तथा बस चालक सुनिल के दरवाजे के पास आकर दरवाजे को खोल दिया तथा ड्राइवर के साथ हाथापाई करने लगा। इस घटना को देखकर परिचालक अमित सिंह गाड़ी से बाहर उतरकर मनजीत को हटाने के लिए गया तो उसने इसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बाई आंख के नीचे चोटें आई है। इस बारे ड्राइवर - कंडक्टर ने अपने साथ हुई मारपीट की सूचना धर्मपुर पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। डीएसपी धर्मपुर संजीव सुद ने मामले की पुष्टि की है।

## पंडोह बांध से 1 मार्च तक छोड़ा जाएगा पानी, ब्यास किनारे न जाने की चेतावनी


पंडोह बांध से ब्यास नदी में छोड़ा गया पानी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बालक राम, पंडोह।** पंहोह बांध से 23 फरवरी से नियंत्रित रूप से ब्यास नदी में पानी छोड़ा जाएगा। यह निर्णय लारजी जलविद्युत परियोजना के 23 फरवरी से 1 मार्च तक नियोजित बंद रहने के कारण लिया गया है, जिससे बांध पर जल प्रवाह बढ़ने की संभावना है। बीबीएमबी प्रशासन के अनुसार 23 फरवरी को 5000 क्यूसेक पानी ब्यास नदी में छोड़ा गया है। जिससे नदी के जलस्तर में 1 से 3 मीटर तक वृद्धि हो सकती है। एहतियात के तौर पर लोगों को नदी किनारों और नदी तट के पास न जाने की सलाह दी गई है, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। इस पानी से मंडी, कांगड़ा और हमीरपुर जिला के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को समस्या आ सकती है, इसलिए इन्हें सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

प्रशासन ने नदी किनारे रेत बजरी या अन्य कार्य कर रहे मजदूरों, ठेकेदारों और श्रमिकों को भी अपनी और अपने उपकरणों की सुरक्षा करनी होगी। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड ने बताया कि पानी की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर आगे की सूचना जारी की जाएगी। फिलहाल 1 मार्च तक यथास्थिति बनी रहेगी। इसलिए सावधान रहें। बीबीएमबी की वरिष्ठ अधिशासी अभियंता चंद्रमणि शर्मा ने खबर की पुष्टि की है।

## ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) सियोगी पंडोह मंडी में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 35 दिनों तक चलेगा तथा यह पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पीएनबी के अग्रिम जिला प्रबंधक चंद्र प्रकाश एवं आरसेटी निदेशक सुरेंद्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर आरसेटी संकाय स्वाति शर्मा, कार्यालय सहायक गोविंद राम एवं संतोष कुमारी भी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 25 प्रशिक्षु भाग ले रहे हैं। अपने संबोधन में अग्रिम जिला प्रबंधक चंद्र प्रकाश ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार हेतु सक्षम बनाना है।

# न्यूज ब्रीफ

## घोड़ीधार, दुदर में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरे, मंडी।** विद्युत अनुभाग मझवाड़ के अंतर्गत आने वाले घोड़ीधार, दुदर, निहालग किप्पर, मझवाड़, मड़धार तथा कोर्टमोर्स और आसपास के क्षेत्रों में 24 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह बंद विभाग द्वारा घोड़ीधार में 4 पोल स्ट्रक्चर स्थापित करने तथा 1.5 एमवी सोलर पावर प्रोजेक्ट से जोड़ने के कार्य के चलते किया जाएगा। सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल न. 2, मंडी ई. सुनील शर्मा ने बताया कि कार्य पूर्ण होते ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## पलोहटा, सियांजी में कल लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सुंदरनगर ई. राजन गौर ने जानकारी दी कि विद्युत उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत अनुभाग महादेव में एचपीशिवा परियोजना के अंतर्गत जीओ स्विच की स्थापना एवं एचटी लाइन की सैगिंग तथा लाइनों के साथ लगे पेड़ों की कटाई-छंटाई कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्य के चलते 25 फरवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक 22 केवी बैक महादेव फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों पलोहटा, सियांजी, द्रमण, अवाह, कुठाणी, सेरड, गंडोली, गोड़ीपधर, मजरोट सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## पायल व ध्रुव ने बढ़ाया महाविद्यालय का मान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक पायल गुलेरिया एवं ध्रुव ने महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, बद्दी में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में सहभागिता निभाकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। सात दिवसीय शिविर में देशभर से आए एनएसएस स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा राष्ट्रनिर्माण से जुड़े सत्रों, कार्यशालाओं और समूह गतिविधियों में भाग लिया। पायल गुलेरिया एवं ध्रुव ने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना का प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। शिविर दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और संवादात्मक गतिविधियों में हिस्सा लिया, जिसकी सराहना शिविर आयोजको द्वारा भी की गई। इस उपलब्धि पर राजकीय महाविद्यालय सरकारघाट के प्राचार्य, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं महाविद्यालय परिवार ने दोनों स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

## चूड़ा मणि अध्यक्ष, नागेंद्र पाल बने उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, सुनील शर्मा, गोहर।** चैलचौक विश्राम गृह में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड के सेवानिवृत्त तकनीकी कर्मचारी एवं अधिकारी एसोसिएशन की गोहर इकाई का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल ठाकुर ने की। बैठक में संगठन की गतिविधियों और पेंशनधारकों की लंबित मांगों पर विस्तार से चर्चा हुई। सर्वसम्मति से गठित इकाई में चूड़ा मणि को अध्यक्ष, नागेंद्र पाल वालिया को उपाध्यक्ष, मोहन सिंह को सचिव और ताबिन्द्र सिंह को वित्त सचिव चुना गया। पदाधिकारियों ने समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई।

## जनसेवा के साथ सामाजिक समर्पण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना सरकाघाट में आज थाना प्रभारी एवं समस्त पुलिसकर्मियों के सहयोग से शिव मंदिर परिसर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम धार्मिक श्रद्धा, सामाजिक सद्भाव एवं जनसहभागिता का प्रतीक बना। प्रातःकाल विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात डीएसपी संजीव कुमार गौतम की देखरेख में दोपहर से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। थाना प्रभारी रजनीश ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि पिछले वर्ष थाना परिसर में शिव मंदिर की स्थापना के साथ ही समस्त पुलिसकर्मियों द्वारा भंडारे का आयोजन शुरू किया था।

## अग्निवीर भर्ती रैली के लिए टेंडर आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक आयुक्त मंडी कुलदीप सिंह पटियाल ने बताया कि भारतीय रिजर्व बटालियन पंडोह में 22 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली के लिए स्टेज, टेंट व फर्नीचर की व्यवस्था के लिए सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। उन्होंने बताया कि निविदाएं दो-बिड प्रणाली के तहत 9 मार्च को दोपहर 2:30 बजे तक उपायुक्त कार्यालय मंडी में जमा करवाई जा सकती हैं और उसी दिन 3 बजे खोली जाएंगी। टेंडर प्रपत्र 2000 रुपए शुल्क पर कार्यालय से अथवा वेबसाइट से प्राप्त किए जा सकते हैं। तकनीकी बिड के साथ 1 लाख रुपए की अर्नेस्ट मनी बैंक ड्राफ्ट या एफडीआर के रूप में जमा करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि टेंडर ओपनिंग कमेटी को निविदाएं स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

## गेहूं व मटर की फसल का किया अवलोकन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषि विभाग द्वारा कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के तत्वावधान में विकास खंड धनोटु की ग्राम पंचायत घांगल में उन्नतशील किसान प्रताप सिंह के प्राकृतिक खेती के प्रदर्शन प्लॉट का भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला किन्नौर से आए किसानों ने प्राकृतिक खेती के तहत उगाई गई गेहूं एवं मटर की फसलों का अवलोकन किया व खेती की तकनीकों की जानकारी ली। किसानों को प्राकृतिक खेती की विभिन्न विधियों, कम लागत में अधिक उत्पादन तथा मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के उपायों के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त, विकास खंड धनोटु के बीज गुणन फार्म छातर में स्थापित प्राकृतिक खेती के प्रदर्शन प्लॉट का भी भ्रमण कराया गया। इस दौरान कनैड स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले विभिन्न घटकों की जानकारी प्राप्त की।

## रिवालसर में राज्यस्तरीय छेशचू मेला कल से

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** रिवालसर में राज्य स्तरीय छेशचू मेले का शुभारंभ 25 फरवरी सुबह 11 बजे माननीय शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर करेंगे। 26 फरवरी को आयोजित शोभायात्रा में हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के उपाध्यक्ष विशाल चमबयाल मुख्य रूप से भाग लेंगे। मेले का समापन 27 फरवरी अपराह्न 3 बजे हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ लिमिटेड (मिल्क फेड) के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर द्वारा किया जाएगा। 24 फरवरी को महासंगम आरती एवं भजन संध्या, 25 फरवरी को ट्राइबल नाइट, 26 फरवरी को फ्यूजन नाइट तथा 27 फरवरी को हिमाचली नाइट का आयोजन होगा। विभिन्न सांस्कृतिक संध्याओं में प्रदेश के कलाकार प्रस्तुति देंगे। 25 और 26 फरवरी को पारंपरिक नृत्य कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## प्रो. नितिका कौशल को 'भारत श्री राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार-2026' से नवाजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल की बेटी और उत्तराखंड की बहू प्रो. नितिका कौशल को चिकित्सा शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'भारत श्री राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार-2026' से सम्मानित किया गया। रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय से संबद्ध प्रोफेसर एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नितिका कौशल को यह सम्मान उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड के उज्ज्वल भवन, देहरादून में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन इंस्टीट्यूट फॉर सोशल रिफॉर्म्स एंड हायर एजुकेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया। मूल रूप से जिला मंडी की बल्ह तहसील के रत्ती क्षेत्र की निवासी प्रो. कौशल महेश कांत कौशल और तरुणा कौशल की सुपुत्री हैं। उनकी माता तरुणा कौशल बल्ह पंचायत में पार्षद के रूप में जनसेवा कर रही हैं। प्रो. कौशल का विवाह देहरादून, उत्तराखंड में हुआ है। उन्हें 'चिकित्सा शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान' श्रेणी में सम्मानित किया गया। उन्होंने छात्र कल्याण, शैक्षणिक गुणवत्ता, व्यक्तित्व विकास और शोध उन्नयन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। सम्मान ग्रहण करते हुए उन्होंने इसे माता-पिता, गुरुओं और विद्यार्थियों के आशीर्वाद का प्रतिफल बताया। समारोह में सुबोध उनियाल, माननीय वन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड सरकार मुख्य अतिथि रहे, जबकि सविता कपूर, माननीय विधायक उत्तराखंड विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। संदीप सिंघल, अजय कुमार सिंह एवं सुरेश चंद्र बलूनी भी विशिष्ट अतिथि रहे। आयोजन ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अतुल शर्मा एवं सचिव डॉ. रेशु गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ तथा राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ। यह सम्मान हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड दोनों राज्यों के लिए गौरव का विषय है।

### ◆ चिकित्सा शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला राष्ट्रीय सम्मान

## वयोवृद्ध लोक गायिका रेशमू शेरडवाल का निधन

**अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** गांव महादेव से संबंधित वयोवृद्ध लोक गायिका रेशमू शेरडवाल जो लोक गाथा गीत एवं लोक गीतों स्वांगों एवं लोक नाटय लड़घिंघा आदि में सिद्धहस्त थी। इनका बीती शाम निधन हो गया। ब्याह शादी-लोक उत्सवों आदि अवसरों को लेकर दूर दूर तक



मशहूर रही हैं। पूर्व सुकेत रियासत काल में राजतंत्र के क्रांतिकारी साध शेरडवाल की पुत्रवधू दिवंगत शेरडवाल जाने माने साहित्यकार कृष्ण चंद्र महादेविया की माता थी जो कुछ समय से गंभीरावस्था में अस्वस्थ चल रही थी। इनको याद करते हुए उन्हें कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों व स्थानीय लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सजल नेत्रों से अंतिम विदाई दी, श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सुप्रसिद्ध उपन्यासकार डॉ. गंगा राम राजी,बाल साहित्यकार तथा कवि पवन चौहान ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। क्षेत्र भर में व्याप्त शोक लहर के बीच घांघल तट स्थित श्मशानघाट में किए गए अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## राष्ट्रीय पैरा अल्पाइन स्कीइंग में मंडी का दबदबा

### उमेश कुमार को स्वर्ण और अतुल चौहान को मिला रजत पदक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नारकंडा में आयोजित दूसरी राष्ट्रीय पैरा अल्पाइन स्कीइंग प्रतियोगिता में मंडी जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए जिला और प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन किया है। युवा सेवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त इस प्रतिष्ठित आयोजन में हिमाचल प्रदेश पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के मार्गदर्शन में मंडी के दो जांबाज खिलाड़ियों ने कड़े मुकाबलों के बीच शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणामों के अनुसार, मंडी के उभरते खिलाड़ी उमेश कुमार ने अपनी श्रेणी कैटेगरी एलडब्ल्यू -9 में उत्कृष्ट तकनीक और अदम्य साहस का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है।

वहीं अतुल चौहान ने कैटेगरी एलडब्ल्यू -4 श्रेणी में अपनी स्टीक स्किल्स और



अथक परिश्रम के दम पर रजत पदक जीतकर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। राष्ट्रीय स्तर की इस कठिन प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियों की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि आत्मविश्वास मजबूत हो और लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण हो, तो कोई भी शारीरिक चुनौती सफलता के मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। इन खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर मंडी जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की प्रधान हेमलता पठानिया, उप-प्रधान भारती राणा व मुरारी लाल पाठक, महासचिव लता देवी और कोषाध्यक्ष सारिका सोनी सहित एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अत्यंत हर्ष व्यक्त किया है। सभी पदाधिकारियों ने दोनों विजेताओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि इन खिलाड़ियों की जीत न केवल मंडी जिला बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। एसोसिएशन का मानना है कि इस प्रकार की उपलब्धियां अन्य दिव्यांग युवाओं को भी खेलों की मुख्यधारा से जुड़ने और अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित करेंगी, जिससे आने वाले समय में पैरा स्पोर्ट्स के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित होंगे।

## व्यापार मंडल लीग में तीसरे स्थान पर मास्टर ब्लास्टर

### रॉयल इलेवन ने भी दर्ज की शानदार जीत, विशाल शर्मा बने प्लेयर ऑफ द मैच

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** व्यापार मंडल लीग सीजन-1 के तहत डोहग मैदान में खेले गए तीसरे और चौथे स्थान के मुकाबले में मास्टर ब्लास्टर टीम ने हिमालयन स्ट्राइकर्स को 12 रन से हराकर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया। मुकाबले में व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर के पूर्व अध्यक्ष अजय धरवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। 15 ओवर के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मास्टर ब्लास्टर ने 8 विकेट के नुकसान पर 119 रन बनाए। टीम की ओर से सोनू शर्मा ने 28 रन बनाए, जबकि विकास ने मात्र 10 गेंदों में 21 रन की तेज पारी खेलकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। निर्धारित 15 ओवर पूरे कर टीम ने हिमालयन स्ट्राइकर्स को 120 रन का लक्ष्य दिया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमालयन स्ट्राइकर्स की टीम 15 ओवर में 8 विकेट पर 107 रन ही बना सकी। टीम की ओर से सौरव खत्री ने 32 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी साझेदारी करने में नाकाम रहे। इस प्रकार मास्टर


डोहग मैदान में खेले गए मैच के दौरान खिलाड़ी। अनंत ज्ञान

ब्लास्टर ने 12 रन से मुकाबला अपने नाम किया। मुख्य अतिथि अजय धरवाल ने विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों में खेल भावना और आपसी भाईचारा बढ़ता है। मैदान में दर्शकों का भी खासा उत्साह देखने को मिला।

इसके बाद खेले गए एक अन्य मुकाबले में एजुकेशन इलेवन और व्यापार मंडल की रॉयल इलेवन आमने-सामने हुईं। एजुकेशन इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 114 रन बनाए। जवाब में रॉयल इलेवन ने 14.1 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से पंकज कुमार ठाकुर ने 39 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, जबकि केवल और लगवाल ने 15-15 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

गेंदबाजी में विशाल शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 ओवर में मात्र 3 रन देकर 5 विकेट झटके और मुकाबले के हीरो बने। कप्तान अजय बावा की अगुवाई में रॉयल इलेवन ने आसान जीत दर्ज की। शानदार प्रदर्शन के लिए विशाल शर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। व्यापार मंडल लीग के इन रोमांचक मुकाबलों ने स्थानीय खेल प्रेमियों को भरपूर मनोरंजन प्रदान किया।

## भंगरोटू कन्या स्कूल में छात्राओं को दी विदाई

**अनंत ज्ञान, महादेव।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंगरोट तहसील बल्ह, जिला मंडी में सत्र 2025-26 की जमा दो कक्षा का विदाई समारोह हिमाचली संस्कृति और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। समारोह में रैनी को मिस फेयरवेल, सलोनी को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ छात्रा, विभा को मिस पर्सनालिटी तथा एंजल को मिस जमा दो चुना गया। प्रधानाचार्य किशन बुशहरी ने मुख्य अतिथि पाठशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तोमर पाल शर्मा, अभिभावकों, प्राध्यापकों, अध्यापकों और छात्राओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह दिन गर्व और भावनाओं से भरा है। विद्यालय की परंपरा केवल शिक्षा नहीं, बल्कि संस्कार, आत्मविश्वास और संघर्ष की शक्ति देकर छात्राओं को विदा करना है। उन्होंने कहा कि छात्राओं ने बल्ह उपमंडल और जिला मंडी में विद्यालय की गरिमा को मेहनत, अनुशासन और उपलब्धियों से बढ़ाया है। खेल, वाद-विवाद, सांस्कृतिक मंच और बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उन्होंने विद्यालय की पहचान मजबूत की है।

## पांगणा उपतहसील में वर्षा की कमी से सेब बागान व रबी फसलें प्रभावित

अनंत ज्ञान

**करसोग।** पांगणा उप-तहसील क्षेत्र में वर्षा की कमी से कृषि और बागवानी कार्य प्रभावित हैं। बादलों की आवाजाही के बावजूद पर्याप्त वर्षा न होने से सेब बागानों में नमी घट रही है, जिससे बागवान चिंतित हैं। स्थानीय



प्रगतिशील बागवान सुरेश शर्मा, डॉक्टर रमेश चंद, विक्रम सिंह रावत, डॉक्टर किशोरी लाल, पदमनाभ चौहान, हिरा लाल महाजन, हेमराज गुप्ता, थर्मपाल गुप्ता, चमन लाल गुप्ता, नरेश चुमार, खूब लाज शर्मा, धर्मेन्द्र गुप्ता, हितेन्द्र गुप्ता, मनोज शर्मा, नानक चंद, डॉक्टर जगदीश शर्मा ने बताया कि समय पर वर्षा न होने से पौधों की वृद्धि प्रभावित हो रही है और आगामी फसल पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। 24 जनवरी 2026 को चार माह बाद हुई वर्षा व बर्फबारी से उम्मीद जगी, पर आगे वर्षा नहीं हुई। नमी रहने पर तौलिए बन गए, पर अधिकांश बागवान सुपर फास्फेट नहीं डाल सके। अब पोटाश का समय है, लेकिन जमीन में नमी नहीं है। बागवानी विशेषज्ञ डॉक्टर शरद गुप्ता के अनुसार वर्षा की कमी से पौधों की पोषकता व वृद्धि बाधित होती है तथा फल की गुणवत्ता और उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। क्षेत्र के किसान मटर, गेहूं और आलू की फसल के लिए वर्षा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। बुवाई में देरी के बाद अब वर्षा न होने से उत्पादन घटने की संभावना है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि हल्की से मध्यम वर्षा फसलों और बागवानी के लिए आवश्यक है, जिससे मिट्टी में नमी संतुलित रहे और जड़ों को मजबूती मिले। क्षेत्रवासी शीघ्र वर्षा की कामना कर रहे हैं।

### ◆ समय पर बारिश न होने से बढ़ी चिंता

## भव्य जसवाल मिस्टर व देवांशी यादव को मिला मिस फेयरवेल का खिताब



भारतीय स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**विनोद जसवाल, नेरचौक।** भारतीय पब्लिक स्कूल नलसर में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य धना रावत और भारतीय आईटी आई नलसर के प्रधानाचार्य गुलशाद विशेष रूप से शामिल हुए उन्होंने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को ईमानदारी, सच्चाई व निष्ठा के साथ जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गीत, संगीत, नृत्य, प्रदर्शनी, स्किट आदि के साथ सभी का मनोरंजन करते हुए जूनियर द्वारा सीनियर को उपहार सहित टाइटल अवार्ड सेरेमनी करवाई किया जिसमें भव्य जसवाल को मिस्टर फेयरवेल और देवांशी यादव को मिस फेयरवेल व मनदीप ठाकुर को मिस्टर पर्सनालिटी और वैश्वी शर्मा को मिस पर्सनालिटी के टाइटल से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य धन्ना रावत ने विद्यार्थियों को कर्तव्यनिष्ठ रहने, लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने तथा मेहनत और लगन से आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अध्यापक अध्यापिकाओं ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**बैठक** स्मार्ट मीटर से बढ़ेगा आर्थिक बोझ, निजीकरण को मिलेगा बढ़ावा: महेंद्र राणा

# स्मार्ट मीटर के विरोध में किसान सभा मुखर

अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** हिमाचल किसान सभा लोकल कमेटी बाली चौकी ने सोमवार को व्यापार मंडल एवं बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर को लेकर आयोजित जागरूकता बैठक में भाग लिया। बैठक में किसान सभा के राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र राणा ने स्मार्ट मीटर योजना का कड़ा विरोध करते हुए इसे उपभोक्ताओं के हितों के खिलाफ बताया।

महेंद्र राणा ने कहा कि किसान सभा देशभर में स्मार्ट मीटर लगाने के फैसले का विरोध कर रही है। उनका आरोप है कि स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिजली व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी की जा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी बैठक में केवल स्मार्ट मीटर के फीचर्स गिना रहे हैं, जबकि इसके वास्तविक उद्देश्य और दीर्घकालिक प्रभावों पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहले से डिजिटल मीटर


बैठक करते हुए किसान सभा के पदाधिकारी व ग्रामीण। अनंत ज्ञान

### अधिकारियों ने प्रश्नों का उत्तर देने से किया परहेज

**बैठक** के दौरान जब इन मुद्दों को अधिकारियों के समक्ष उठाया गया तो अधिकारियों ने इन प्रश्नों का उत्तर देने से परहेज करते हुए कहा कि इनका जवाब प्रबंधन या सरकार स्तर पर ही दिया जा सकता है। इससे उपस्थित लोगों में असंतोष देखा गया। इस बैठक में मौजूद व्यापार मंडल के प्रधान यशवंत शर्मा, पूर्व प्रधान तेजराम, किसान सभा सदस्य दुल्ला दुग्गल सहित कई मौजूद रहे।

लगे हुए हैं, जिन पर सरकार करोड़ों खर्च कर चुकी है। ऐसे में नए स्मार्ट मीटर लगाने की जल्दबाजी संदेह पैदा करती है। किसान सभा का आरोप है कि यह कदम बड़े कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। राणा ने कहा कि स्मार्ट मीटर लागू होने से उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा और बिजली बोर्ड के हजारों कर्मचारियों की नौकरियां भी खतरे में पड़ सकती हैं। उन्होंने प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसे फैसले युवाओं के भविष्य के लिए घातक साबित हो सकते हैं। किसान सभा ने घोषणा की है कि स्मार्ट मीटर के विरोध में 25 फरवरी को बालीचौकी में विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

### ◆ कल बालीचौकी में किया जाएगा विरोध-प्रदर्शन

### पोस्टपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को अब मिलेंगे डिजिटल बिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** विद्युत उपमंडल साईग्लू के सहायक अभियंता ई. विनीत कुमार ने बताया कि पोस्टपेड स्मार्ट मीटर वाले व्यावसायिक प्रतिष्ठान, सरकारी और अर्ध-सरकारी कार्यालय अब मासिक विद्युत बिल अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त करेंगे। बिल हर माह की पहली तारीख को स्वतः जनित होगा और बोर्ड द्वारा प्रमाणित बिल के रूप में मान्य होगा। उपभोक्ता हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड के मोबाइल ऐप पर बिल देख सकते हैं और आवश्यक होने पर प्रिंट निकाल सकते हैं; हार्ड कॉपी केवल लिखित अनुरोध पर उपलब्ध होगी।




# कृषि प्रधान पंचायत वरनोह में नई उम्मीदों के संग विकास की ओर बढ़ते कदम

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** जिला मुख्यालय से सटी वरनोह ग्राम पंचायत एक साधन-संपन्न और कृषि प्रधान पंचायत के रूप में अपनी अलग पहचान रखती है।

यहां के अधिकांश परिवारों का मुख्य व्यवसाय खेती-किसानी है। पंचायत की सबसे बड़ी खासियत यह है कि ग्रामीणों ने अपने रिहायशी मकान ऊंचाई वाले अथवा अनुपजाऊ भूमि पर बनाए हैं, जबकि उपजाऊ व कृषि योग्य भूमि को खेती के लिए सुरक्षित रखा है। यह सोच ग्रामीणों की दूरदर्शिता और कृषि के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। पंचायत क्षेत्र में सैकड़ों हेक्टेयर भूमि सिंचित और अत्यंत उपजाऊ है, जो यहां की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हालांकि, अभी भी काफी क्षेत्र असिंचित है, जिससे किसानों को सिंचाई संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सिंचाई व्यवस्था को और मजबूत किया जाए, तो कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है।



**स्थानीय** निवासी गुज्जर सिंह का कहना है कि वर्तमान पंचायत ने रास्तों और गलियों को पक्का करवाया है, जो सराहनीय कदम है। उनका मानना है कि आने वाली पंचायत को विकास कार्यों को और आगे बढ़ाना चाहिए।



**पूर्व** प्रधान कमल देव ने वर्तमान कार्यकाल को लेकर असंतोष जताया। उनका कहना है कि पंचायत में अभी भी कई कमियां हैं और कुछ कार्य व्यक्तिगत पहचान के आधार पर हुए हैं। उन्होंने बताया कि वे आगामी पंचायत चुनाव में सहयोग करेंगे और स्वयं ब्लॉक समिति का चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं।


पंचायत वरनोह में मंदिर और सराय भवन। अनंत ज्ञान




**राज** कुमार और राज कौर ने सिंचाई व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की। उनका कहना है कि कुछ भूमि की सिंचाई होती है, लेकिन काफी क्षेत्र अभी भी सुविधा से वंचित है। कई बार जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के बावजूद ठोस समाधान नहीं निकला।

## उम्मीदों के साथ आगे

**कुल** मिलाकर वरनोह ग्राम पंचायत विकास के पथ पर अग्रसर है, लेकिन सिंचाई और कुछ बुनियादी सुविधाओं को लेकर अभी भी अपेक्षाएं बनी हुई हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि आने वाली पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास को प्राथमिकता देगी और कृषि प्रधान इस पंचायत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी।



**विजय** कुमारी ने भी रास्तों और नालियों के निर्माण को सकारात्मक कदम बताया, लेकिन सिंचाई सुविधा बढ़ाने पर जोर दिया।

## चार जिलों को सेवा देता पशु चिकित्सालय

**वरनोह** की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यहां स्थित क्षेत्रीय पशु चिकित्सालय है, जो चार जिलों के पशुपालकों को सेवाएं प्रदान कर रहा है। इससे न केवल स्थानीय, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के पशुपालकों को भी लाभ मिल रहा है और पशुपालन व्यवसाय को मजबूती मिली है।

## पंचवटी पार्क और बुनियादी सुविधाएं

**पंचायत** में लगभग 33 लाख रुपए की लागत से पंचवटी पार्क का निर्माण किया गया है। यह पार्क सुबह-शाम सैर करने वालों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बच्चों के लिए खेलकूद की सुविधाएं और ओपन जिम भी उपलब्ध है। इसके अलावा पंचायत में प्राचीन मंदिर और सराय भवन मौजूद हैं। सराय भवन के कुछ कमरों का हाल ही में निर्माण किया गया है, जिससे बाहर से आने वाले लोगों को सुविधा मिलती है।


वरनोह पंचायत में पंचवटी पार्क और पक्का चौक। अनंत ज्ञान



**पंचायत** प्रधान गुरबक्श सिंह का कहना है कि उनके कार्यकाल में पंचवटी पार्क, रास्तों का निर्माण, पंचायत भवन में अतिरिक्त कमरा और सराय भवन के विकास सहित कई महत्वपूर्ण कार्य करवाए गए हैं। उन्होंने संकेत दिया कि यदि सीट सामान्य (ओपन) हुई तो वे आगामी चुनाव में भी मैदान में उतरेंगे।




**नीलम** कुमारी और अजमेर सिंह ने पंचायत के कार्यों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि नई पंचायत विकास की गति को और तेज करेगी।



वरनोह पंचायत में बना क्षेत्रीय पशु चिकित्सालय। अनंत ज्ञान

# न्यूज ब्रीफ

## स्काउट-गाइड आंदोलन के आदर्शों से कराया अवगत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर सोमवार को राजकीय महाविद्यालय ऊना की रोवर रेंजर इकाई ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला, रक्कड़ कॉलोनी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। उद्देश्य विद्यार्थियों में एकता, नेतृत्व, सेवा भावना और वैश्विक भाईचारे के मूल्यों को प्रोत्साहित करना था। रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को स्काउट-गाइड आंदोलन के आदर्शों से अवगत कराया गया। 26 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित प्रवेश परीक्षण शिविर में कौशल विकास के तहत आचार निर्माण गतिविधि से 3850 रुपये की आय अर्जित हुई। इकाई ने इस राशि को समाज सेवा में लगाने का निर्णय लिया। इसी क्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई, जिससे बच्चों में उत्साह देखा गया।

## विशाल प्रधान, मनीष ठाकुर बने उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ग्राम जमोई स्थित नवदुर्गा माता मंदिर, जमोई के प्रांगण में गांव की युवा शक्ति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच के संगठन मंत्री एवं पूर्व वार्ड सदस्य शशी चंदेल सोनू ने की। बैठक में युवाओं से जुड़े सामाजिक और संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। विशेष रूप से बच्चों और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए नशामुक्त जीवन की शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने युवाओं को समाज का भविष्य बताते हुए जागरूक और संस्कारी बनने का आह्वान किया। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन कर सभी युवाओं को जय बजरंग बली युवक मंडल से जोड़ने का निर्णय लिया गया। विशाल ठाकुर प्रधान, मनीष ठाकुर उपप्रधान, नितिन ठाकुर सचिव, अभिनव ठाकुर कोषाध्यक्ष नियुक्त हुए।

## वेटरन सूबेदार पुरुषोत्तम सिंह का निधन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** जिला बिलासपुर की तहसील झंडूता के गांव गेहड़वीं निवासी वेटरन सूबेदार पुरुषोत्तम सिंह का 70 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। वर्ष 1976 में वे भारतीय सेना में भर्ती हुए और 15 ग्रेनेडियर्स में 28 वर्षों तक सेवाएं देकर 2004 में सेवानिवृत्त हुए। वे अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के लिए जाने जाते थे। अंतिम संस्कार में जिला बिलासपुर व गेहड़वीं क्षेत्र के पूर्व सैनिकों ने सैनिक सम्मान के साथ उन्हें विदाई दी। पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। उनके पुत्र, जो डोगरा रेजीमेंट में हवलदार हैं, ने मुखाग्नि दी। हिमाचल प्रदेश वेटरन सैनिक लीग के प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन बालक राम शर्मा सहित अनेक पूर्व सैनिक व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## आधुनिक बागवानी की जानकारी प्राप्त की

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय उच्च विद्यालय चुवाडी की मुख्याध्यापिका भावना के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के लिए एकदिवसीय पूर्व-व्यावसायिक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वरोजगार व विभिन्न व्यवसायों की व्यावहारिक जानकारी देना था। विद्यार्थियों ने पद्मश्री सम्मानित कृषक हरिमन शर्मा की सेब पौधशाला का दौरा कर आधुनिक बागवानी, उन्नत किस्मों और जैविक खेती की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद सहकारी समिति दाबला तथा कोठी की होजरी शॉप का भ्रमण कर कार्यप्रणाली, बीज-खाद वितरण और सामूहिक प्रयासों के लाभ समझे। अंत में स्थानीय कुम्हार द्वारा मिट्टी के बर्तन बनाने की प्रक्रिया देखी। अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की।

## राजनीति में कांग्रेस राष्ट्रहित की अनदेखी कर रही

**अनंत ज्ञान, ऊना।** युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने सोमवार को जारी बयान में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन भारत की छवि धूमिल करने का प्रयास है। कौशल ने कहा कि यह कदम विदेशी मेहमानों के सामने देश की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता की राजनीति में कांग्रेस राष्ट्रहित की अनदेखी कर रही है।

## नशे के शारीरिक, मानसिक प्रभावों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, बरमाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धार टटोह में अदानी फाउंडेशन के सहयोग से नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और स्वस्थ, अनुशासित जीवन के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम में अदानी फाउंडेशन समन्वयक देशेंद्र कुमार, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राकेश पाठक, एसएमसी प्रधान बलवीर राम, ग्राम पंचायत प्रधान सुंदर राम और सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राकेश पाठक ने नशे के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक प्रभावों की जानकारी दी। अभियान में चित्रकला, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 105 विद्यार्थियों ने भाग लिया और विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## स्टूडेंट्स का आईआईटी मंडी के लिए प्रस्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के कंप्यूटर साइंस विभाग के विद्यार्थी 9 दिवसीय आईआईटी मंडी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए रवाना हुए। यह कार्यक्रम विभाग के को-ऑर्डिनेटर प्रोफेसर अश्वनी चंदेल के प्रयासों से संभव हुआ। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, रोबोटिक्स और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी उभरती तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर डॉ. तेज सिंह, डॉ. सोनिका, डॉ. संजु बाला, प्रो. अंकित, प्रो. कंचन, प्रो. मोनिका और प्रो. पूनम भी उपस्थित रहे।

## 94 हजार से अधिक बच्चों को खिलाई दवा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। स्वास्थ्य विभाग ने इस अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर पेट के कीड़ों से मुक्त किया। सभी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बेहतर बनाना है, क्योंकि कृमि संक्रमण उनके विकास में बाधक बनता है। जिले भर में कुल 94,965 बच्चों ने यह दवा ग्रहण की, जो 97% की उपलब्धि दर है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने बताया कि जो बच्चे आज दवा नहीं ले पाए, उन्हें 28 फरवरी को होने वाले मॉप-अप राउंड के दौरान कवर किया जाएगा। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि वे इस अभियान में सहयोग करें और बच्चों को स्वस्थ जीवन के लिए यह दवा अवश्य खिलाएं।

# विधायक बिक्रम ने कार्यकर्ताओं के साथ की मीटिंग

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** जसवा परागपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर ने सोमवार को मोइन गांव में कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की। इस मीटिंग में मंडल परागपुर के अध्यक्ष विनोद शर्मा, सजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 2027 विधानसभा चुनावों की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। विधायक बिक्रम ठाकुर ने प्रदेश सरकार द्वारा चिंतपूर्णी कॉलेज को बंद करने की तैयारी को लेकर कहा कि यह सरकार का फैसला बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की यह नीति गरीब छात्रों को शिक्षा से वंचित कर देगी, क्योंकि भौगोलिक परिस्थितियों के कारण यह कॉलेज छात्रों के लिए काफी सुविधाजनक है, जिसमें अधिक संख्या में छात्राएं ही पढ़ती हैं। उन्होंने इस फैसले का विरोध किया है।

# जड़ी-बूटी काटते समय 150 फुट खाई में गिरने से युवक की मौत

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** उपमंडल अंब के तहत चिंतपूर्णी के सारड़ा क्षेत्र में एक हृदयविदारक हादसा सामने आया है। यहां जड़ी-बूटियां काटने जंगल गए 36 वर्षीय एक युवक की पैर फिसलने के कारण लगभग 150 फुट गहरी खाई में गिरने से मौत हो गई।

मृतक की पहचान नंद लाल (36), पुत्र लक्ष्मी चंद, निवासी सारड़ा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, नंद लाल रविवार दोपहर को जंगल में जड़ी-बूटियाड्ड काटने गया था, जब वह देर शाम तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान जंगल में एक गहरी खाई के किनारे नंद लाल की टोपी, मोबाइल और दराट (दरांती) बरामद हुए, जिससे परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई और तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही चिंतपूर्णी थाना प्रभारी जयराम शर्मा अपनी टीम और



फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंचे। अंधेरा होने व खाई की गहराई अत्यधिक होने के बावजूद, थाना प्रभारी जयराम शर्मा ने अदम्य साहस का परिचय दिया। वे खुद रस्सी के सहारे 70 फुट नीचे खाई में उतरे और करीब तीन घंटे तक युवक की तलाश की। हालांकि, रात के अंधेरे और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा, लेकिन उनके इस जज्बे की स्थानीय लोगों ने काफी सराहना की है। सोमवार सुबह डीएसपी अंब अनिल पटियाल की अगुवाई में एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने शव को दलदल से बाहर निकाला।

# सुषमा ने 67 की उम्र में जीता 'मिसेज सेंट्रल इंडिया' का ताज

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** सुषमा शर्मा ने 67 वर्ष की आयु में वह उपलब्धि हासिल की है, जिसे कई लोग केवल सपना मानते हैं। बिलासपुर की इस प्रेरणादायक महिला ने मिस एंड मिसेज सेंट्रल इंडिया 2026 प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए 'विनर – प्लेटिनम 2026' का ताज अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्होंने 'मिसेज पॉपुलर – प्लेटिनम 2026' और 'मिसेज बॉडी ब्यूटीफुल – प्लेटिनम 2026' जैसे विशेष खिताब भी जीतकर अपनी बहुआयामी प्रतिभा का परिचय दिया।

भोपाल में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम के प्रेजेंटिंग पार्टनर एकलव्य इंटरनेशनल रहे, जबकि आयोजन औरा इवेंट्स द्वारा किया गया। यह प्रतिष्ठित पेजेंट दि पेजेंट इंडिया कंपनी के बैनर तले संपन्न हुआ, जिसकी संस्थापक फरहा अनवर हैं। मध्य भारत के विभिन्न राज्यों से आई प्रतिभागियों ने व्यक्तित्व परिचय, प्रतिभा प्रदर्शन, प्रश्नोत्तर और



मंच प्रस्तुति जैसे विभिन्न राउंड में अपनी क्षमता दिखाई। सुषमा शर्मा ने अपनी संतुलित अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और जीवन के अनुभवों से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। कार्यक्रम का सबसे प्रेरणादायक क्षण तब आया, जब मंच संचालक अमन वर्मा ने उन्हें 15 पुशअप्स लगाने की चुनौती दी। 67 वर्ष की आयु में उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ मंच पर ही 15 पुशअप्स पूरे कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। सभागार तालियों से गूंज उठा। सुषमा शर्मा, बिलासपुर के जाने-माने एक्स सर्विसमेन ट्रांसपोर्ट सोसायटी के चेयरमैन स्वर्गीय मेजर शिवराम की सुपुत्री हैं। उनका विवाह आईआरएस अधिकारी अजीत कुमार से हुआ, जिनका अधिकांश कार्यकाल महाराष्ट्र में रहा और वे अब सेवानिवृत्त हैं। उन्हें अपने परिवार से निरंतर प्रोत्साहन और सहयोग मिलता रहा है। प्रतियोगिता में शामिल युवा प्रतिभागियों के बीच सुषमा शर्मा विशेष रूप से लोकप्रिय रहीं। कई युवा उन्हें अपना प्रेरणास्रोत मानते हैं, वहीं उनके माता-पिता भी उनसे मार्गदर्शन लेते हैं।

उनकी ऊर्जा और मंच उपस्थिति ने सिद्ध कर दिया कि सच्ची सुंदरता आत्मबल और सकारात्मक दृष्टिकोण में निहित होती है। अपनी सफलता पर उन्होंने कहा, 'उम्र केवल एक संख्या है। यदि मन में विश्वास और जीवन में अनुशासन हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं।' बिलासपुर में उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व और खुशी का माहौल है।

# हूम खड्ड से गाद और मलबा निकालने के लिए चलेगा जिले का सबसे बड़ा ड्रेजिंग अभियान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** ऊना जिले के हरोली क्षेत्र में हूम खड्ड से गाद व मलबा हटाने के लिए व्यापक स्तर पर ड्रेजिंग अभियान चलाया जाएगा। आगामी मानसून से पूर्व इसे पूरा करने के उद्देश्य से युद्धस्तर पर शुरू किया जा रहा है। यह अभियान जिले का अब तक का सबसे बड़ा ड्रेजिंग कार्य माना जा रहा है।

डीसी ऊना जतिन लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यह काम तय समय सीमा के भीतर व निर्धारित मानकों के अनुसार पूरा किया जाए। ड्रेजिंग पूरी होने के बाद बाथू-बाथड़ी क्षेत्र में बाढ़ का खतरा काफी हद तक कम होगा। साथ ही औद्योगिक क्षेत्र की इकाइयों को भी राहत मिलेगी। वर्ष 2023 की भीषण बाढ़ के बाद इस कार्य की योजना बनाई गई थी, लेकिन बाद में मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण इसे शुरू नहीं किया जा सका, अब उच्च न्यायालय के आदेश और सरकार से अनुमति मिलने के बाद इसे अमल में लाया जा रहा है। कार्य को प्रभावी तरीके से अमलीजामा पहनाने के लिए डीसी ने पहले ही अतिरिक्त उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और खनन अधिकारी की तीन सदस्यीय एक्शन कमेटी गठित कर दी है। अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि डीसी के निर्देशानुसार कमेटी ने कार्य को युद्धस्तर पर कराने को तत्परता से कदम उठाए हैं। बोली विजेता फर्म को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और न्यायालय के आदेशों तथा ड्रेजिंग के नियमों का पूरा पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। कमेटी यह सुनिश्चित करेगी कि कार्य पारदर्शिता, गुणवत्ता व पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप संपन्न हो। इसे लेकर माइनिंग और पुलिस विभाग की टीमें कार्य की नियमित रूप से निगरानी करेंगी। गुर्जर ने बताया कि ड्रेजिंग कार्य के लिए आवश्यक विभिन्न अनुमतियां प्रदान की जा चुकी हैं। इनमें लगभग 5 एक्सकेवेटर व 30 टिप्परों की तैनाती की अनुमति भी दी गई है, लेकिन सभी मशीनों पर 'ड्रेजिंग-हूम खड्ड' अंकित करना अनिवार्य होगा, ताकि उनकी पहचान सुनिश्चित की जा सके।

# मंत्री धर्माणी ने घुमारवीं में 132/33 केवी सब स्टेशन का किया भूमि पूजन

अनंत ज्ञान



**घुमारवीं।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास व तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने ग्राम पंचायत कसारू के कूठाकर में 132/33 केवी क्षमता के अत्याधुनिक बिजली उपकेंद्र का भूमि पूजन किया।

96.67 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित यह परियोजना क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को 20-25 वर्षों तक मजबूती प्रदान करेगी। संप्रेषण लाइनों को सुदृढ़ करने पर 5 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च होंगे। मंत्री धर्माणी ने कहा कि यह घुमारवीं का पहला बड़ा ग्रिड उपकेंद्र होगा, जिससे निम्न वोल्टेज व बार-बार बिजली कटौती जैसी समस्याओं में कमी आएगी। जल शक्ति विभाग की पेयजल व सिंचाई योजनाओं को भी इससे लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि चुनौतीपूर्ण आर्थिक स्थिति के बावजूद सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। आबकारी नीति से 600 करोड़ अतिरिक्त राजस्व मिला है, जबकि बिजली अनुदान में सुधार से 1200 करोड़ की वार्षिक बचत हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में सीबीएसई पद्धति लागू करने व स्वास्थ्य सेवाओं में रोबोटिक सर्जरी व जापान सहयोग से प्रयोगशालाओं को उन्नत बनाने की जानकारी भी उन्होंने दी। स्मार्ट मीटर प्रणाली से सटीक बिलिंग और ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर राजीव सूद, रोहित शारदा, गौरव शर्मा, राजेंद्र जरौड़ा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बंगाणा कॉलेज में एनएसएस शिविर का समापन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय, बंगाणा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय वार्षिक विशेष शिविर का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सोनू गोयल रहे, जबकि नेहरू युवा केंद्र समन्वयक प्रदीप चौधरी व एनएसएस राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता ऋषभ चौधरी विशिष्टातिथि थे। समारोह में स्वयंसेवियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति, सेवा व सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। शिविर में सड़क सुरक्षा, साइबर क्राइम, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण व नशा निवारण जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुशल राणा व आरती को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी पुरस्कार, करण सोनी को बेस्ट डिसिप्लिन अवार्ड और विवेक को बेस्ट वर्कर अवार्ड प्रदान किया गया, जो भविष्य में समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## 24 को बटूही में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, ऊना।** विकास खंड ऊना की ग्राम पंचायत बटूही में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन 24 फरवरी को प्रातः 11 बजे हनुमान मंदिर के मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुटलैहड विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा करेंगे। विकास खंड अधिकारी ऊना रमनबीर चौहान ने बताया कि इस अवसर पर ग्राम पंचायत बढोली, त्युडी, बटूही, लोअर बसाल एवं पनोह के ग्रामीणों की जनसमस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, ताकि लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## प्रेस क्लब हरोली ने एसपी से की शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान, हरोली।** प्रेस क्लब हरोली के सदस्यों ने सोमवार को जिला ऊना के पुलिस कप्तान सचिन हीरेमठ से शिष्टाचार भेंट की। यह भेंट क्लब के प्रधान नारायण प्रभाकर के नेतृत्व में संपन्न हुई। भेंट के दौरान कानून-व्यवस्था, पत्रकारों की सुरक्षा, सूचना आदान-प्रदान की पारदर्शिता और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। एसपी ने प्रेस और पुलिस के बीच समन्वय की आवश्यकता पर जोर देते हुए आश्वासन दिया कि पत्रकारों को अपने कर्तव्यों में कोई असुविधा नहीं होगी। मुख्य संरक्षक दिनेश गौतम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी प्रभाकर, उपाध्यक्ष नितिश शर्मा सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और भविष्य में सहयोग बनाए रखने पर सहमति बनी।

## सड़क सुरक्षा नियमों की दी गई जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊना की सचिव एवं वरिष्ठ सिविल जज अनीता शर्मा ने की। शिविर में निजी बस ऑपरेटर, ऑटो एवं टैक्सी यूनियन, ट्रक ऑपरेटर यूनियन, राजकीय महाविद्यालय ऊना और डिफेंस अकादमी ऊना के प्रतिनिधि एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अनीता शर्मा ने हिट एंड रन केस, गुड सेमेरिटन, कैशलैस ट्रीटमेंट स्कीम और सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। आरटीओ ने सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट व सीट बेल्ट उपयोग पर जोर दिया। छात्राओं जिया, ईशिता, दया, ईशा, शाशि और पल्लवी को बेहतरीन पीपीटी प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया।

## एबीवीपी ने कॉलेज परिसर के बाहर दिया धरना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कॉलेज परिसर के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्र नेताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव जल्द करवाए जाएं। साथ ही उन्होंने मांग उठाई कि गेस्ट टीचरों की व्यवस्था को समाप्त कर नियमित शिक्षकों की नियुक्ति की जाए और बिलासपुर गर्ल्स स्कूल को बंद करने के फैसले को तुरंत वापस लिया जाए। छात्र नेताओं ने कहा कि प्रदेश भर में बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए जाएं। परिषद ने प्रदेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो एबीवीपी पूरे प्रदेश में बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू करेगी, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

**मंथन** वरिष्ठ नागरिक सभा की मासिक बैठक में जनहित विषयों पर चर्चा

# स्मार्ट मीटर लगाने के निर्णय का विरोध किया

अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा बिलासपुर की मासिक बैठक में जनहित से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर मंथन हुआ।

बैठक में स्मार्ट मीटरों के विरोध से लेकर नलवाड़ी मेले के पारदर्शी आवंटन, पेंशनरों के भुगतान और भाखड़ा विस्थापितों की समस्याओं तक कई अहम विषयों पर प्रस्ताव पारित किए गए। सभा ने स्पष्ट शब्दों में प्रशासन और सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग उठाई। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष डॉ. जेएन मिश्रा ने की, जबकि मंच संचालन महासचिव मस्तराम वर्मा ने किया। प्रारंभ में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। सभा ने विवेक शांडिल तथा आरिफ मोहम्मद के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा ने डीसी के साथ पूर्व में हुई बैठक में लिए गए निर्णयों तथा विभिन्न विभागाध्यक्षों द्वारा दिए गए जनहित संबंधी आश्वासनों पर चर्चा की। विशेष रूप से लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद प्रशासन तथा एम्स से जुड़े लंबित मामलों पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। सभा ने संबंधित अधिकारियों से आग्रह किया कि निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सभा ने जिला प्रशासन से मांग की कि नलवाड़ी मेले में प्लॉटों का आवंटन पारदर्शी प्रणाली के तहत किया जाए, ताकि किसी एक संस्था या व्यक्ति को पक्षपातपूर्ण तरीके से ठेका न दिया जाए।

साथ ही मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया कि नलवाड़ी मेले के समापन अवसर पर लुहु ग्राउंड से बेरी डोला पुल के निर्माण की घोषणा की जाए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर स्मार्ट मीटर लगाने के निर्णय का विरोध किया गया। सभा ने सरकार से मांग की कि स्मार्ट मीटर लगाने के आदेश वापस लेकर आम जनता को राहत प्रदान की जाए। सभा ने पथ परिवहन निगम के पेंशनरों का भुगतान प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में सुनिश्चित करने की मांग उठाई। साथ ही घुमारवीं में की गई घोषणा के अनुसार पेंशनरों के एरियर और मेडिकल क्लेम का भुगतान भी शीघ्र किए जाने का आग्रह किया गया। सभा के अनुरोध पर एसडीएम सदर राजदीप सिंह ने पालिका भवन स्थित वरिष्ठ नागरिक सभागार का निरीक्षण किया। पदाधिकारियों ने उपायुक्त के साथ हुई बैठक के निर्देशों के अनुरूप अधूरे कार्यों को पूर्ण करने की मांग रखी।


बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम डॉ. राजदीप। अनंत ज्ञान

# शिक्षकों को नई शिक्षा नीति की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा में सभी राजकीय प्राथमिक स्कूलों के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन कुटलैहड़ विधायक विवेक शर्मा ने किया। कार्यक्रम में खंड बंगाणा के सभी प्राइमरी स्कूलों के अध्यापक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उन्हें पारंपरिक सम्मान और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। शिविर में शिक्षकों को नई शिक्षा नीति, डिजिटल माध्यम, स्मार्ट रूम, इंग्लिश मीडियम कक्षाओं और आधुनिक शिक्षण तकनीकों की जानकारी दी गई। विधायक ने प्राथमिक शिक्षा की मजबूती, बच्चों के लिए आकर्षक यूनिफॉर्म और आधुनिक सुविधाओं के महत्व पर जोर दिया। अध्यापकों द्वारा उठाए गए स्टाफ, भवन, फर्नीचर, खेल सामग्री और डिजिटल उपकरणों की कमी जैसे मुद्दों को गंभीरता से सुना गया। विधायक ने भरोसा दिलाया कि संबंधित विभाग और राज्य सरकार इन विषयों को प्राथमिकता से देखेंगे। कुटलैहड़ क्षेत्र के उत्कृष्ट विद्यालयों के स्टाफ को राज्य सरकार द्वारा सम्मानित करने की भी घोषणा की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### 25 को ब्यासा मोड़ में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ब्यासा मोड़ व आसपास के क्षेत्रों में 25 फरवरी को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता, बिजली उपमंडल कुल्लू ने जानकारी दी कि 11 केवी अखाड़ा फीडर के अंतर्गत आने वाले 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर विपाशा मार्केट, 400 केवीए ट्रांसफॉर्मर आउटर अखाड़ा की लाइनों की मरम्मत व आवश्यक रखरखाव के लिए इस फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों विपाशा मार्केट, आउटर अखाड़ा, कैनरा बैंक, दुर्गा माता मंदिर आदि क्षेत्रों में 25 फरवरी को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक या कार्य के संपूर्ण होने तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं, बिजली बोर्ड लिमिटेड के बिजली उप-मंडल नं.-2, कुल्लू के सहायक अभियंता नरेंद्र कुमार ने बताया कि 11 केवी उच्च ताप लाइन बबेली एवं 11 केवी उच्च ताप लाइन सेउबाग की तारों को केबल में परिवर्तित किए जाने का कार्य प्रस्तावित है। यह कार्य शनि मंदिर के समीप किया जाना है। इस कारण 25 फरवरी को प्रातः 10 से सायं 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान बबेली, बाशिंग, बंदरोल, जिंदौड़, नांगबाग, शांगरीबाग, जुआनी रोपा, चौकी डोभी, नेओली, थरमाण, गाहर, सेउबाग, काईस, राउगी इत्यादि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

### आनी कॉलेज ने रामपुर को हराकर जीता टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान आनी।** आनी के हरिपुर स्थित डिग्री कॉलेज में आईक्यूएसी सेल, स्पोर्ट्स क्लब व एंटी ड्रग्स समिति के संयुक्त तत्वावधान में एकदिवसीय अंतर महाविद्यालय फैकल्टी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की थीम 'एंटी ड्रग-नशा त्यागें, खेल खेलें' रखी गईं, जिसका उद्देश्य शिक्षकों व कर्मचारियों के माध्यम से समाज में नशामुक्ति का संदेश देना रहा। टूर्नामेंट में मेजबान आनी के अलावा रामपुर, करसोग, लंबाथाच, रिकोंगपीओ आदि डिग्री कॉलेजों के शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग ने भाग लिया। शुभारंभ अवसर पर प्रो. नरेंद्र पाल बतौर विशिष्टातिथि उपस्थित रहे। पहले मैच में लंबाथाच ने करसोग को 55 रन से पराजित किया। दूसरे मुकाबले में रामपुर ने रिकांगपिओ को 60 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरे मैच में आनी ने लंबाथाच को हराकर फाइनल में जगह बनाई। आनी ने 10 ओवर में 114 रन बनाए, जिसके जवाब में लंबाथाच 95 रन ही बना सकी। फाइनल मुकाबला रामपुर और आनी के बीच खेला गया। रामपुर ने 10 ओवर में 120 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आनी के अनिल कुमार ने 19 गेंदों में 77 रन की शानदार पारी खेलते हुए टीम को 8.2 ओवर में जीत दिलाई। समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. दायक राम ठाकुर ने विजेता व उपविजेता टीमों को सम्मानित किया और खेलों के माध्यम से नशामुक्ति व स्वास्थ्य संवर्धन का संदेश दिया।

### ब्राण-मोहिला सड़क को लेकर डीसी से मिला प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** डीसी कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा से ब्राण क्षेत्र के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री सड़क योजना-4 के अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च मार्ग (एनएच) से ब्रान-मोहिला सड़क मार्ग के निर्माण के लिए कुछ परिवारों द्वारा भूमि दान से जुड़ी समस्या से डीसी को अवगत करवाया। डीसी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा बैंक अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सड़क निर्माण से संबंधित सभी औपचारिकताओं को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रशासन इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करेगा। इस सड़क मार्ग से ब्रान, रियाड़ा एवं पनगां पंचायतों के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी।

### केलांग में प्रारंभिक स्की प्रशिक्षण शिविर का आगाज

**अनंत ज्ञान, केलांग।** लाहौल-स्पीति विंटर गेम्स एंड अलाइड स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 7 दिवसीय प्रारंभिक स्की प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को आगाज हुआ। इसका शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 23 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि लाहौल-स्पीति में शीतकालीन खेलों की अपार संभावनाएं हैं और ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेंगे। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि गौंधला-ट्रिलिंग रोपवे/स्की लिफ्ट तथा गौंधला किला को विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में पर्यटन व खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। विधायक द्वारा इस प्रशिक्षण शिविर के लिए एक लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत करवाई जा चुकी है। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष वीना देवी, सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन शशि किरण, पूर्व जिला अध्यक्ष झालछ ठाकुर, जिला अध्यक्ष दोरजे अंगरूप, नौरबू पांस (अध्यक्ष, एसोसिएशन), पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रमेश, प्रधान सूरज, बीडीसी सदस्य प्रोमिला, दोरजे अमिताभ, राकेश, आमिर, उपप्रधान सुशील, उपप्रधान अनिल, सुनील सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महिला मंडल की सदस्याएं, चौमो आने व क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। यह 7 दिवसीय स्की प्रशिक्षण शिविर युवाओं को स्कीइंग की बारीकियों से परिचित कराने तथा शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### छात्र संघ चुनाव को जल्द किया जाए बहाल




**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई द्वारा सोमवार को कुल्लू महाविद्यालय में प्रदेश स्तरीय मांगो को लेकर मूक प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर इकाई अध्यक्ष ऋतिक कार्तिक ने कहा कि शिक्षा संस्थानों की तालाबंदी बंद करे और हमारे एकमात्र लोकतांत्रिक अधिकार छात्र संघ चुनाव को जल्द से जल्द बहाल किया जाए। नैप 2020 को जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए। एचपीयू/एसपीयू में मूल्यांकन प्रक्रिया सुदृढ़ की जाए। हिमाचल प्रदेश की कानून व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जाना चाहिए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई ने मांग रखी कि कॉलेज में अध्यापकों के रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जाए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई की सबसे बड़ी मांग यह है कि कुल्लू महाविद्यालय में एमकॉम एवं एमएससी को लाया जाए। कुल्लू महाविद्यालय के भवन निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूरा हो। नैप 2020 को लागू किया जाना चाहिए। सरदार पटेल विश्वविद्यालय का दायरा बढ़ाया जाएं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई को यह उम्मीद है कि विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान रखते हुए इन मांगो पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# पारंपरिक होली गीतों से गूंजा देवसदन

## सूत्रधार कला संगम ने धूमधाम से मनाया 28वां सूत्रधार होली संध्या समारोह

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी होली गायन की परंपरा को निभाते हुए 28वीं सूत्रधार होली संध्या कार्यक्रम का आयोजन देव सदन कुल्लू के सभागार में धूमधाम व हर्षोल्लास से संपन्न हुआ।

इस 28वीं सूत्रधार होली संध्या में डीसी कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। संस्था द्वारा कार्यक्रम में पधारे मुख्यातिथि को कुल्लवी परंपरा अनुसार शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके साथ कार्यक्रम में पधारे अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार, रिटायर्ड इंस्पेक्टर जनरल ओसी ठाकुर, जिला भाषा अधिकारी प्रोमिला गुलेरिया, प्रवासी सांझा मंच के प्रदेश अध्यक्ष सीपी शर्मा, असिस्टेंट गवर्नर रोटरी क्लब हिमाचल प्रदेश अंशुल पराशर, भवानी चरण भारद्वाज, केआर पंछी तथा एसडी कश्यप, सभी को भी कुल्लवी परंपरा अनुसार शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के स्वागत भाषण में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने मुख्यातिथि, मीडिया तथा आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया और संस्था की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में सूत्रधार कला संगम के कलाकारों द्वारा पारंपरिक एवं भक्तिमय होली गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर अवध पुरी में, गगर सारी डार गयो, आज रंग है बिरज में, होली आई रे कन्हाई, रंगी सारी गुलाबी चुनरिया, आज बिरज में होली रे रसिया, खेलत है जगदंबे, खेले मशाने में होली दिगंबर, होरी मैं खेलूंगी, कैसी ये धूम मचाई, मत मारो दृगन की चोट, मैंने रंग ली आज चुनरिया, तू बांवरी बन आई, मत मारो पिचकारी, पिया तोसे नैना, धाउगी फागा वे जाणा, आया होलिया रा मौसम, अज कित्ती न कन्ते, रसिया को नार एवं आया फागुन महीना आदि होली गीतों का गायन ट्विंकल, रोजी, अर्पिता करिश्मा, धनवंती, खुश्बू, दुर्गा, वंशिका, रिया, अनुष्का, अर्चना, चंचल, जीवन, संजय, रजनीश, डिंपल, दीप एवं शुभम द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम का मंच संचालन संस्था के वरिष्ठ सदस्य सुंदर श्याम महंत द्वारा बेहद ही खूबसूरत व शायराना अंदाज में निभाया गया। कार्यक्रम दौरान पं. विद्यासागर, निशांत गौतम, लाल सिंह, अमित महंत, विजय व भूपेंद्र ने संगत की। कार्यक्रम में संजीव भारद्वाज, डॉ. संजय, डॉ. अरुण शर्मा, डॉ. सूरत ठाकुर, नवीत शर्मा, विजय सेन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व सूत्रधार संस्था के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।



सूत्रधार संस्था के अध्यक्ष मुख्यातिथि डीसी कुल्लू को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए। अनंत ज्ञान

### समृद्ध संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में सूत्रधार संस्था की मुख्य भूमिका : डीसी

**इस** अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा ने 28वीं सूत्रधार होली संध्या के उपलक्ष पर सभी सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिले की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण तथा संवर्धन में सूत्रधार कला संगम कुल्लू अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

# जिले में 4380 बच्चों को दी गई एल्बेंडाजोल की खुराक : किरण

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** जिला लाहौल-स्पीति में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ उपायुक्त किरण भड़ाना ने जिला मुख्यालय स्थित आंगनबाड़ी केंद्र केलांग में बच्चों को एल्बेंडाजोल की खुराक पिलाकर किया।

इस अवसर पर उन्होंने अभियान को बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। डीसी ने जानकारी दी कि अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान का उद्देश्य बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त कर उनके स्वास्थ्य, पोषण स्तर और शारीरिक-मानसिक विकास को सुदृढ़ करना है। कृमि संक्रमण बच्चों की वृद्धि एवं सीखने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है, इसलिए समय पर दवा सेवन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एल्बेंडाजोल दवा कृमि संक्रमण की रोकथाम में प्रभावी है तथा बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले के 123 आंगनबाड़ी केंद्रों एवं 220 विद्यालयों के माध्यम से कुल 4380 बच्चों को एल्बेंडाजोल की खुराक देकर प्रतिरक्षण किया गया। जिले में 1 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 866 बच्चों को कृमि मुक्ति दवाई सहित विटामिन-ए की खुराक पिलाई गई, जबकि 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के 3514 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। स्वास्थ्य उपमंडल लाहौल में 1860 बच्चों को और काजा उप मंडल में 2520 बच्चों को कृमि मुक्ति दवाई पिलाई गई। यह पहल बच्चों के समुचित शारीरिक विकास और कुपोषण की रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों, पाठशालाओं, थोक गोदामों का निरंतर करें निरीक्षण : डॉ. एसपी कत्याल

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जिला कुल्लू में राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. एसपी कत्याल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 की समीक्षा बैठक सोमवार को बहुउद्देशीय भवन में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिला में खाद्यान्न वितरण की गुणवत्ता, उपलब्धता, शिकायत निवारण और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रभावी समीक्षा करना था।

बैठक में डॉ. कत्याल ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि पीडीएस खाद्यान्नों की आपूर्ति से लेकर लाभार्थियों तक वितरण के प्रत्येक स्तर पर गुणवत्ता और मात्रा का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उचित मूल्य की दुकानों, आंगनबाड़ी केंद्रों, मिड-डे-मील देने वाली पाठशालाओं और थोक गोदामों का सतत निरीक्षण करने पर भी जोर दिया। साथ ही, उन्होंने उपभोक्ताओं को खाद्यान्न वितरण प्रणाली और सरकार की नीतियों के महत्व के प्रति शिक्षित एवं जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक में बंजार उपमंडल में खाद्यान्न गोदाम निर्माण के लिए भूमि चयन, आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची और जियो कोऑर्डिनेट्स उपलब्ध कराने तथा स्कूलों में न्यूट्रीशनल गार्डन तैयार करने के निर्देश दिए गए। सभी विभागों को समन्वय के साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के प्रावधानों को लागू करने का निर्देश दिया गया। जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले शिव राम ने बताया कि कुल 47,340 राशनकार्ड धारकों के माध्यम से 1,71,967 लाभार्थियों को खाद्यान्न नियमित रूप से वितरित किया जा रहा है। उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग सुनील ठाकुर ने कहा कि 35,118 छात्रों को 1,006 स्कूलों में मिड-डे-मील उपलब्ध करवाई जा रही है। आईसीडीएस जिला कार्यक्रम अधिकारी कुंदन लाल ने जानकारी दी कि 1,860 गर्भवती महिलाओं, 1,848 धात्री माताओं और 11,425 बच्चों को 1,095 आंगनबाड़ी कद्रों के माध्यम से पोषणयुक्त आहार और खाद्यान्न उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

## पुल की लोहे की चादरें व रेलिंग मरम्मत की जोह रही बाट

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** कुल्लू-मनाली मार्ग पर स्थित 15 मील पुल केवल एक ढांचा नहीं, बल्कि ब्यास नदी के दोनों तटों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। लगभग 50 मीटर लंबा यह पुल वामतट (लेफ्ट बैंक) के सैकड़ों ग्रामीणों के लिए दैनिक आवागमन का प्रमुख साधन है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

वर्तमान में पुल की लोहे की चादरें व रेलिंग मुरम्मत की बाट जोह रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि समय-समय पर होने वाली मुरम्मत से यह पुल सुरक्षित रहता आया है और अब भी इसे थोड़े रखरखाव की आवश्यकता है, ताकि स्कूली बच्चे व किसान बिना किसी डर के इसका उपयोग कर सकें। यहां से गुजरते हुए हर समय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



खस्ताहालत में पुल की लोहे की चादरें व रेलिंग। अनंत ज्ञान

> 'मामला हमारे ध्यान में है। जल्द ही एक टेक्निकल टीम को मौके पर भेजकर पुल का निरीक्षण करवाया जाएगा व उसके बाद तुरंत मरम्मत कार्य शुरू कर दिया जाएगा, ताकि जनता को कोई असुविधा न हो।'
>
> **अनूप शर्मा, अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग (कटराईं)।**

### दर्जनों पंचायतों की कनेक्टिविटी का एकमात्र आधार

**यह** पुल रणनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान पर है, क्योंकि यहां से तीन दिशाओं के लिए सड़कें जुड़ती हैं। नग्गर से लेकर हरिपुर तक की दर्जनों पंचायतें अपनी दैनिक जरूरतों के लिए इसी पुल पर निर्भर हैं। लोग हरिपुर, बटाहर व भाड़का जैसे क्षेत्रों से होते हुए इसी पुल के जरिए लेफ्ट बैंक पहुंचते हैं, क्योंकि पर्यटक सीजन के दौरान यहां वाहनों का दबाव काफी बढ़ जाता है, इसलिए ग्रामीण चाहते हैं कि प्रशासन समय रहते इसकी रेलिंग व उखड़ी हुई चादरों को ठीक करवा दें, ताकि सफर सुगम और सुरक्षित बना रहे।

## जेएनवी की उपलब्धियों की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बंदरोल, कुल्लू की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक डीसी कार्यालय में अध्यक्ष अनुराग चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य प्रताप सिंह ने बैठक का संचालन किया और विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक एवं वित्तीय व्यवस्था, मैस और चिकित्सा सेवाओं, विद्यालय के लिए चयन परीक्षा, अभिभावक-शिक्षक परिषद की बैठकों, छात्रों के अवकाश अवधि की सारिणी पर चर्चा की गई। बैठक में विद्यालय की महत्वपूर्ण आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें विशेष रूप से पीने के पानी की स्थायी व्यवस्था, खेल मैदान, बहुउद्देशीय भवन, विद्यालय की चारदीवारी, भूस्खलन से सुरक्षा तथा जैसे विषय प्रमुख रहे। उपायुक्त ने जल शक्ति विभाग को फिल्टरेशन टैंक को पानी की आपूर्ति से जोड़ने का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## उपमंडल आनी के गैर सरकारी संगठनों के साथ बैठक 25 को

**अनंत ज्ञान, आनी।** उपमंडल आनी में कार्यरत सभी गैर-सरकारी संगठनों एवं प्रेस क्लब आनी के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन 25 फरवरी को किया जा रहा है। यह बैठक उपमंडलाधिकारी कार्यालय आनी के सम्मेलन कक्ष में एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक का उद्देश्य उपमंडल आनी में कार्यरत नागरिक समाज संगठनों के साथ आपसी समन्वय स्थापित करना, क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक, विकासात्मक एवं जनहित से जुड़ी गतिविधियों पर विचार-विमर्श करना तथा प्रशासन एवं गैर सरकारी संगठनों के बीच बेहतर सहयोग सुनिश्चित करना है। उपमंडल प्रशासन की ओर से सभी संबंधित गैर सरकारी संगठनों एवं प्रेस क्लब आनी से अनुरोध किया गया है कि वे बैठक में उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत करें, ताकि क्षेत्र के समग्र विकास हेतु सामूहिक प्रयासों को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

## ब्यास की लहरों में सात दिनों तक युवा सीखेंगे रिवर राफ्टिंग के गुर

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** जिला कुल्लू के पिरडी स्थित रिवर राफ्टिंग सेंटर में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए और नदी में बचाव कार्यों के लिए रेस्क्यू कोर्स का सोमवार को आगाज हुआ। जिला आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जिला कुल्लू के 63 (युवा युवतियों) प्रशिक्षणार्थियों को राफ्टिंग केंद्र पिरडी द्वारा यह कोर्स करवाया जा रहा है।

जिला आपदा प्रबंधन अथॉरिटी के माध्यम से युवा युवतियों के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नेहरू युवा केंद्र के 49 विद्यार्थी व राष्ट्रीय सेवा योजना के 14 विद्यार्थी शामिल हैं। राफ्टिंग केंद्र पिरडी के प्रभारी गिमनर सिंह ने बताया कि इस शिविर में कुल्लू जिले के 63 युवाओं को आगामी सात दिनों तक आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग दी जाएगी। शिविर प्रशिक्षणार्थियों को आपतकालीन परिस्थितियों से निपटने, नदी में बचाव के तरीके, इमरजेंसी ब्रिज निर्माण, रिपलिंग, जूमरिंग, ट्रेकिंग जल सुरक्षा तकनीक, लाइफ स्विमिंग, रोइंग बोटिंग, राफ्टिंग इवैक्यूएशन तकनीकी प्रशिक्षण एवं फर्स्ट ऐड रिस्पांडर की विधिवत ट्रेनिंग दी जाएगी। यह ट्रेनिंग 23 फरवरी से 1 मार्च तक चलेगी। पर्वतारोहण संस्थान के उपनिदेशक लुदर सेन व निदेशक पर्वतारोहण संस्थान मनाली अविनाश नेगी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं दीं और बताया कि पर्वतारोहण संस्थान निरंतर जल थल नभ व स्कीइंग के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में संस्थान के 10 सब केंद्र हैं, जिनमें विभिन्न कार्यक्रमों में हिमाचली व गैर हिमाचली युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला प्रशासन कुल्लू का कोर्स को प्रायोजित करने पर अभिनंदन किया और प्रशिक्षणार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## ब्लैक स्पॉट्स पर लगेंगे क्रैश बैरियर

अनंत ज्ञान

**केलांग।** सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना,की अध्यक्षता में सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष, में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिशाषी अभियंता पवन राणा द्वारा डीसी एवं सभी उपस्थित सभी असहायों का स्वागत करते हुए कार्यवाही आरंभ की।

बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, ब्लैक स्पॉट्स पर सुरक्षा उपाय, आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता तथा जागरूकता गतिविधियों को लेकर व्यापक चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान वर्ष 2025 में जिले में घटित सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की समीक्षा की गई, जिसमें कुल 20 सड़क हादसों में 12 लोगों की मृत्यु तथा 58 लोगों के घायल होने की जानकारी प्रस्तुत की गई। डीसी ने इन घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सभी संबंधित विभागों को दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ठोस, समन्वित व परिणाम आधारित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली बैठक दिनांक 13 नवंबर, 2025 में लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूर्ण करने को कहा। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट्स) में सुरक्षा को मजबूत करने के लिए लोक निर्माण विभाग एवं सीमा सड़क संगठन द्वारा जिले के 15 चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर 1520 मीटर क्रैश बैरियर, 505 मीटर रिटेनिंग वॉल तथा 280 मीटर ब्रेस्ट वॉल के निर्माण के लिए 3.99 करोड़ रुपए का विस्तृत प्रस्ताव परिवहन सचिव को स्वीकृति के लिए भेजा गया है, जिस पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त इन संवेदनशील एवं दूरस्थ क्षेत्रों में आपातकालीन सहायता सुनिश्चित करने के लिए पुलिस एवं आपदा प्रबंधन के संपर्क नंबरों सहित फ्लैश एवं चेतावनी साइन बोर्ड स्थापित किए जाएंगे। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आरटीओ व पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि वे स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों तथा आम जनता के बीच नियमित जागरूकता अभियान आयोजित करें तथा इसकी मासिक रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को प्रस्तुत करें। डीसी ने सभी उपमंडल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से त्रैमासिक सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग एवं सीमा सड़क संगठन को सड़कों की नियमित मरम्मत व रखरखाव सुनिश्चित करने तथा दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान कर आवश्यक सुरक्षा उपाय करने को कहा गया। पुलिस विभाग को आईटीएमएस प्रणाली के माध्यम से ओवरस्पीडिंग एवं ड्रंकन ड्राइविंग पर कड़ी निगरानी रखने तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।



डीसी अधिकारियों के साथ चर्चा करती हुईं। अनंत ज्ञान

## ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला में किंजल मिस और आयुष बने मिस्टर फेयरवेल

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** ग्लोबल विलेज स्कूल हुरला में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई पार्टी दी गई। यह आयोजन सातवीं, आठवीं व नौवीं के विद्यार्थियों ने किया। विद्यार्थियों ने शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कैंपस में दिन भर विभिन्न गतिविधियां होती रहीं। सबसे पहले विशेष अतिथियों यानी दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया। प्रिंसिपल गणेश भारद्वाज तथा प्रशासक कैलाश गौतम ने ज्योति प्रज्वलन कर कार्यक्रम का आगाज किया। विद्यार्थियों में शिवांगी, नव्या व सूर्यांशी ने मंच संचालन किया। दसवीं के विद्यार्थियों से विभिन्न गतिविधियां करवाई गईं। चयन कमेटी ने इन गतिविधियों के आधार पर किंजल को मिस फेयरवेल तथा आयुष को मिस्टर फेयरवेल चुना। उपलक्ष महाजन मिस्टर पर्सनालिटी व सोनाली मिस पर्सनालिटी चुने गए। नितिन को विशेष पुरस्कार मिस्टर ऑल राउंडर से नवाजा गया। प्रिंसिपल गणेश भारद्वाज ने अपने संबोधन में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें शुभकामनाएं दी। स्कूल कैंपस में गीत, संगीत, पारंपरिक नृत्य, पारंपरिक कुल्लवी धाम आदि आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में इंद्रा, जगदीश, हिमानी, प्रेमा, रजनी, सुनीता, सोमिला, अनु, गीतांजलि, अंजली, रीनू शर्मा, सरिता, चंपा, ज्योति , नरेश, आदित्य, रीनू कुमारी, ममता, हीरामणि, रीनू, संदीप, रमेश, तिलक आदि स्टाफ के सदस्यों तथा सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया।

**राहत** पीएमजीएसवाई स्टेज 4 के तहत निर्माण और कायाकल्प की मिली है मंजूरी

# आनी की 26 सड़कों पर खर्च होंगे 250 करोड़

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** आनी विधानसभा क्षेत्र की हजारों आबादी को जल्द ही बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) चरण-4 के तहत आनी विधानसभा क्षेत्र की 26 सड़कों के कायाकल्प को मंजूरी मिली है।

इसके लिए करीब 250 करोड़ रुपए के बजट की मंजूरी मिली है और लोक निर्माण विभाग इन सड़कों की हालत जल्द सुधारेगा। मजे की बात है कि पीएमजीएसवाई स्टेज 4 के तहत न केवल सड़कों का निर्माण कार्य या उन्नयन यानी अपग्रेडेशन कार्य होगा, बल्कि स्टेज 4 के तहत सड़कों की टारिंग यानी पक्का होने तक के कार्य को अंजाम दिया जाएगा, ऐसे में लंबे समय से खस्ताहाल व आपदाग्रस्त सड़कों की हालत सुधरने से ग्रामीणों के साथ किसानों-बागवानों को राहत मिलेगी। पिछले कुछ वर्षों से अधिकांश ग्रामीण व संपर्क सड़कों की हालत बेहद खराब है। प्राकृतिक आपदाओं के कारण कई सड़कें अब तक दुरुस्त भी नहीं हो पाई हैं, जिससे ग्रामीणों व बागवानों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है, अब प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इन सड़कों में सुधार होगा और लोक निर्माण विभाग टेंडर प्रक्रिया की तैयारी में जुट गया है।

### इन सड़कों की सुधरेगी हालत

| सड़क का नाम | राशि |
| --- | --- |
| पुनन से गाडा डीम ( उन्नयन कार्य ) - | 12.54 करोड़ |
| भोजू पानी से लाम्बी डूंगरी ( निर्माण कार्य ) | 11.88 करोड़ |
| शमशर से चलौहन लिंक रोड | 7.59 करोड़ |
| खनाग से शुष | 25.79 करोड़ |
| शमशर से पनेई | 18.78 करोड़ |
| चौंराधार से पनेउ | 16.02 करोड़ |
| सिसरी से टकरासी ठारवी | 5.74 करोड़ |
| मुहान से मरैछ | 5.43 करोड़ |
| टिकर से टिकरीदढ़ वाया चलौहन से पुनन खड्ड | 7.19 |
| रुमाली से डीम | 6.71 करोड़ |
| थाचवी से लढेर | 10.10 करोड़ |
| नेशनल हाइवे 305 से कनाला वाया बगतोरी | 6.92 करोड़ |
| कटाहर से खादवी | 12 .08 करोड़ |
| तलुना से निशानी संपर्क मार्ग | 7.77 करोड़ |
| जाजर पुल से चौक सड़क | 8.21 करोड़ |
| कलोग से शिल्ली हिमरी | 18 करोड़ |
| दोघरी से पांकवा सड़क | 9.32 करोड़ |
| बिशईधार से कोडीथाच वाया गुंडी | 10.37 करोड़ |
| संपर्क सड़क ठारला से सगोफा | 4.11 करोड़ |
| दोहगाड से खलैर | 3.17 करोड़ |
| दवाह कैंची से बडारी | 7.12 करोड़ |
| कानवी से दशोली | 6.61 करोड़ |
| शील से जुआगी | 15.10 करोड़ |
| बानन से निगाड़ | 2.90 करोड़ |
| बागीपुल से नगाड़ी | 3.15 करोड़ |
| मोइन नाला से बोई एडशी | 9.97 करोड़ |

> **आनी** विधानसभा क्षेत्र के निरमंड पीडब्ल्यूडी डिवीजन की 26 सड़कों के लिए करीब 250 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण-4 के तहत सड़कों के सुधारीकरण के लिए विभागीय स्तर पर टेंडर प्रक्रिया को अमली जामा पहनाया जा रहा है। जल्द ही कार्य शुरू होगा।
>
> **आनंद कुमार शर्मा, अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण विभाग निरमंड।**

## वन मंडल अधिकारी आनी डॉ. चमन राव की अपील 'एक छोटी लापरवाही, बड़ा विनाश'

अनंत ज्ञान

**आनी।** वन मंडल अधिकारी आनी डॉ. चमन राव ने बढ़ती जंगल की आग की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आमजन से सतर्कता व सहयोग की अपील की है।

उन्होंने कहा कि हर वर्ष गर्मियों के मौसम में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आती हैं, जिनमें अधिकांश मामलों का कारण प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही होती है। डॉ. राव ने बताया कि जलती बीड़ी या सिगरेट फेंक देना, पिकनिक या कैंपिंग के बाद आग को पूरी तरह न बुझाना, खेतों की पराली जलाते समय आग का नियंत्रण से बाहर हो जाना जैसी छोटी-छोटी लापरवाहियां बड़े विनाश का कारण बनती हैं। एक छोटी सी चिंगारी हजारों पेड़ों, वन्य जीवों व पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंचा सकती है।जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं, बल्कि जल स्रोतों की सुरक्षा, जैव विविधता व जलवायु संतुलन का आधार हैं। जंगलों में आग लगने से न केवल वन्यजीवों का आवास नष्ट होता है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता घटती है, वायु प्रदूषण बढ़ता है और स्थानीय लोगों की आजीविका भी प्रभावित होती है। वन मंडल अधिकारी ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि धूम्रपान के बाद जली सामग्री को पूरी तरह बुझाकर ही नष्ट करें, पिकनिक के दौरान आग जलाने से बचें और यदि आवश्यक हो तो पानी डालकर पूर्ण रूप से बुझाएं।



सूखी पत्तियों व प्लास्टिक को आग न लगाएं तथा जंगल में कहीं भी धुआं या आग दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी वन चौकी या प्रशासन को सूचित करें। डॉ. राव ने यह भी स्पष्ट किया कि भारतीय वन अधिनियम, 1927 तथा अन्य संबंधित कानूनों के तहत जंगल में जानबूझकर आग लगाना गंभीर अपराध है, जिसके लिए दंड और कारावास का प्रावधान है। वन विभाग के प्रयास तभी सफल होंगे, जब आमजन का सहयोग मिलेगा। ग्राम स्तर पर वन सुरक्षा समितियों व स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी से जंगलों की रक्षा संभव है।

## न्यूज ब्रीफ

### संत निरंकारी मिशन की अर्की शाखा ने तीन घंटे तक चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, अर्की।** संत निरंकारी मिशन की अर्की शाखा द्वारा अमृत परियोजना के चौथे चरण के अंतर्गत प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक ग्राम पंचायत सानन एवं बखालग की पानी की बावड़ियों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में मिशन के स्वयंसेवकों तथा स्थानीय समाजसेवियों ने भाग लिया। शाखा के मुखी गरीब दास ने बताया कि यह सेवा अभियान सतगुरु माता सुदीक्षा एवं निरंकारी राजपिता के सानिध्य में 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' संदेश के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सतगुरु माता सुदीक्षा का संदेश 'जब मन निर्मल होता है, तभी प्रकृति भी स्वच्छ होती है' और जब सेवा में समर्पण जुड़ जाता है, तब समाज का नव निर्माण होता है, को भी साझा किया।

### संघोई में निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर में 115 से ज्यादा का चेकअप

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** नव युवा मंडल एवं ग्राम पंचायत संघोई के संयुक्त तत्वावधान में तथा अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट के सौजन्य से महर्षि मार्कंडेश्वर अस्पताल सोलन द्वारा खेल मैदान संघोई के प्रांगण में निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले इस शिविर में 115 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच, परामर्श और दवाइयों का लाभ उठाया। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। शिविर का शुभारंभ पूर्णचंद्र तुलसीराम, नीम चंद, नरेश कुमार, गोपाल शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर वक्त ाओं ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि इससे लोगों को समय पर रोगों की पहचान और उपचार की सुविधा मिलती है।

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में 12वीं के छात्रों को दी विदाई पार्टी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य महेंद्र पाल कौंडल की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों कक्षा 12वीं के लिए स्नेहपूर्ण विदाई पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्लस वन की छात्राओं लसिका और यशवी ने प्रभावशाली ढंग से किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों को आकर्षक और रोचक टाइटल प्रदान किए। साथ ही प्रत्येक सीनियर विद्यार्थी को एक-एक गतिविधि दी गई, जिसे सभी ने उत्साहपूर्वक निभाया और भरपूर सराहना प्राप्त की। सीनियर विद्यार्थियों ने विद्यालय से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों और साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पासिंग बॉल प्रतियोगिता रही, जिसमें विभिन्न राउंड के माध्यम से प्रतिभागियों से अलग-अलग गतिविधियां करवाई गईं। प्रधानाचार्य महेंद्र पाल कौंडल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों को बधाई दी।

### वाहन दुर्घटना में पंजाब के व्यक्ति की मृत्यु

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पंजाब के संगरूर से कसौली में शादी में डीजे का कार्य करने आए एक व्यक्ति की वाहन दुर्घटना में मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार लवदीप निवासी मोडा, जिला संगरूर पंजाब ने ब्यान दर्ज करवाया कि 21 फरवरी को यह अपने अन्य साथियों लवप्रीत सिंह, गुरशेब सिंह, बिंदू व कुछ अन्य व्यक्ति सहित डीजे का काम करने अवतार सिंह के साथ कसौली जिला सोलन आए थे। इन सभी ने शादी में डीजे का काम किया तथा काम के बाद जब यह, लवप्रीत सिंह, गुरशेव सिंह, बिंदु अवतार सिंह के साथ उसकी कार अपने गांव के लिए चले थे। जब यह गाड़ी में धर्मपुर से करीब 10 किमी आगे चंडीगढ़ की ओर चले तो उस समय अवतार सिंह से गाड़ी नियंत्रण खो बैठा गई और यह सभी गाड़ी सहित गिर गए। दुर्घटना में लवप्रित सिंह की मृत्यु हो गई और अन्य को चोटें आई हैं। दुर्घटना अवतार सिंह द्वारा गाड़ी को लापरवाही व तेज रफ्तार से चलाने के कारण हुई है। पुलिस थाना परवाणु ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा ब्लॉक तेजरफ्तार मोटर साइकिल की टक्कर से एक 76 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी मोटर साइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि इस हादसे में 76 वर्षीय राम कौर प ी स्वर्गीय छोटा राम निवासी टोकियो गांव पांवटा साहिब की मौत हो गई। पुलिस को शिकायत में शुभम ने बताया कि उसकी ताई राम कौर अपने घर से सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान एक तेजरफ्तार मोटरसाइकल सवार ने टक्क र मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

### वाईसीसी गेहल ने जीती हाटी क्रिकेट चैंपियनशिप

**अनंत ज्ञान, नाहन।** संसदीय कार्य एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने जिला सिरमौर की शिलाई विधानसभा क्षेत्र की डाहर पंचायत में आयोजित हाटी चैंपियनशिप क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि नव प्रभात नवयुवक संघ डाहर केलवी द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने का उपयुक्त मंच उपलब्ध हुआ। उन्होंने कहा खेल जीवन के लिए नितांत महत्वपूर्ण है, खेलों से न केवल शारीरिक व मानसिक विकास होता है बल्कि व्यक्ति त्व का भी विकास होता है। हर्षवर्धन चौहान ने नौजवानों से अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाने का आह्वान किया।

### 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिरमौर के अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश जसवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में 14 मार्च, 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालतों में पूर्व मुकदमेबाजी और लंबित मामले, बैंक से संबंधित मामले, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद के मामले लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिन व्यक्ति यों के न्यायालय में इन श्रेणियों के लंबित मामले है, वह अपने मामले को लोक अदालत में लगवा सकते है। उन्होंने बताया कि कोई इच्छुक व्यक्ति जिसका उपरोक्त श्रेणी में मामला कोर्ट में विचाराधीन नहीं है, यदि वह अपना मामला लोक अदालत में लगवाकर आपसी समझौते पर फैसला प्राप्त करना चाहता है, तो वह आवेदन कर सकता है।

# सुबाथू रोड की खस्ताहालत पर भाजपा का धरना-प्रदर्शन

## भाजपा का आरोप 10 लाख के टेंडर से मिट्टी से भर दिए गड्ढे, विभाग ने आनन-फानन में शुरू किया पैच वर्क

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** पिछले कुछ दिनों से राजनीतिक मुद्दा बन चुके सोलन-सुबाथू सड़क की खस्ताहालत को लेकर भाजपा और युवा मोर्चा ने दोहरी दीवाल चौक पर धरना-प्रदर्शन कर स्थानीय विधायक व मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल सहित लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के खिलाफ नारेबाजी कर सड़क को पक्का करने की मांग की। इस बीच संबंधित विभाग ने आनन-फानन में सड़क का पैच वर्क शुरू कर दिया। हालांकि यह कार्य सड़क के मुहाने में ही किया जा रहा है।

भाजपा ने आरोप लगाया कि इस सड़क पर पैच वर्क के लिए 10 लाख का टेंडर हुआ था, उससे ठेकेदार ने गड्ढों में मिट्टी भर दी। भाजपा के विरोध प्रदर्शन के चलते यहां पिछले एक वर्ष से ऊबड़खाबड़ हालत में पड़ी सड़क पर गटका बिछाया जाने लगा। साथ ही कई जगहों पर मिट्टी हटाने का कार्य भी हुआ। इस बीच भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने पिछले एक वर्ष से इस सड़क की सुध नहीं ली, अब जब भाजपा ने मामले को गंभीरता से उठाया तो लोगों की आंखों में धूल झोंकने के लिए सड़क का पैच वर्क शुरू किया है। यदि यह कार्य एक वर्ष पहले किया होता तो किसानों और वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना न करना पड़ता है। पीडब्ल्यूडी और सरकार की लापरवाही से लोगों में खासी नाराजगी है।



सुबाथू सड़क की हालत को लेकर प्रदर्शन करती भाजपा और युवा मोर्चा।



सड़क के शुरू हुआ पैच वर्क। अनंत ज्ञान

### चार विस क्षेत्र को जोड़ती है सड़क

**यह** सड़क जिला मुख्यालय सोलन से शुरू होकर कसौली, दून और अर्की विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ती हुई 14 जीटीसी सुबाथू को भी जिला मुख्यालय को जोड़ती है। सोलन के दोहरी दीवार से शुरू होकर सड़क सपरून, कायलर, तोप की बेड़, डांगरी और देवठी समेत दर्जनों पंचायतों की जीवन रेखा है, पर विभाग और सरकार की उपेक्षा से स्थानीय लोगों को खासी दिक्कतें पेश आ रही हैं।

*बता दें कि कुछ समय पहले चौड़ीकरण और मेटलिंग का काम हुआ, लेकिन बंद नालियों से सड़क पर बहते पानी ने सड़क की टारिंग को उखाड़ दिया। दिन-रात बसों, ट्रकों और अन्य वाहनों की आवाजाही के बावजूद रखरखाव न होने से स्थिति और खराब हो गई।*

### ग्रामीणों में पनप रहा आक्रोश

**सुबाथू** रोड की खराब स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश पनप रहा है। सड़क की जर्जर हालत से यात्री हिचकोले खाते हुए गंतव्य तक पहुंचते हैं। सबसे ज्यादा नुकसान सड़क से जुड़े किसानों को हो रहा है। नकदी फसलें जैसे सब्जियां मंडी पहुंचाने में भारी परेशानी झेल रहे हैं। दिन भर धूल का गुबार उठने से लोग बीमार पड़ रहे हैं।

### युवा मोर्चा ने निकाला मार्च

**भाजपा** युवा मोर्चा ने जिला अध्यक्ष भूपिंद्र ठाकुर सनी की अगुआई में सुबाथू सड़क के अंतर्गत आने वाली पंचायतों के लोगों को साथ लेकर शील गांव से लेकर सोलन तक मार्च निकाला। इस दौरान मोर्चा ने सड़क को पक्का करने की मांग की।

### सड़क पक्की होने तक जारी रहेगा प्रदर्शन

**भाजपा** सोलन शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि सड़क सोलन से सुबाथू तक पक्की और नालियों की सफाई जब तक नहीं होगी धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। गुप्ता ने कहा कि भाजपा शहर को जोड़ने वाली अन्य सड़कों की हालत को भी संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने तंज कहा कि विधायक कर्नल धनीराम शांडिल की उपेक्षा से सड़क की हालत इतनी दहनीय हो चुकी है कि कुछ समय बाद लोग सड़क के गड्ढों में मछली पालन शुरू कर देंगे।

## रोहनाट कॉलेज पर तालाबंदी बर्दाश्त नहीं : बलदेव तोमर

अनंत ज्ञान

**नाहन।** रोहनाट कॉलेज को बंद नहीं होने देंगे पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान द्वारा दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक शिलाई एवं प्रदेश प्रवक्ता बलदेव तोमर ने कहा कि अपनी ही सरकार में अपने क्षेत्र के विकास कार्यों को बंद करवाने की नौबत आना कांग्रेस सरकार की अंदरूनी खींचतान और तानाशाही रवैये को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि यह बयान मंत्री की मजबूरी को दर्शाता है, क्योंकि निर्णय कहीं और से लिए जा रहे हैं और मंत्री केवल औपचारिक बयानबाजी तक सीमित हैं।



बलदेव तोमर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सरकार तानाशाही तरीके से चलाई जा रही है और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एकतरफा फैसले लेकर दुर्गम क्षेत्रों के संस्थानों को बंद करने की साजिश रच रहे हैं।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि रोहनाट कॉलेज या किसी भी अन्य शिक्षण संस्थान के साथ छेड़छाड़ की गई तो भाजपा इसे अदालत और जनता की अदालत तक ले जाएगी। सरकार को कोर्ट के साथ-साथ जनता के कटघरे में भी जवाब देना पड़ेगा। शिलाई जैसे दुर्गम विधानसभा क्षेत्र में बच्चों को पहले ही लंबी दूरी तय कर शिक्षा प्राप्त करनी पड़ती है। ऐसे में कॉलेजों को बंद करना क्षेत्र के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

## सिरमौर वॉलीबॉल टीम कांगड़ा रवाना

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** जिला सिरमौर की अंडर-21 लड़कों की वॉलीबॉल टीम कांगड़ा के शाहपुर के लिए रवाना हो गई है। टीम यूथ स्टेट वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भाग लेगी, जिसका आयोजन हिमाचल प्रदेश स्टेट वॉलीबॉल एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राष्ट्रीय स्तर के लिए खिलाड़ियों का चयन कर खिलाड़ी ओडिशा में आयोजित यूथ नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे।

पुरुष वर्ग (अंडर-21) की जिला सिरमौर टीम में पारस पुंडीर (कप्तान), तरुण, निर्भय पुंडीर, निशांत, अमन, रजत, अंकुश, आदित्य पवार, आदित्य शर्मा, अनुराग, वंश, आयुष, निखिल और आस्तिक शामिल हैं। टीम के कोच नितिन ठाकुर और अमन ठाकुर खिलाड़ियों को पूरी लगन के साथ मार्गदर्शन देंगे।

## प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत : डॉ. धनीराम शांडिल

### ग्राम पंचायत कोठों में 12 लाख रुपए से निर्मित भवनों के किए लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। डॉ. शांडिल ग्राम पंचायत कोठों के गांव कुन्दला में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने 5 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित ग्राम पंचायत कोठों स्थित पंचायत सामुदायिक केंद्र के बैठक सभागार तथा 7 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक केंद्र कुन्दला की सुरक्षा दीवार का लोकार्पण किया।

डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत कर रही है तथा पैरामेडिकल स्टॉफ और चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा सकें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए प्रमुखता से कार्य कर रही है। उन्होंने सामुदायिक भवन आंजी के लिए 3 लाख रुपए, सामुदायिक भवन खांदड़ के लिए 2 लाख रुपए तथा शिव मंदिर कुन्दला के सामुदायिक भवन के लिए 3 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।



नवनिर्मित भवनों के लोकार्पण करते डॉ. धनीराम शांडिल। अनंत ज्ञान

## आत्मविश्वास व उन्नतिशील सोच युवाओं के लिए बहुत आवश्यक : आरएस बाली

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नेतृत्व को पूरी ईमानदारी और समर्पण भावना के साथ कार्य करना आवश्यक है। आरएस बाली सोलन जिला के कसौली उपमंडल स्थित द लॉरेंस स्कूल सनावर में आयोजित आई कैन कॉन्फ्रेंस 'लीडरशिप विद हार्ट' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लीडरशिप विद हार्ट के लिए अपनी टीम की भावनाओं को समझना, टीम का मार्गदर्शन करना और उनके दृष्टिकोण को समझना ही एक सफल नेतृत्व की पहचान है। बाली ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, मार्गदर्शक, संप्रेषण कौशल, वक्ता कौशल, विवाद समाधान कौशल, टीम वर्क, कूटनीति इत्यादि कौशल सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम प्रत्येक विद्यालय स्तर एवं महाविद्यालय स्तर पर आयोजित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास व उन्नतिशील सोच से भरे बच्चे ही देश, प्रदेश व ज़िला का विकास सुनिश्चित बना सकते हैं।

आरएस बाली ने द लॉरेंस स्कूल सनावर द्वारा आयोजित आई कैन कॉन्फ्रेंस 'लीडरशिप विद हार्ट' कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास में निखार लाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उपमंडलाधिकारी कसौली महेंद्र प्रताप सिंह, द लॉरेंस स्कूल सनावर के मुख्य अध्यापक हिम्मत सिंह ढिल्लों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।



आई कैन कॉन्फ्रेंस 'लीडरशिप विद हार्ट' कार्यक्रम में पहुंचे आरएस बाली। अनंत ज्ञान

## मध्यस्थता से करवाएं मामलों का निपटारा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन आकांक्षा डोगरा ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व मध्यस्थता और सुलह परियोजना समिति के मार्गदर्शन में मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0 अभियान चलाया गया है। जिसका लाभ उठाने के लिए 31 मार्च, 2026 तक संबंधित अदालतों में आवेदन किया जा सकता है। आकांक्षा डोगरा ने कहा कि यह अभियान सोलन जिला के जिला न्यायालयों और अधीनस्थ न्यायालयों में चलाया जा रहा है। इसमें विवाह संबंधित पारिवारिक विवाद, मोटर वाहन चालान मामले, घरेलू हिंसा मामले, चैक बाउंस मामले, वाणिज्यिक विवाद, सेवा मामले, समझौता योग्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, श्रण वसूली के मामले, विभाजन व बेदखली के मुकद्दमे, भूमि अधिग्रहण मामले और अन्य उपयुक्त नागरिक मामलों का निपटारा किया जाएगा।

## प्रदेश शिक्षा बोर्ड की परीक्षा का बहिष्कार करेगा प्रवक्ता संघ



बैठक में उपस्थित संघ के सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न लागू करने को लेकर प्रदेश प्रवक्ता संघ जिला सोलन की आम सभा रविवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुबाथू आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष जयलाल जलपाइक ने की। इसमें प्रदेश प्रवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय नेगी और वरिष्ठ सलाहकार चंद्रदेव ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। महासचिव हेमंत शर्मा ने कहा कि बैठक में शिक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे परिवर्तनों व त्रुटियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही प्रदेश के सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न लागू करने का विरोध किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी प्रदेश शिक्षा बोर्ड की परीक्षा का प्रदेश प्रवक्ता संघ जिला सोलन बहिष्कार करेगा। साथ ही इसके खिलाफ न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी। हालांकि पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संघ का राज्य के साथ पूर्ण सहयोग रहेगा।

◆ **सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पैटर्न लागू करने का विरोध**

### सिरमौर की पंचायतों में बजा चुनावी बिगुल, तैयारियां तेज

## दो नई पंचायतों और नए विकास खंडों से बदलेगा ग्रामीण सियासी समीकरण

अनंत ज्ञान

**नाहन।** मई माह में प्रस्तावित पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर जिला सिरमौर में तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार जिले की 261 पंचायतों में कुल 3,71,755 मतदाता अपने जनप्रतिनिधियों का चयन करेंगे। पहले पंचायतों की संख्या 259 थीं, लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित दो नई पंचायतों के गठन के बाद यह संख्या बढ़ गई है।

जिला पंचायत अधिकारी विक्रम ठाकुर तथा उपायुक्त प्रियंका वर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप चुनावी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। नई पंचायतों के गठन को लेकर सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं, जिसके बाद अंतिम अधिसूचना जारी होगी। जिले में पंचायतों की संख्या बढ़ने, नए विकास खंड बनने और मतदाता आधार के विस्तार के कारण इस बार पंचायत चुनावों में मुकाबला और अधिक रोचक होने की संभावना है।

### नई पंचायतें

**नई** पंचायतों में शिलाई विधानसभा क्षेत्र की बालीकोटि पंचायत से अलग होकर चामरा मोहराड़ तथा पांवटा साहिब क्षेत्र की सैनवाला मुबारकपुर पंचायत से अलग होकर टोक्यो पंचायत बनाई जा रही है।

### मतदाता

**पांवटा** साहिब विकास खंड में सर्वाधिक 97,166 मतदाता पंजीकृत हैं। इसके बाद शिलाई में 48,676, संगड़ाह में 44,895, नाहन में 44,347, पच्छाद में 40,346, राजगढ़ में 35,495, ददाहू में 30,631 तथा तिलोरधार में 30,189 मतदाता दर्ज किए गए हैं।




### नए विकास खंड

**वर्ष** 2021 के बाद दो नए विकास खंड शिलाई विधानसभा क्षेत्र के कमराऊ में तिलोरधार तथा श्रीरेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र के ददाहू में बने हैं।

***विकास खंडवार पंचायतों के वितरण में पांवटा साहिब सबसे बड़ा खंड बनकर उभरा है, जहां 49 पंचायतें शामिल हैं। शिलाई में 36 पंचायतें, पच्छाद में 34, राजगढ़ में 33, संगड़ाह क्षेत्र में 37, ददाहू में 25, नाहन में 24 तथा तिलोरधार में 23 पंचायतें शामिल हैं।***

## राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल का पूर्व छात्र शौर्य चक्र से सम्मानित

**प्रेम कुमार, कंडाघाट।** देश के पहले राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल के पूर्व छात्र कैप्टन योगेंद्र सिंह ठाकुर 6वीं बटालियन, द पैराशूट रेजिमेंट स्पेशल फोर्सेस को अद्वितीय साहस, असाधारण वीरता एवं कर्तव्यपरायणता के लिए देश के प्रतिष्ठित सैन्य वीरता पुरस्कार शौर्य चक्र से सम्मानित किया है। कैप्टन योगेंद्र ने जनरल एरिया बसंतगढ़, जिला उधमपुर में आतंकवादी गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना पर 21 जुलाई 2025 को एक विशेष अभियान संचालित किया। 26 जुलाई 2025 को प्रातः संदिग्धों की पहचान होने पर कैप्टन ठाकुर ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए गोलीबारी के बीच अदम्य साहस का परिचय देते हुए आतंकवादियों को घेरकर मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद के एक कट्टर आतंकवादी को मार कर अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। स्कूल प्रधानाचार्य विमल कुमार गंगवाल जैन ने बताया कि वह स्कूल में कैडिट संख्या 3869 के मुताबिक पूर्व छात्र रहे हैं।

**श्री रेणुकाजी विस क्षेत्र** संसदीय चुनाव में बढ़त, पर विस चुनाव में हाथ से फिसलता है यही क्षेत्र

## उम्मीदवार चयन या कोई और है भाजपा की हार की वजह

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** सिरमौर जिला की श्री रेणुका जी विधानसभा सीट वर्षों से भाजपा के लिए एक राजनीतिक पहेली बनी हुई है। संसदीय चुनावों में मजबूत बढ़त दिलाने वाला यही क्षेत्र जब विधानसभा चुनाव आता है तो पार्टी के हाथ से फिसल जाता है। संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक आधार और स्थायी जनसमर्थन के बावजूद बार-बार हार का कारण विरोधी लहर नहीं, बल्कि रणनीतिक चूकें, टिकट चयन और क्षेत्रीय संतुलन की अनदेखी मानी जाती रही हैं। 2027 के चुनाव नजदीक आते ही इस सीट को लेकर पार्टी के भीतर मंथन तेज है।

इस विधानसभा क्षेत्र की राजनीतिक संरचना चार प्रमुख भौगोलिक बेल्टों में बंटी हुई है और यही विभाजन चुनावी परिणामों को प्रभावित करता है। महल क्षेत्र की 8 पंचायतों और नौहराधार क्षेत्र की 16 पंचायतों में वर्ष 2002 से भाजपा लगातार बढ़त बनाती रही है।

धारटी धार क्षेत्र की 8 पंचायतों में मुकाबला संतुलित रहता है। इसके विपरीत संगड़ाह क्षेत्र की 23 पंचायतें कांग्रेस का मजबूत गढ़ मानी जाती हैं। यही वह बिंदु है जहां भाजपा की रणनीति बार-बार उलझती रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी ने अकसर उन्हीं पंचायतों में सेंध लगाने की रणनीति बनाई जहां कांग्रेस पहले से मजबूत रही।

### भाजपा केवल संगड़ाह तक ही सीमित

**स्थानीय** राजनीतिक चर्चाओं में यह भावना भी उभरकर सामने आती रही है कि उम्मीदवार चयन बार-बार संगड़ाह क्षेत्र तक सीमित रहा, जबकि ऊपरी रेणुका और धारटी बेल्ट के मतदाताओं को प्रतिनिधित्व से वंचित होने का एहसास हुआ। विनय कुमार की मजबूत पंचायतों को छोड़ दें तो शेष क्षेत्रों में लंबे समय से यह सवाल उठता रहा है कि नेतृत्व एक ही भौगोलिक क्षेत्र तक क्यों सीमित रहे।

### उम्मीदवार ऐसा.... जिसकी पकड़ ऊपरी रेणुका धारटी बेल्ट में हो, तो बदलेंगे चुनावी समीकरण

**राजनीतिक** समीकरणों पर नजर रखने वाले स्थानीय रणनीतिकार मानते हैं कि यदि ऐसा उम्मीदवार सामने आता है, जिसकी पकड़ ऊपरी रेणुका क्षेत्र और धारटी बेल्ट दोनों में हो, तो चुनावी समीकरण बदल सकते हैं। धारटी, महल और नौहराधार क्षेत्र की मिलकर एक मजबूत आधार तैयार करती हैं, जो संगड़ाह क्षेत्र की बढ़त को संतुलित करने की क्षमता रखता है।

### आरएसएस पृष्ठभूमि का चेहरा बन सकता है गेम चेंजर

**भाजपा** के भीतर चर्चा में चल रहा एक संभावित चेहरा, जिसकी पृष्ठभूमि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी बताई जाती है। इस संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संगठनात्मक अनुभव, वैचारिक स्वीकार्यता और जमीनी संपर्क का संयोजन उसे अन्य संभावित दावेदारों से अलग पहचान देता है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि ऐसा चेहरा क्षेत्रीय असंतुलन की धारणा समाप्त कर सकता है और ऊपरी क्षेत्र, धारटी बेल्ट तथा पारंपरिक भाजपा समर्थक पंचायतों को एकजुट करने में सक्षम हो सकता है।

# मेक्सिको में सेना ने सबसे बड़े ड्रग माफिया को मार गिराया

**एजेंसी, मेक्सिको**



**मेक्सिको** में सेना ने एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। इसके बाद देशभर में आगजनी और हिंसा शुरू हो गई है। मेंचो के समर्थकों ने बदला लेने के लिए हाईवे को जाम कर दिया है और गाड़ियों में तोड़फोड़ कर रहे हैं। तलपला शहर में सेना के ऑपरेशन के दौरान वह घायल हो गया था। उसे एयरलिफ्ट कर मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में मेंचो के अलावा कम से कम और 9 अपराधी भी मारे गए हैं।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक एल मेंचो, जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल का लीडर था। जलिस्को कार्टेल मेक्सिको में ड्रग्स बनाने और बेचने, स्थानीय कारोबारियों से वसूली करने और कई इलाकों में लोगों को डराकर रखने के लिए कुख्यात रहा है। इस कार्टेल की मौजूदगी अमेरिका के 50 राज्यों में है। अमेरिकी सरकार ने अल मेंचो के ऊपर 136 करोड़ रुपए का इनाम रखा था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप काफी समय से मेक्सिको पर एल मेंचो पर एक्शन लेने का दबाव बना रहे थे। वहीं, मेक्सिको के एक पेट्रोल पंप को कार्टेल ग्रुप के समर्थक ने अपने कब्जे में ले लिया, फिर पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। हिंसक प्रदर्शन में एक बस पूरी तरह जल कर खाक हो गई। मेक्सिको में पहले भी जब किसी बड़े कार्टेल नेता को पकड़ा गया या मारा गया है, तब सरकार और कार्टेल के बीच हिंसक टकराव हुआ है। कई बार गिरोह के अंदर ही सत्ता की लड़ाई छिड़ जाती है, जिससे हालात और बिगड़ जाते हैं। 2019 में जब अल चापो के बेटे ओविदियो गुजमान को पकड़ा गया था, तब उसके गुर्गों ने कुलियाकान शहर को घंटों तक बंधक बना लिया था और सरकार को उसे छोड़ना पड़ा था। (अनंत ज्ञान)

# सोना तीन हजार रुपए महंगा

## चांदी भी 15 हजार महंगी होकर 2.65 लाख रुपए किलो हुई

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सोने**-चांदी के दाम में सोमवार को तेजी दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 3,362 रुपए बढ़कर 1,58,428 रुपए पहुंच गया है। इससे पहले यह 1,55,066 रुपए पर था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 15,236 रुपए बढ़कर 2,65,550 रुपए पर आ गई है। कल इसकी कीमत 2,50,314 रुपए किलो थी।

एक्सपर्ट्स के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने-चांदी कीमतें और बढ़ सकती हैं। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 25,000 रुपए और चांदी 35,000 रुपए महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई भी बनाया था। 2025 में सोना 57 हजार रुपए (75%) बढ़ा है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76 हजार रुपए था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1.33 लाख रुपए हो गया। चांदी इस दौरान 1.44 लाख (167%) बढ़ी। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी 86 हजार रुपए की थी, जो साल के आखिरी दिन 2.30 लाख रुपए प्रति किलो हो गई। इन्वेस्टमेंट बैंकिंग कंपनी यूबीएस के अनुसार सोने की मांग में तेजी बनी हुई है। 2025 में दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों ने 863 टन सोना खरीदा था। अब अनुमान है कि 2026 में यह खरीदारी बढ़कर 950 टन तक पहुंच सकती है। इसके साथ ही, गोल्ड ईटीएफ में निवेश भी बढ़कर 825 टन होने की उम्मीद है।

# पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के मतदाताओं को लिखा पत्र

## अवैध घुसपैठ और महिला सुरक्षा समेत उठाए कई मुद्दे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के नागरिकों के नाम हिंदी और बांग्ला भाषा में एक खुला पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने सीएए का जिक्र करते हुए घुसपैठ पर लगाम, राज्य के विकास, कानून-व्यवस्था और कल्याणकारी योजनाओं के मुद्दों पर अपनी बात रखी है।

पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री ने पत्र की शुरुआत जय मां काली के जयकारे के साथ की। उन्होंने लिखा कि अब बस कुछ ही महीने में पश्चिम बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जाएगा। आने वाली पीढ़ी का भविष्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह आपके सोचे-समझे फैसले पर निर्भर करता है। मेरे सोनार बंगाल के सपने देखने वाला हर एक जवान, बूढ़ा और महिलाएं आज बहुत पीड़ा में हैं। उनकी पीड़ा से आज मेरा हृदय भी व्यथित है। इसलिए, मैंने मन की गहराइयों से एक संकल्प लिया है, पश्चिम बंगाल को 'विकसित' और समृद्ध बनाने का संकल्प। उन्होंने लिखा कि पिछले 11 वर्षों में देशवासियों के आशीर्वाद को ताकत बनाकर मेरी सरकार ने जनकल्याण और समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। किसानों के कल्याण से लेकर युवाओं के सपनों को साकार करने तक, और मातृशक्ति के सशक्तिकरण से लेकर समाज के हर वर्ग तक, हमारी नीतियों और निरंतर प्रयासों के सकारात्मक परिणाम आज साफ दिखाई दे रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# नासा का चंद्र रॉकेट फिर हैंगर लौटेगा, अप्रैल तक उड़ान टली

**एजेंसी, केप कैनवेरल।** नासा अपने विशाल चंद्र रॉकेट को अंतरिक्ष यात्रियों के सवार होने से पहले और मरम्मत के लिए इस सप्ताह फिर से हैंगर में वापस लाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, अप्रैल तक उड़ान स्थगित रहेगी। मौसम अनुकूल रहने पर मंगलवार को केनेडी स्पेस सेंटर के परिसर में रॉकेट को वापस ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। नासा ने वीरवार को खतरनाक हाइड्रोजन ईंधन रिसाव को बंद करने के लिए दोबारा जांच की थी। इसी दौरान रॉकेट की हीलियम प्रणाली में खराबी आ गई, जिससे आधी सदी से अधिक समय बाद अंतरिक्ष यात्रियों की पहली चंद्र यात्रा और टल गई।

इंजीनियरों ने हाइड्रोजन रिसाव पर काबू पा लिया था और प्रक्षेपण के लिए छह मार्च की तिथि तय की। प्रक्षेपण में एक माह का विलंब पहले ही हो चुका है। अचानक हीलियम प्रणाली में बाधा उत्पन्न हो गई, जिससे रॉकेट के ऊपरी चरण तक हीलियम का प्रवाह बाधित हुआ। इंजनों को शुद्ध करने और ईंधन टैंकों में दबाव बनाए रखने के लिए हीलियम आवश्यक होती है। नासा ने कहा कि समस्या के कारण का पता लगाने और उसे ठीक करने के लिए रॉकेट को केनेडी के 'व्हीकल असेंबली बिल्डिंग' में वापस ले जाना आवश्यक है। एजेंसी ने कहा कि अप्रैल में प्रक्षेपण के प्रयास के लिए तैयारियां की जा रही हैं, हालांकि यह मरम्मत की प्रगति पर निर्भर करेगा। (अनंत ज्ञान)

## तिरुपति लड्डू विवाद

# सुप्रीम कोर्ट ने की सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका खारिज

## सीजेआई की पीठ ने कहा- पर्याप्त आधार नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**तिरुपति** के तिरुमला मंदिर में प्रसादम लड्डू बनाने में इस्तेमाल घी में कथित मिलावट मामले से जुड़ी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका खारिज कर दी है।

स्वामी ने आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से एसआईटी रिपोर्ट की जांच के लिए एक सदस्यीय समिति गठित करने के फैसले को चुनौती दी थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने याचिका को पर्याप्त आधार के अभाव में खारिज करते हुए कहा कि राज्य सरकार की ओर से गठित एक सदस्यीय समिति की प्रशासनिक जांच आपराधिक कार्यवाही से ओवरलैप नहीं करेगी, क्योंकि दोनों की जांच का दायरा स्पष्ट रूप से अलग-अलग निर्धारित है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि प्रशासनिक जांच और चार्जशीट से संबंधित आपराधिक प्रक्रिया में किसी तरह का टकराव या हितों का टकराव नहीं है। ऐसे में दोनों प्रक्रियाएं कानून के अनुसार समानांतर रूप से चल सकती हैं। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जांच और पूछताछ के दायरे को स्पष्ट रूप से तय किया गया है, इसलिए कार्यवाही के ओवरलैप होने की आशंका नहीं बनती। बता दें कि एसआईटी की जांच में सामने आया है कि भगवान वेंकटेश्वर मंदिर को घी बताकर जो सामान बेचा गया, वह असल में केमिकल से प्रोसेस किया हुआ पामोलिन तेल और अन्य चीजें थीं। अब ईडी यह पता लगाएगी कि आरोपियों ने मिलावटी घी बेचकर पैसे कैसे कमाया। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स में 480 अंक और निफ्टी में 142 अंकों की तेजी

**एजेंसी, मुंबई**



**सेंसेक्स** में सोमवार को तेजी रही और 480 अंक (0.58%) चढ़कर 83,295 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 142 अंक (0.55%) की तेजी रही। ये 25,713 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में ऑटो और बैंकों के शेयरों में खरीदारी रही। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के शेयर 16% गिरकर 70.09 रुपए पर आ गए है। चंडीगढ़ की एक ब्रांच में करीब 590 करोड़ रुपए का फर्जीवाड़ा सामने आया है जिस कारण शेयर गिरे हैं।

वहीं, एम्परर्स बर्थडे की वजह से जापान का निक्केई इंडेक्स आज बंद है। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.65% चढ़कर 5,846 के स्तर पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 2.53% चढ़कर 27,082 पर बंद हुआ। वहीं, डाउ जोन्स 230 अंक (0.47%) चढ़कर 49,625 पर बंद हुआ। टेक बेस्ड इंडेक्स नैस्डैक कंपोजिट 0.90% चढ़कर 22,886 पर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों ने 20 फरवरी को 934 करोड़ रुपए के शेयर बेचे थे। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2637 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस अपना इनिशियल पब्लिक ऑफर आज से खुल गया है। निवेशक 25 फरवरी तक इसमें बोली लगा सकेंगे।

कंपनी इस आईपीओ के जरिए 3,100 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। कंपनी इस इश्यू के जरिए फ्रेश शेयर और ऑफर फॉर सेल दोनों लेकर आ रही है। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिकी शुल्क में बदलाव के असर पर टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगी: वित्त मंत्री



**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की निर्मला सीतारमण ने कहा कि अमेरिकी शुल्क में किए गए बदलावों के प्रभाव पर बात करना अभी जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय इस स्थिति की समीक्षा कर रहा है। नई दिल्ली में प्रेस को संबोधित करते हुए सीतारमण ने अमेरिकी टैरिफ पर कहा कि भारत का व्यापार समझौतों के प्रति स्पष्ट रुख है। वह ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कतर, ओमान, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के साथ समझौते कर चुका है। उन्होंने कहा कि देशों के साथ व्यापार समझौते करने का हमारा प्रयास जारी रहेगा। सीतारमण ने साथ ही कहा कि भारत चाहता है कि उसकी अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर व्यापार करने और वैश्विक बाजारों तक पहुंच बनाने का लाभ मिले। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोना की कीमत में उछाल के बारे में सवाल पर कहा कि मार्केट से आने वाला सारा सोना आयात किया जाता है। इस देश में कीमती धातुओं पर निर्भरता बहुत ज्यादा बाहर से ही है। हमारे पास सोना खोजने और निकालने का अपना कोई सोर्स नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि इसके लिए कदम उठाए जा रहे हैं, लेकिन हमारी डिमांड पूरी करने के लिए काफी नहीं हैं। हमारे घरेलू खपत के लिए सोने और चांदी की कीमतों में ग्लोबल बढ़ोतरी के कारण असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि आज अधिकांश देश खासकर उनके सेंट्रल बैंक, सोना और चांदी खरीद रहे हैं और उन्हें स्टोर कर रहे हैं, लेकिन अब यह उछाल काफी हद तक सेंट्रल बैंकों के खरीदने और स्टोर करने की वजह से है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### जैक फेंट को नन्हे मनके स्कूल में किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, मोहाली।** नन्हे मनके और पैरागॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-69, मोहाली मिस्टर जैक फेंट को अपने स्कूल में वापस बुलाकर सम्मानित और विनम्र महसूस कर रहे हैं। इस इवेंट में मेजर जनरल मोहन सिंह गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर शामिल हुए, जिससे इस मौके को बहुत सम्मान और प्रोत्साहन मिला। जैक फेंट एक ब्रिटिश अल्ट्रा-रनर हैं, जो ब्रेन ट्यूमर के साथ रहे हैं, और उन्होंने भारत की लंबाई तक दौड़ने का अपना ऐतिहासिक मिशन पूरा कर लिया है। जैक ने कैंसर और हेल्दी लाइफस्टाइल के बारे में जागरूकता फैलाने के मिशन के साथ लेह से शुरू होकर कन्याकुमारी में खत्म होने वाले 74 दिनों में 4,788.9 किलोमीटर दौड़ लगाई। उनकी प्रेरणा देने वाली यात्रा न सिर्फ़ सहनशक्ति का टेस्ट है, बल्कि कैंसर और जानलेवा बीमारियों से लड़ रहे लाखों लोगों के लिए उम्मीद और हिम्मत का संदेश भी है। जागरूकता फैलाने व फिटनेस को बढ़ावा देने के अपने मिशन को जारी रखते हुए, जैक ने मोहाली मैराथन 2026-एक खास बैसाखी रन-को भी प्रमोट किया, जो 12 अप्रैल को होने जा रहा है। इस पहल ने हिस्सा लेने वालों और कम्युनिटी को हेल्थ व सोशल कामों के प्रति उनके शानदार जोश व लगन से प्रेरित किया। यह आरआईबीसीएनएम वेंचर्स और पैरागॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की मिली-जुली पहल है।

### धर्म सिंह रोहिला चेयरमैन, रोहताश बने प्रधान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** रोहिला सभा चंडीगढ़ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से धर्म सिंह रोहिला (बलटाना) को चेयरमैन नियुक्त किया गया। रोहताश रोहिला (सेक्टर-19, पंचकूला) को प्रधान, मनोज कुमार रोहिला, एडवोकेट, चंडीगढ़ (फेज-6, मोहाली) को उपप्रधान, अजमेर सिंह रोहिला (ढकोली) को महासचिव तथा संजय रोहिला (सेक्टर-41, चंडीगढ़) को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभा के सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए समाजहित में सक्रिय रूप से कार्य करने का विश्वास व्यक्त किया।

# एनएचपीसी ने फरीदाबाद में धूमधाम से मनाया 'बसंत उत्सव'



**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** एनएचपीसी, भारत की 100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी, ने अपने आवासीय परिसर, फरीदाबाद में 'बसंत उत्सव 2026' बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी और शिखा गुप्ता, अध्यक्षा, एनएचपीसी महिला कल्याण समिति ने उत्सव का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं), सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (तकनीकी), और एनएचपीसी महिला कल्याण समिति की सदस्याएं मोना लाल, गरिमा सिंह और सोमा अधिकारी भी उपस्थित रहीं। भूपेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में वसंत ऋतु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह ऋतु जीवन में नई ऊर्जा, उमंग व आशा का संचार करती है। उन्होंने एनएचपीसी की निर्माणाधीन परियोजनाओं, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। उत्सव में मथुरा के स्थानीय कलाकारों द्वारा लोकगीत-संगीत और लोकनृत्य का मनोरम प्रदर्शन हुआ। इसके अतिरिक्त, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश और असम जैसे राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एनएचपीसी पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा स्टॉल लगाए गए।

# रिश्वतखोरी के मामले में सब इंस्पेक्टर को चार साल कैद

**चंडीगढ़।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश खत्री सौरभ की अदालत ने रिश्वतखोरी के एक मामले में सब इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह को चार साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने 40 हजार रुपए रिश्वत लेने के मामले में सोमवार को यह फैसला सुनाया। इस संबंध में एंटी करप्शन ब्यूरो ने 29 जून, 2021 को शिकायत के आधार पर विजेंद्र सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया था। शिकायत में पंजाब के मानसा जिले के काहनेवाला निवासी धर्मपाल ने खेतीबाड़ी करते हैं। धर्मपाल ने आरोप लगाया था कि मानसा के सरदूलगढ़ निवासी धीरज कुमार उर्फ धीरु के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज था। धीरु उस समय हिसार जेल में बंद था। धर्मपाल ने बताया कि उनके खेत में मजदूरी करने वाले विजय कुमार को क्राइम ब्रांच हिसार के सब इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह ने पूछताछ के लिए बुलाया था। इसके बाद एसआई विजेंद्र सिंह ने धर्मपाल को धमकी दी कि वह धोखाधड़ी के मुकदमे में उसका नाम डाल देगा और बचने के लिए दो लाख रुपए की मांग की।

# पलहेड़ी में दो ओपन जिम का किया उद्घाटन

## युवाओं के लिए फिटनेस सुविधाएं, ग्रामीणों के लिए बेहतर आवागमन : कंग

**अनंत ज्ञान**



**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** मालविंदर सिंह कंग (सांसद, लोकसभा आनंदपुर साहिब संसदीय क्षेत्र) ने जिला मोहाली के गांव पलहेड़ी में गांव की फिरनी और ओपन जिम का उद्घाटन किया, जबकि गांव मछली कलां में भी ओपन का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर सांसद मालविंदर सिंह कंग ने बताया कि गांव पलहेड़ी में 1823 फुट लंबी फिरनी के निर्माण पर मनरेगा व पंचायत फंदों के तहत लगभग 26 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। इससे ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी और गांव का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा। इसके साथ ही उन्होंने गांव मस्तगढ़ के लिए तीन लाख रुपए की लागत से पानी का टैंकर भी उपलब्ध करवाया। इसके अतिरिक्त उन्होंने गांव रुड़की खाम में कच्ची नदी पर बने पुल का निरीक्षण भी किया, जो पिछले आई बाढ़ के दौरान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। ग्रामीणों की आवाजाही में आ रही समस्याओं को देखते हुए उन्होंने आश्वासन दिया कि पुल का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सांसद निधि (एमपीएलैड) फंड से गांव पलहेड़ी और मछली कलां में कुल 6 लाख रुपए की लागत से ओपन जिम स्थापित किए गए हैं।

इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक गांव में सांसद निधि से योगदान दिया जा रहा है, ताकि बुनियादी जरूरतें जैसे श्मशान घाट, धर्मशाला, जिम, फ्लड लाइटें और खेल मैदान विकसित किए जा सकें। उन्होंने कहा कि हर गांव में अपना जिम हो और बुजुर्गों के लिए पार्क विकसित किए जाएं। इन ओपन जिमों की स्थापना से युवाओं और अन्य ग्रामीणों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरणा मिलेगी तथा खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी। सांसद कंग ने कहा कि सांसद निधि के फंड की पारदर्शी और उचित उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है तथा क्षेत्र के हर गांव में आवश्यकता के अनुसार विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, गांवों के सरपंच, पंचायत सदस्य और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# पारस हेल्थ ने बुजुर्ग महिला में दुर्लभ व आक्रामक थायरॉइड कैंसर का सफल हाईरिस्क ऑपरेशन किया

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** गंभीर और जटिल कैंसर मामलों के उपचार में विशेषज्ञता का परिचय देते हुए पारस हेल्थ पंचकूला ने एक बुजुर्ग महिला मरीज में दुर्लभ और अत्यंत आक्रामक थायरॉइड कैंसर का सफलतापूर्वक हाई-रिस्क ऑपरेशन किया। सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. राजन साहू के नेतृत्व में यह मामला न केवल चिकित्सीय कौशल का उदाहरण है, बल्कि आमजन के लिए थायरॉइड कैंसर के लक्षणों को लेकर जागरूक रहने का महत्वपूर्ण संदेश भी देता है।



मरीज को गर्दन में तेजी से बढ़ती सूजन व सांस लेने में लगातार बढ़ती परेशानी के साथ अस्पताल लाया गया था। जांच में पाया गया कि ट्यूमर वॉइस बॉक्स (लैरिंक्स) और विंडपाइप (ट्रेकिया) जैसे महत्वपूर्ण वायुमार्ग अंगों तक फैल चुका था। अस्पताल में भर्ती के दौरान उनकी स्थिति अचानक बिगड़ गई और ऑक्सीजन स्तर गंभीर रूप से गिर गया। तत्काल उन्हें आईसीयू में शिफ्ट कर आपातकालीन इंट्यूबेशन किया गया, जिससे उनकी सांस सुरक्षित की जा सकी। डॉ. राजन साहू ने बताया कि उनकी अगुवाई में विस्तृत जांच और मल्टी-डिसिप्लिनरी योजना के बाद सर्जिकल ऑन्कोलॉजी टीम ने जटिल सर्जरी को अंजाम दिया।

इस प्रक्रिया में थायरॉइड ग्रंथि को पूरी तरह निकालना, प्रभावित लैरिंक्स को हटाना तथा श्वास नली के क्षतिग्रस्त हिस्से को सर्जरी द्वारा निकालना शामिल था। ऑपरेशन के बाद सुरक्षित श्वास के लिए स्थायी ट्रेकियोस्टॉमी की गई। सर्जरी विशेषज्ञों की टीम द्वारा एनेस्थीसिया, क्रिटिकल केयर और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी विभाग के समन्वय से संपन्न हुई। ऑपरेशन के बाद मरीज को आईसीयू में विशेष निगरानी में रखा गया। रिकवरी को बेहतर बनाने और संरचनात्मक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए रिकंस्ट्रक्टिव फ्लैप सर्जरी भी की गई। अंतिम बायोप्सी रिपोर्ट में एनाप्लास्टिक थायरॉइड कार्सिनोमा की पुष्टि हुई, जो थायरॉइड कैंसर का अत्यंत दुर्लभ और तेजी से फैलने वाला रूप है।

## विरोध — अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को धूमिल करने का यह कृत्य अत्यंत निंदनीय

# भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश महिला मोर्चा द्वारा एआई समिट के दौरान नग्नता का प्रदर्शन कर देश की गरिमा को ठेस पहुंचाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जोरदार रोष प्रदर्शन किया गया।

महिला मोर्चा की अध्यक्ष हीरा नेगी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय सेक्टर 33 कमलम से रोष मार्च निकालते हुए सेक्टर 35 स्थित कांग्रेस भवन की ओर कूच किया। रोष मार्च जैसे ही कांग्रेस भवन के निकट पहुंचा, उससे पहले आकाशवाणी केंद्र के पास पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेड लगाकर सभी महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं को रोक दिया गया। पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स के कारण कार्यकर्ताओं को वहीं रोक दिया गया। इसके बाद महिला मोर्चा की पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने वहीं धरना देते हुए कांग्रेस के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा। महिला मोर्चा की अध्यक्ष हीरा नेगी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को धूमिल करने का यह कृत्य अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की मौन स्वीकृति व गैरजिम्मेदाराना रवैये के कारण इस प्रकार की घटनाएं सामने आती हैं, जिससे देश की संस्कृति, मर्यादा और सम्मान को ठेस पहुंचती है। उन्होंने कहा कि भारत एक सांस्कृतिक राष्ट्र है, जहां नारी सम्मान और सभ्यता सर्वोपरि मानी जाती है, लेकिन कांग्रेस से जुड़े तत्वों द्वारा इस प्रकार की हरकतें देश को शर्मसार करने वाली हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की संयोजक फार्मिला रहीं। इस अवसर पर चंद्रावती शुक्ला, जिला अध्यक्ष राजेंद्र कौर रतू, जिला उपाध्यक्ष अनीता जोशी, जिलाध्यक्ष रितु सूद तथा जिला अध्यक्ष रेखा सूद सहित महिला मोर्चा की अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और प्रदर्शन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रामवीर भट्टी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा में राष्ट्र सर्वोपरि है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब देशहित का प्रश्न आया था, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव की सरकार के समय अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का पक्ष रखने की आवश्यकता थी। उस समय नेता प्रतिपक्ष रहे अटल बिहारी वाजपेई को जिनेवा भेजा गया और उन्होंने बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के केवल राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए वहां भारत का पक्ष मजबूती से रखा, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी। उन्होंने कहा कि यही अंतर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के नेताओं की सोच में है।

# अफ्रीकी स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक रैंप वॉक प्रस्तुत कर मोहा मन

**अनंत ज्ञान**



**गुरनाम सागर, मोहाली।** ज्ञान ज्योति इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, फेज-2 के ऑडिटोरियम में वार्षिक अफ्रीकन स्टूडेंट्स मीट 2026 का भव्य आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम सांस्कृतिक विविधता, वैश्विक मित्रता व शैक्षणिक सहयोग को समर्पित रहा। इस अवसर ने भारत और अफ्रीका के मजबूत संबंधों तथा विद्यार्थियों के आपसी प्रेम और एकता की सुंदर झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ एकता व ज्ञान के प्रतीक के रूप में दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर यूगांडा हाई कमीशन के एजुकेशन अटैचे बलुन्यवा बेकर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि घाना हाई कमीशन के व्यापार, पर्यटन व संस्कृति विभाग के प्रथम सचिव कोनराड नाना कोजो असीदू विशिष्टातिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान अफ्रीकी विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक रैंप वॉक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। समूह नृत्य, एकल गायन और काव्य पाठ के माध्यम से अफ्रीका की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के बीच आयोजित मैत्रीपूर्ण खेल प्रतियोगिताओं ने उत्साह का वातावरण बना दिया, जिनके विजेताओं को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अनीत बेदी ने कहा कि परिसर विभिन्न संस्कृतियों के समागम और संवाद से समृद्ध होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन साझा परंपराओं, आपसी सम्मान और उन मित्रताओं का उत्सव हैं जो एक सच्चे वैश्विक शिक्षण वातावरण का निर्माण करती हैं। कार्यक्रम का समापन अतिथियों और विद्यार्थियों के बीच संवाद सत्र तथा सामूहिक दोपहर भोज के साथ हुआ, जिससे आपसी संबंध और भी मजबूत हुए।

